e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 59

# प्रभात मंत्र

**सुविचार**
इस जीवन से बहुत कुछ मांगने वालों को कुछ भी नहीं मिलता, लेकिन इस जीवन को कुछ देने वालों को बहुत कुछ मिल जाता है।

गुरुवार
29.02.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

### झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

# झारखंड मेरा घर जैसा : राष्ट्रपति



*** राष्ट्रपति ने तीन छात्र को चांसलर मेडल, 58 को गोल्ड मेडल और 29 को पीएचडी की डिग्री दी**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने झारखंड सेंट्रल यूनिवर्सिटी परिसर में बुधवार को आयोजित तीसरे दीक्षांत समारोह में कहा कि युवा इस देश के सबसे बड़े प्राकृतिक संसाधन हैं। आबादी में 55 प्रतिशत से अधिक युवा वर्ग के ही हैं। वर्ष 2030 तक दुनिया में हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाले हैं।मुर्मू ने कहा कि 2047 तक शिक्षित और समृद्ध भारत बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए अनुकूल परिस्थितियों को बनाना होगा। ऐसे में यहां के जिन युवाओं को पढ़ाई के बाद मेडल मिला है, वे अपने लिए अच्छा जीवन का निर्माण ही नहीं, देश और समाज के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। विश्व गुरु बनने के सपने को पूरा करने और आने वाली पीढ़ी को इसका लाभ देने के लिए यह जरूरी है कि युवा जिस क्षेत्र में कार्यरत हों, समृद्ध और विकसित भारत के निर्माण के लिए काम करें। मुर्मू ने कहा कि राष्ट्रपति भवन में पद्म पुरस्कार प्रदान करते समय व शिक्षण संस्थानों के दीक्षांत समारोहों में विभिन्न सेवाओं के प्रशिक्षु अधिकारियों से मिलते समय मुझे अहसास होता है कि आज हमारी महिलाएं और बेटियां सभी क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही हैं। मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि आज स्वर्ण पदक प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों में हमारी बेटियों की संख्या लगभग 50 प्रतिशत है। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली बेटियों को मैं विशेष रूप से शुभाशीष देती हूं। प्रत्येक बाधा एवं अवरोध को पार करके आपके द्वारा प्राप्त की गई सफलता, हमारे समाज के लिए तथा सुनहरे भविष्य का सपना संजोने वाली हर बेटी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। मुर्मू कहा कि झारखंड केन्द्रीय विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित शिक्षा पद्धति को अपनाया है। मुझे यह जानकर खुशी हुई है कि इस संस्थान द्वारा स्थानीय भाषा, साहित्य एवं संगीत की सांस्कृतिक धरोहरों को सहेजने एवं बढ़ावा देने के लिए विशेष सेंटर्स बनाए गए हैं।
राष्ट्रपति ने कहा कि आदिवासी समाज के पास पारंपरिक ज्ञान का भंडार है। उनके जीवन शैली से हम सीख पाएं तो ग्लोबल वार्निंग की चुनौतियों से जूझ पाएंगे, उसे हरा सकेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड मेरा घर जैसा है।

### राष्ट्रपति ने छात्रों को प्रदान किया मेडल

राष्ट्रपति मुर्मू ने दीक्षांत समारोह में तीन विद्यार्थियों को चांसलर मेडल दिया। चांसलर मेडल पाने वाले स्टूडेंट्स में इंटीग्रेटेड एमटेक के शुभम भट्टाचार्य, एमटेक के उत्पल और एमएससी के अभिजीत गांगुली शामिल हैं।राष्ट्रपति ने दीक्षांत समारोह में 67 मेडल प्रदान किए, जिसमें 58 स्टूडेंट्स को गोल्ड मेडल मिला जबकि 29 को पीएचडी डिग्री प्रदान की गयी।
**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति:** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन एवं केंद्रीय राज्य शिक्षा मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी सहित विश्वविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## शिक्षा के स्तर को शिखर तक ले जाने के लिए सरकार कृत संकल्पित : चम्पाई सोरेन



**रांची :** सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि दीक्षांत समारोह में आप सभी के मध्य उपस्थित होना मेरे लिए विशेष गौरव का क्षण है। सर्वप्रथम मैं पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक समाप्त कर उपाधि पा रहे कुल 800 स्नातकों, परास्नातकों और शोधार्थियों को बधाई देता हूँ तथा चांसलर मेडल, गोल्ड मेडल और पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर रहे शिक्षार्थियों को विशेष बधाई देता हूं।कहा कि यह दीक्षांत समारोह आपके शैक्षिक विकास में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। आपके द्वारा अर्जित की गयी शिक्षा के उपरांत प्राप्त होने वाली यह उपाधि आपके कठोर परिश्रम और गहन समर्पण का परिणाम है। आप सबके लिए यह अवसर जितना महत्वपूर्ण है उतना ही आपके शिक्षकों, मार्गदर्शकों, और अभिभावकों के लिए भी यह गौरव का क्षण है। गर्व और प्रसन्नता के साथ यह उन चुनौतियों के लिए भी तैयार होने का समय है जो आपके सुखद भविष्य को आकार देगा। जैसा कि आप सभी को मालूम है कि ज्ञान से बड़ा कोई धन न है और न हो सकता है। इस ज्ञान के माध्यम से ही आप भौतिक सुख से आध्यात्मिक संतोष की यात्रा तय कर सकते हैं। राज्य में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के स्तर को शिखर तक ले जाने के लिए झारखण्ड राज्य सरकार कृत संकल्पित है। सीएम ने कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी है कि झारझंड राज्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू की जा चुकी है तथा राज्य के सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम अपनाया गया है तथा बहु-विषयक एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न आयामों का अनुपालन सुनिश्चित किया गया है।राज्य में उच्च स्तरीय शोध कार्य हेतु बुनियादी संरचना विकसित करने, नवाचार और स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने तथा शिक्षकों छात्रों की गुणवत्ता में उत्तरोत्तर वृद्धि हेतु कई योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है।केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 के तहत 1 मार्च 2009 को अस्तित्व में आया झारखंड का एकमात्र केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंडवासियों के लिए गौरव की बात है। मुझे यह ज्ञात है कि विश्वविद्यालय वर्तमान में दो परिसरों में परिचालित हो रहा है। अस्थायी परिसर ब्राम्बे, रांची और स्थायी परिसर चेरी-मनातू गाँव में स्थित है। स्थायी परिसर के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रथम चरण में 319 एकड़ गैरमजरुआ भूमि हस्तांतरित की गयी थी। इसके अतरिक्त राज्य सरकार ने 139 एकड़ रैयती भूमि का अधिग्रहण करके केंद्रीय विश्वविद्यालय, झारखण्ड को देने का निर्णय लिया है। इसमें से 15 एकड़ के अधिग्रहण हेतु लगभग 100 करोड़ की राशि का आवंटन किया जा चुका है।मुझे बताया गया है कि कुछ भूमि के अधिग्रहण में कतिपय समस्याएँ हो रही हैं, इन्हे राज्य सरकार के द्वारा शीघ्र ही दूर कर लिया जायेगा। विश्वविद्यालय में विद्युत आपूर्ति की निर्बाध व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु राज्य सरकार द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में विद्युत सब-स्टेशन का निर्माण किया जा चुका है। इस परिसर हेतु जलापूर्ति की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करने का कार्य भी राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है।

## जामताड़ा : ट्रेन से कटकर कई लोगों की मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : जामताड़ा जिला स्थित करमाटांड़ के कलाझारिया के पास ट्रेन की चपेट में आने से 12 लोगों की मौत की खबर है। मिल रही जानकारी के मुताबिक, अंग एक्सप्रेस में आग लगने की सूचना पर यात्री ट्रेन से कूद गये। इसी बीच सामने से आ रही झाझा-आसनसोल ट्रेन यात्रियों के ऊपर से गुजर गई। इस हादसे में 12 लोगों की मौत होने की सूचना है। कुछ लोगों के घायल होने की भी खबर है।मौके पर रेलवे प्रशासन, रेल पुलिस और स्थानीय प्रशासन पहुंच गई। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। अंधेरे की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन में देरी हुआ। जामताड़ा के डिप्टी कमिश्नर के अनुसार, जामताड़ा में कालाझरिया रेलवे स्टेशन पर एक ट्रेन यात्रियों पर चढ़ गई. कुछ लोगों की मौत की सूचना है. कितने लोगों की जान गई है ये बाद में कंफर्म हो पाएगा. मौके पर मेडिकल टीम और एम्बुलेंस पहुंच चुकी हैं. रेलवे की तरफ से जानकारी आ रही है कि चेन पुलिंग के की वजह से ट्रेन को रोका गया. ट्रेन के रुकते ही लोग उतर गए और कुछ लोग ट्रैक पार कर रहे थे. इतने में सामने वाली ट्रेन से टकरा गए. हालांकी अभी मरने वाले लोगों का आंकड़ा साफ नहीं हुआ है. एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया की इस हादसे में 3 लोगों की मौत हुई है, वहीं कई लोगों का सामाना बिखरा हुआ है.

**जामताड़ा के डिप्टी कमिश्नर के अनुसार, जामताड़ा में कालाझरिया रेलवे स्टेशन पर एक ट्रेन यात्रियों पर चढ़ गई. कुछ लोगों की मौत की सूचना है. कितने लोगों की जान गई है ये बाद में कंफर्म हो पाएगा. मौके पर मेडिकल टीम और एम्बुलेंस पहुंच चुकी हैं. रेलवे की तरफ से जानकारी आ रही है कि चेन पुलिंग के की वजह से ट्रेन को रोका गया. ट्रेन के रुकते ही लोग उतर गए और कुछ लोग ट्रैक पार कर रहे थे. इतने में सामने वाली ट्रेन से टकरा गए.**

## क्विक न्यूज

### बिल गेट्स ने भुवनेश्वर की झुग्गी बस्ती का किया दौरा

**नई दिल्ली :** माइक्रोसॉफ्ट के सह संस्थापक बिल गेट्स ने बुधवार को ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में मां मंगला झुग्गी बस्ती का दौरा किया। बिल गेट्स ने झुग्गीवासियों से उनके लिए उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं और सरकार की जगा मिशन योजना पर चर्चा की। उन्होंने राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ बीजू आदर्श कॉलोनी का भी दौरा किया। ओडिशा सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर कर लिखा कि बिल गेट्स ने झुग्गी बस्ती में रहने वाले लोगों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। गेट्स ने वहां काम करने वाले महिला स्वयंसहायता समूहों के सदस्यों के साथ भी बातचीत की। इस दौरान राज्य विकास आयुक्त अनु गर्ग ने बिल गेट्स को झुग्गीवासियों को भूमि अधिकार, नल के पानी का कनेक्शन, शौचालय और बिजली की आपूर्ति आदि सुविधा मिलने की जानकारी दी। उन्होंने झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्र को एक मॉडल कॉलोनी में बदलने पर खुशी व्यक्त की। दो दिवसीय भारत दौरे पर आए बिल गेट्स ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से मुलाकात करेंगे। गेट्स इस मुलाकात के दौरान कई मुद्दों पर बातचीत करेंगे।

### तीन किलो 798 ग्राम सांप का जहर जब्त, तीन गिरफ्तार

**सिलीगुड़ी :** कार्शियांग डिवीजन के बागडोगरा वन विभाग और वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो ने सिलीगुड़ी से तीन किलो 798 ग्राम सांप के जहरके साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों के नाम मोहम्मद शाहनवाज, तौहीद आलम और मोहम्मद अजमल है। तीनों तस्कर उत्तर दिनाजपुर के इस्लामपुर के रहने वाले है। कार्शियांग डिवीजन के बागडोगरा वन विभाग की तरफ से बुधवार बताया गया कि गुप्त सूचना पर बीती रात बिधाननगर के मुरलीगंज के महानंदा ब्रिज पर अभियान चलाकर एक चार पहिया वाहन और एक स्कूटी को जब्त किया गया। जब वाहन की तलाशी ली गई तो उससे बांग्लादेशी अखबार में लिपटे दो कांच के जार से तीन किलो 798 ग्राम सांप का जहर बरामद किया गया। जिसके तस्करी के आरोप में तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया। सांप के जहर को बांग्लादेश से भारत लाया गया था।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26° |
| न्युनतम | 12° |

## हेमंत सोरेन को बजट सत्र में भाग लेने की नहीं मिली अनुमति



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन बजट सत्र में भाग नहीं ले सकेंगे. इस मामले में झारखंड हाई कोर्ट ने हेमंत सोरेन के द्वारा दाखिल याचिका को खारिज कर दिया. सोमवार को दोनों पक्षों की ओर से सुनवाई पूरी होने के बाद इस मामले में कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था.जानकारी के मुताबिक बुधवार 28 फरवरी को न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने इस मामले में आदेश जारी कर दिया है. हेमंत सोरेन की ओर से पिछले दिनों रांची स्थित प्रवर्तन निदेशालय की विशेष अदालत के द्वारा दिए गए फैसले को चुनौती देते हुए झारखंड हाई कोर्ट में गुहार लगाई गई थी. इस मामले में झारखंड हाई कोर्ट में वर्चुअल मोड में वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने हेमंत सोरेन की ओर से पक्ष रखा था. वहीं, ईडी की ओर से एएसजीआई एसवी राजू ने पक्ष रखा था.हाई कोर्ट से पहले रांची स्थित प्रवर्तन निदेशालय की विशेष अदालत ने भी हेमंत सोरेन की याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में भाग लेने की अनुमति नहीं दी थी। बता दें कि झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू हो चुका है जो 2 मार्च तक चलेगा. हेमंत सोरेन की ओर से 29 फरवरी, 1 मार्च और 2 मार्च को बजट सत्र में शामिल होने के लिए कोर्ट से अनुमति मांगी गई थी.कोर्ट में ईडी की ओर से देश के विभिन्न राज्यों के उच्च न्यायालयों एवं सुप्रीम कोर्ट के द्वारा दिए गए कई केसों के फैसले का हवाला देते हुए हेमंत सोरेन को बजट सत्र के दौरान भाग लेने की अनुमति नहीं देने का आग्रह किया गया था.

# राज्य विद्युत नियामक आयोग ने बढ़ाई बिजली की दरें

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : राज्य विद्युत नियामक आयोग ने बिजली की नई दरें घोषित कर दी हैं। इसके तहत 7.66 प्रतिशत वृद्धि को मंजूरी दी गयी है। नयी दरें एक मार्च से लागू होंगी। इसके तहत शहरी घरेलू बिजली दर 6. 65 प्रति यूनिट, ग्रामीण घरेलू 6. 30 रुपये प्रति यूनिट, घरेलू एचटी 6.25 रुपये प्रति यूनिट की गयी है। व्यावसायिक ग्रामीण 6.10 और व्यावसायिक शहरी के लिए 6.65 रुपये प्रति यूनिट दर रखी गयी है।
फिक्सड चार्जेस में कुछ श्रेणी में वृद्धि की गयी है। घरेलू ग्रामीण के लिए 75 रुपये, घरेलू शहरी के लिए 100 रुपये, घरेलू एचटी के लिए 150 रुपये, व्यावसायिक ग्रामीण के लिए 120, व्यावसायिक शहरी के लिए 120 रुपये रखा गया है।वर्तमान शहरी घरेलू उपभोक्ताओं के लिए दर 6.30 रुपये प्रति यूनिट है। इसके पहले नियामक आयोग ने एक जून, 2023 को नयी बिजली दरें घोषित की थीं।



**ऑनलाइन या डिजिटल मोड के माध्यम से बिल भुगतान करने पर संपूर्ण बिल के अनुसार एक फीसदी की छूट दी जायेगी।**


झारखंड बिजली वितरण निगम की ओर से नियामक आयोग को सौंपे गये प्रस्ताव के अनुसार घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली दर प्रति यूनिट 2.30 रुपये बढ़ाने का प्रस्ताव दिया गया था। प्रस्ताव में फिक्स्ड चार्ज में भी भारी बढ़ोत्तरी की भी बात कही गयी थी। 400 यूनिट तक खपत करनेवाले उपभोक्ताओं की दर 7.60 रुपये प्रति यूनिट करने का प्रस्ताव था।नयी दरें घोषित होने के साथ ही बिजली की कई ऐसी सुविधाएं है जिनमें कुछ बदलाव किया गया है। कुछ सुविधाओं के पूर्ववत रखा गया है। बिजली दरों में वृद्धि होने से अलग-अलग श्रेणी के उपभोक्ताओं पर बोझ भी बढ़ा है। आयोग के अनुसार उपभोक्ता यदि उपभोक्ता बिलिंग के पांच दिनों के अंदर बिजली बिल भुगतान करता है तो उसे दो फीसदी की छूट मिलेगी। जेबीवीएनएल ने 39.71 प्रतिशत वृद्धि का प्रस्ताव दिया था। निगम ने 7.66 फीसदी को मंजूरी दी।व्यवस्था साल 2023 में भी घोषित की गयी थी।
ऑनलाइन या डिजिटल मोड के माध्यम से बिल भुगतान करने पर संपूर्ण बिल के अनुसार एक फीसदी की छूट दी जायेगी। इसके लिए अधिकतम सीमा 250 रुपये तय की गयी है।

### तमिलनाडू : पीएम मोदी ने 17,300 करोड़ के परियोजनाओं की दी सौगात

## देश के पहले हाइड्रोजन हब पोर्ट को पीएम ने दिखाई हरी झंडी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु में करीब 17,300 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में देश का पहला हाइड्रोजन हब पोर्ट और इनलैंड वाटर वे वेसल शामिल है। वेसल को हरित नौका इनिशिएटिव के तहत बनाया गया है। इसके साथ ही पीएम ने वीओ चिदंबरनार बंदरगाह पर आउटर हार्बर कंटेनर टर्मिनल की आधारशिला रखी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने थूथुकुडी में हरित नौका पहल के तहत भारत के पहले स्वदेशी हरित हाइड्रोजन ईंधन सेल अंतर्देशीय जलमार्ग जहाज को हरी झंडी दिखाई। इसके बाद, थूथुकुडी के निकट कुलसेकरापट्टिनम में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के नए प्रक्षेपण परिसर का शिलान्यास किया, जिसकी लागत लगभग 986 करोड़ रुपये है।
बताया जा रहा है इसके बनकर तैयार होने पर यहां से प्रति वर्ष 24 प्रक्षेपण किए जा सकेंगे। इसरो के इस नए परिसर में 'मोबाइल लॉन्च स्ट्रक्चर' (एमएलएस) तथा 35 केंद्र शामिल हैं। इससे अंतरिक्ष अन्वेषण क्षमताओं को बढ़ाने में मदद मिलेगी।इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा,आज तमिलनाडु थूथुकुडी में प्रगति का नया अध्याय लिख रहा है। कई परियोजनाओं का उद्घाटन या शिलान्यास किया जा रहा है। यह परियोजनाएं विकसित भारत के रोडमैप का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इन परियोजनाओं में एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना भी देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा,सत्य कड़वा होता है, लेकिन सत्य जरूरी भी होता है। मैं यूपीए सरकार पर सीधा-सीधा आरोप लगा रहा हूं। जो प्रोजेक्ट्स मैं आज लेकर आया हूं, ये दशकों से यहां के लोगों की मांग थी। यहां जो सत्ता में हैं, वे लोग उस समय दिल्ली में सरकार चलाते थे, लेकिन उनको आपके विकास की परवाह नहीं थी। बातें तमिलनाडु की करते हैं, लेकिन तमिलनाडु की भलाई के लिए कदम उठाने की हिम्मत नहीं थी। मैं तमिलनाडु की धरती पर इस राज्य का भाग्य लिखने के लिए एक सेवक बनकर आया हूं।




## तीन माह के बच्चे के अपहरण व हत्या मामले में किन्नर को फांसी की सजा

एजेंसी

**मुंबई :** कोलाबा इलाके में तीन माह के बच्चे का अपहरण कर हत्या करने के मामले के आरोपित किन्नर को सेशन कोर्ट ने बुधवार को फांसी की सजा सुनाई है। विशेष कोर्ट की न्यायाधीश अदिती कदम ने इस मामले का उल्लेख अति निर्मम और बुरी घटना के रूप में किया है। इस मामले का आरोपित किन्नर गिरफ्तार होने के बाद से जेल में ही है।कोलाबा के कफपरेड इलाके में वर्ष 2021 में आरोपित किन्नर ने पहले पीड़ित बच्चे को आशीर्वाद दिया था। इसके बाद दूसरे दिन 8 जुलाई 2021 को किन्नर ने बच्चे का अपहरण किया और बच्चे के साथ घिनौनी हरकत कर उसकी हत्या कर दिया और सबूत मिटाने के लिए बच्चे का शव समुद्र किनारे सूनसान जगह पर फेंक दिया था। कफ परेड पुलिस स्टेशन की टीम ने समुद्र किनारे से बच्चे का शव बरामद करने के बाद छानबीन की और आरोपित किन्नर को गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ के दौरान आरोपित किन्नर ने पुलिस को बताया था कि उसने बच्चे के घर जाकर उसे आशीर्वाद दिया था और परिवार से साड़ी, नारियल और पैसे की मांग की थी लेकिन परिवार ने कुछ नहीं दिया।

संक्षिप्त खबरें

## अपहृत चिकित्सक का अभी कोई सुराग नहीं मिला

**हुसैनाबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के ऊपरी कला गांव स्थित क्लीनिक से बीते सोमवार की देर शाम अपराधियों द्वारा अपहृत ग्रामीण चिकित्सक डॉ. रहमान का अबतक कोई सुराग नहीं मिला है। हालांकि इस मामले के उद्भेदन एवं अपहृत डॉ. रहमान की सकुशल बरामदगी हेतु एसडीपीओ मुकेश महतो के नेतृत्व में पुलिस रेस है। उल्लेखनीय है कि सोमवार की संध्या 7 बजे कार सवार तीन अज्ञात अपराधियों ने अपहरण कर लिया है।बताया जा रहा है कि छत्तरपुर-जपला मुख्य पथ पर गांव में ही अवस्थित क्लीनिक से अपहरण कर लिया था। अपहृत डॉ. रहमान का मोबाइल भी स्वीच ऑफ बता रहा है। इधर परिजन भी काफी मर्माहत हैं।

## उपायुक्त ने हरि झंडी दिखाकर दो आई ऑन व्हील्स एम्बुलेंस को किया रवाना




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिले के उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी शशि रंजन व सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह ने बुधवार को हरी झंडी दिखाकर दो एम्बुलेंस आई ऑन व्हील्स को रवाना किया.इन दो एम्बुलेंस के माध्यम से प्रथम चरण में जिले के सभी कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के सभी बच्चियों के आंखों का परीक्षण व त्वचा जांच निशुल्क किया जायेगा.इस दौरान आवश्यकता के अनुरूप बच्चियों को पावर चश्मा, दवाईयां व अन्य जरूरी उपकरण का वितरण किया जायेगा। जिले के सभी कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के बच्चियों के जांच के बाद अन्य सभी सरकारी स्कूल के स्टूडेंट्स का जांच किया जायेगा इसके बाद पीवीटीजी समूह को लक्षित कर उनका जांच किया जायेगा.इस अवसर पर उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि यह दो एम्बुलेंस पोर्टेबल आंख के हॉस्पिटल के रूप में कार्य करेगा। इस एम्बुलेंस में सभी आवश्यक उपकरण के साथ कहीं हॉल्ट करने हेतु टेंट लगाने की भी सुविधा है। इसके अलावे आंख का डॉक्टर व स्किन के डॉक्टर भी रहेंगे व इनके साथ दो हेल्पर की भी तैनाती की गयी है। इस जांच के दौरान अगर किसी को मोतियाबंद पाया जाता तो आयुषमान योजना के तहत उनका निःशुल्क इलाज़ किया जायेगा। मौके पर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह,हेल्थ के डीपीएम दीपक समेत अन्य उपस्थित रहे।

## जेएमएम नेता बबलू सिंह ने मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य सह समाजसेवी वशिष्ट कुमार उर्फ सिंह उर्फ बबलू सिंह ने राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की।श्री सिंह ने गुलदस्ता देकर अभिवादन किया। इस दौरान हुसैनाबाद क्षेत्र के सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य व सिचाई समेत विभिन्न विकास योजनाओं के लिए चर्चा की। इसके साथ राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में तथा झामुमो की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही।जेएमएम नेता श्री सिंह ने बताया कि झारखंड के मुख्यमंत्री श्री चंपाई सोरेन ने हुसैनाबाद क्षेत्र में विकास योजनाओं को गति देने को लेकर आश्वस्त किया है। जेएमएम की सरकार राज्य की समुचित विकास के लिए कृतसंकल्पित है।

## आयुक्त के सचिव के पद पर बिजय वर्मा ने पदभार संभाला



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी बिजय वर्मा ने आयुक्त के सचिव, पलामू प्रमंडल, मेदिनीनगर के पद पर पदभार ग्रहण किया। वे आयुक्त के तत्कालीन सचिव अरविन्द कुमार से पदभार ग्रहण किया। बिजय वर्मा इसके पूर्व उप सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड, रांची के पद पर पदस्थापित थे। विदित हो कि आयुक्त के तत्कालीन सचिव पलामू प्रमंडल, मेदिनीनगर के पद पर पदस्थापित अरविन्द कुमार को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अपर समाहर्ता, चतरा के पद पर पदस्थापित किया गया है।

## अधेड़ ने की आत्महत्या



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज मोहल्ला निवासी दुर्गा राम के पुत्र सुजीत कुमार उम्र 50 वर्ष मानसिक तनाव में आकर मंगलवार की शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।वही इस घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ मृतक के घर पर उमड़ पड़ी।इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी शहर थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही शहर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।वही इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि सुजीत कई वर्षों से अस्पताल चौक स्थित नाश्ता का दुकान लगता था। इस बीच कुछ महीने से वह बीमार चल रहा था और बिमारी की वजह से वह काफी परेशान रहता था। इसी बीच मंगलवार की शाम मानसिक तनाव में आकर सुजीत घर में फांसी लगाकर आत्महत्या की घटना को अंजाम दिया है।वही घटना के बाद पुलिस शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार को शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।वही हॉस्पिटल चौक के आसपास के लोगों ने बताया कि सुजीत ठेले पर नाश्ता बेचने का काम करता था और बहुत ही सभ्य व्यक्ति था।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतगणना केंद्र बाजार समिति का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने मतगणना केंद्र बजरगृह एवं डिस्पैच केंद्र निर्धारण हेतु स्थानीय कृषि उत्पादन बाजार समिति बैरिया और गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय मेदिनीनगर का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम में इवीएम के रख रखाव की व्यवस्था, काउंटिंग कक्ष, पोलिंग पार्टी रूट, पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मतगणना केंद्र का निरीक्षण के क्रम में उन्होंने सीसीटीवी कैमरा, पंडाल, स्ट्रांग रूम, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, सुरक्षा कर्मियों, चुनाव में तैनात कर्मियों के लिए भोजन की व्यवस्था, शौचालय आदि की व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। इस दौरान उपायुक्त शशि रंजन ने जीएलए कॉलेज मेदिनीनगर में संचालित परीक्षा का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री शशि रंजन के अलावे डीडीसी रवि आंनद, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु, भवन निर्माण के कनिय अभियंता सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## लोक सभा चुनाव को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** आसन्न लोकसभा चुनाव को लेकर प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को शिक्षकों, प्रखंड, अंचल तथा बालविकास परियोजना कर्मियों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण में जिला मास्टर प्रशिक्षक अखिलेश प्रसाद तथा सुनील कुमार तिवारी ने मतदानकर्मियों को विधिवत प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षकों ने कहा कि किसी भी कार्य को करने से पूर्व उस कार्य की अच्छी जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण को गम्भीरता से लेने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण सभी मतदान कर्मियों के लिये काफी महत्वपूर्ण है.उन्होंने सभी मतदान कर्मियों को चुनाव प्रक्रिया की पूरी जानकारी विस्तार से दिया.उन्होंने कहा कि इस बार सभी मतदान कर्मियों को अपना मतदान करना आवश्यक है.उन्होंने मतदान कर्मियों को मतदान करने के लिये पोस्टल बैलेट की प्रक्रिया की जानकारी दिया.उन्होंने ईवीएम के संचालन, मॉक पोल कराने, ईवीएम को सील करने सहित मतदान प्रक्रिया की पूरी जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि सभी मतदानकर्मी निर्धारित वाहन से ही डिस्पैच सेंटर से मतदान केंद्र तक जायेंगे। प्रशिक्षण में प्रखंड कार्यालय सहायक अनिल सिंह, अंचल कार्यालय सहायक प्रकाश कुमार, जीपीएस विकास जायसवाल, सहायक अभियंता उज्जवल कुमार, प्रखंड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास स्नेहा सिंह, पंचायत सेवक बिरेन्द्र सिंह, नंद कुमार मेहता, ज्योति कुमारी,एएम सीमा, रोजगार सेवक आलोक राज,श्रवण राम,वीरेंद्र यादव,प्रखंड कर्मी उषा देवी,लालती देवी,बाल विकास पर्यवेक्षिका शोभा देवी,दीपा कुमारी, कंप्यूटर ऑपरेटर रोहित कुमार, विक्रम कुमार, देव् कुमार शिक्षक अलीम अंसारी, अरविन्द कुमार ठाकुर, मदन राम, प्रेमन राम, रेखा कुमारी गुप्ता, हृदया प्रसाद, नीलम कुमारी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, प्रखंड व अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज खनन टास्क फोर्स की हुई बैठक

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज खनन टास्क फोर्स की बैठक जूम एप के जरिए हुई। बैठक में थाना व अंचलवार अवैध खनन व खनिज परिवहन के आलोक में की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। इसमें सभी अंचल अधिकारियों/थाना प्रभारियों को अवैध खनन को लेकर छापेमारी की संख्या बढ़ाने,खनिज के अवैध परिवहन के लिए औचक जांच अभियान चलाये जाने और कार्रवाई की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया गया। आज की बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, खनन पदाधिकारी, एसडीपीओ, सभी अचंल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी व अन्य उपस्थित थे।

## संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** संत शिरोमणि गुरु रविदास के 647 वां जन्म जयंती समारोह मुकुंदपुर पंचायत के बक्शीपुर अंबेडकर नगर में सोमवार की शाम उनके अनुयायियों ने उनका जयंती धूमधाम से मनाया। साथ ही मिशन कलाकारो के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रात्रि में किए गए। इस दौरान बीडीसी प्रतिनिधि इम्तेयाज आलम पूर्व मुखिया प्रतिनिधि ब्रह्मदेव कुमार गुप्ता शामिल रहे। समाज को जुड़ने एवं एकजुट रहने का संदेश देते हुए उक्त कार्यक्रम की शुरुआत कटे हुए फीता को जोड़कर किया गया। साथ ही मिशन कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से उपस्थित स्रोतों को खूब झुमाया। इस मौके पर अंबेडकर क्लब के संरक्षक जगनारायण राम, अध्यक्ष आदित्य कुमार, सचिव दिनेश राम, उपसचिव विजय धवन, कोषाध्यक्ष अमरेश राम, व्यवस्थापक ददन राम, मंच संचालक चंदन कुमार रवि, समाजसेवी शिववरन साह, अशोक पासवान, शिक्षक वीरेंद्र राम, अहमद राजा, रामकरण राम, आचार्य जी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने अपने कार्यालय वेश्म में जनता दरबार लगाकर आमजनों की समस्याएं सुनी। जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं गांवों से 30 से अधिक फरियादियों ने उपायुक्त के समक्ष उपस्थित होकर अपनी समस्याएं रखी। साथ ही अपनी-अपनी समस्याओं से संबंधित उपायुक्त को आवेदन समर्पित किया। उपायुक्त ने आवेदकों से उनकी पूरी बातें सुनी और आवेदनों को संबंधित विभागों में स्थानांतरित किया। वहीं संबंधित पदाधिकारियों को आमजनों की समस्याओं को प्राथमिकता तय करते हुए 15 दिनों के भीतर निष्पादन करने एवं उससे संबंधित प्रतिवेदन जनशिकायत कोषांग में समर्पित करने का निर्देश दिया।जनता दरबार में सदर मेदिनीनगर के रेड़मा से आये कुश कुमार पाण्डेय ने डीसी के सामने जमीन सम्बंधित मामलों को लेकर अपना आवेदन प्रस्तुत किया।वहीं मोहम्मदगंज से आई ऐएनएम उर्मिला कुमारी ने अपने आवेदन के जरिए उनके कार्यालय में बायोमेट्रिक अपडेट न होने से अपनी उपस्थिति बनाने में असमर्थ होने संबंधित समस्याओं से उपायुक्त से अनुरोध किया। नौडीहा बाजार के मिथिलेश पासवान ने अपने आवेदन के माध्यम से उपायुक्त को बताया कि उनका होमगार्ड बहाली में चयन हो गया है किंतु फॉर्म भरने के क्रम में नौडीहा बाजार की जगह छत्तरपुर हो गया जिस वजह से अब स्थानीय बनाने में समस्या आ रही हैं।पाटन से आये प्रमोद पासवान ने अपने आवेदन के जरिये सार्वजनिक रूप से एक चापाकल लगाने हेतु अपना आवेदन डीसी को सौंपा।वहीं पाटन के रोजगार सेवक सत्येन्द्र कुमार और नीलाम्बर पीताम्बरपुर के रोजगार सेवक धीरज कुमार ने अपने-अपने आवेदन के माध्यम से अभी तक कार्य आवंटन नहीं होने संबंधित शिकायत उपायुक्त से की।जनता दरबार में इसके अलावा विद्युत समस्या, अंचल अमीन द्वारा भूमि सीमांकन, मूलभूत सुविधा, पानी की सुविधा मुहैया कराने समेत अन्य आवेदन आये, जिन्हें उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## अचानक ओला वृष्टि व हवा पानी से किसानों को हुआ नुकसान



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत अन्तर्गत बरही ग्राम सोमवार को अचानक हुए अंधी तूफान बारिश से गन्ना का पौधा गिर कर नष्ट हो गया। जिसे रामजीत महतो,महाबीर प्रसाद, राजू महतो, रामकिशोर महतो, शिवलाल उराँव, बनवारी महतो, जलील अंसारी, रघु महतो, रामावतार उराँव सहित अन्य किसानों का हजारों एकड़ खेत में लगा गन्ना का पौधा गिर कर टूट जाने से करोड़ो का नुकसान हुआ है। जिसे किसान काफी चिंतित हैं।

## लाभार्थी संपर्क अभियान की तैयारी में जुटे कार्यकर्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड में भारतीय जनता पार्टी चैनपुर मंडल के पंचायत भवन में लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडेय की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य अतिथि जिला मंत्री सह चैनपुर मंडल प्रभारी धीरेंद्र कुमार दुबे एवं सांसद जिला समन्वयक आनंद सिंह उपस्थित रहे।इस कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष द्वारा विस्तार से शक्ति केंद्र के संयोजक सह संयोजक एवं मंडल में निवास करने वाले सभी प्रमुख कार्यकर्ता से कार्यशाला के बारे में चर्चा किया गया।चर्चा करते हुए यह अभियान लाभार्थी वर्ग के घर-घर जाकर प्रधानमंत्री जी के 10 साल के कार्यकाल के अंतर्गत जितने भी लाभुक वर्ग गांव में निवास करते हैं भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता जनता से संपर्क कर स्थापित कर फीडबैक लेंगे एवं घर-घर जाकर मोदी जी के चित्र का स्टिकर चिपकाएंगे और उनसे मिस कॉल करेंगे तथा अपनी केंद्र सरकार की उपलब्धि का जनता तक संवाद करेंगे सभी कार्यक्रम का सरल ऐप पर चित्र अपलोड करेंगे बुथ नंबर देकर तथा जिला प्रभारी धीरेंद्र दुबे जी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मोदी जी का नमस्कार जनता तक पहुंचाएंगे तथा हमारे पास जनता के पास जनता के लिए किया गया। कार्य घर-घर तक याद कराना परम कर्तव्य है तभी अपने प्रधानमंत्री की सपना भारत को विश्व गुरु एवं परम वैभव तक पहुंचाने का किया जा सकता है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महामंत्री मनीष पांडेय किसान मोर्चा अध्यक्ष मनोज दास एससी मोर्चा अध्यक्ष विनोद बैठा मंडल के पदाधिकारी सुरेश चौधरी मनोज मेहता सुधीर प्रजापति बैजनाथ शर्मा सुजीत पासवान दीनानाथ माझी धीरज गुप्ता लॉलेस प्रजापति लालबाबू महेंद्र सिंह सरवन चौधरी रामलाल प्रसाद मनोज राम जोगिंदर राम सिकंदर उरांव गोरख सिंह लाल यादव ईश्वरी प्रसाद अरविंद सिंह नजरुल अंसारी धर्म देव सिंह केदार पासी प्रजापति एवं अधिक संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थें। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए महामंत्री मनीष पाण्डेय ने कहा आप कार्यकर्ताओ के भरोसे प्रधानमंत्री का विश्वास अबकी बार चार सौ पार को चुनौती के रुप मे लेना है। इस विश्वास को हम सभी कार्यकर्ता एक एक लाभुक तक पहुंच कर पुरा करेंगे।

## हुसैनाबाद प्रखंड में तीन दिवसीय ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल प्रशिक्षण सम्पन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभागार में सबकी योजना सबका विकास अभियान 2023 के अंतर्गत चल रहे तीन दिवसीय ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का प्रशिक्षण बुधवार को संपन्न हुआ। जहां जिला से आये प्रशिक्षक ने प्रशिक्षण के अंतिम दिन उपस्थित पंचायत के मुखिया, वार्ड सदस्य, सभी रोजगार सेवक, आंगनबाड़ी सेविका, जल सहिया, स्वास्थ्य सहिया, जेएसएलपिएस के अध्यक्ष व सचिवों को पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, इन्फास्ट्रक्चर साफ, सफाई आदि योजनाओं मे से किसी एक योजना पर संबंधित पंचायत के मुखिया, व सचिव के द्वारा एक थीम का चयन कर अपने पंचायतों मे कार्य करने की बात बताई और कहा कि इस विधि से कार्य करने पर ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। प्रशिक्षण के दौरान ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के लक्ष्य और लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संकेतो की भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी इस क्रम मे लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गरिबी मुक्त व उन्नत आजिविका गांव, स्वास्थ्य गांव, बाल हितैशी गाँव, महिला हितैशी गांव सहित नौ बिषयों पर भी प्रकाश डाला और बताया कि आप सभी सर्वप्रथम अपने अपने संबंधित पंचायतों मे जाकर योजना को चार दिवसीय कार्यक्रम आयोजित कर चार बिंदु (1) संसाधन व समाजीक मानचित्र (2) क्षेत्र भ्रमण, (3) ग्राम स्तरीय योजना पर चर्चा, (4) नियोजन प्रक्रिया पर चर्चा करें। इस दौरान महिला व बाल सभा के द्वारा समस्या भी सुने। ताकि सभी ग्रामीणों व ग्रामीणों द्वारा चयन किया गया योजना सफल हो। मौके पर मनरेगा वीपिओ विष्णु मिस्रा प्रखंड समस्वक मुखिया नरेश कुमार पासवान अमरेन्द्र कुमार ठाकुर आत्मेश कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह प्रेमा देवी राजु कुमार सहित कई प्रशिक्षु उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला से छीने एक लाख रुपये, जांच में जुटी पुलिस

**रांची।** रातू थाना क्षेत्र के फुटकलटोली के समीप बाइक सवार दो बदमाशों ने महिला टीचर का बैग छीनकर फरार हो गए।हेहल जामुन टोली की रहने वाली पारा टीचर मीना तिर्की बैग लेकर स्कूटी से घर लौट रही थी तभी बाइक सवार बदमाश रूपया भरा थैला लेकर फरार हो गए। मीना अपने पति सोहराई उरांव के साथ बैंक ऑफ इंडिया के रातू चट्टी ब्रांच आई थी, वहां से एक लाख रूपया थैला में लेकर रवाना हुई और फुटकलटोली के पास बदमाशों ने इस घटना को अंजाम दे दिया। स्कूटी के पीछा करते हुए आ रहे बदमाश रूपया भरा थैला लेकर हाजी चौक की ओर भागे। पुलिस घटना का सीसीटीवी फुटेज निकालकर पूरे मामले की जांच कर रही है।

### राज्य सरकार ने बजट में हर वर्गों को दी है सौगात : अमन अहमद

**रांची।** कांग्रेस छात्र संगठन, एनएसयूआइ कार्याध्यक्ष अमन अहमद ने कहा की राज्य सरकार का बजट 2024 25 स्वागत योग्य है । यह बजट किसान, मध्यवर्गीय, महिला, छात्र, युवा सभी के हित में है, सभी के विकास पर जोर दिया गया है । बजट में 21 नए महाविद्यालय और 4 महिला महाविद्यालय का मार्ग प्रशस्त होना सुखद है । उच्च शिक्षा के लिए यह प्रभावशाली कदम होगा । इस घोषणा से ग्रामीण परिवेश से निकलकर उच्च शिक्षा हासिल करने में छात्र छात्राओं और युवाओं को लाभ मिलेगा ।पर्यटन के विकास पर जोर दिया गया है । बजट में ग्रामीण अर्थवेस्था मजबूत होगा ।

# नगर निगम प्रशासक ने झिरी बायोगैस प्लांट का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** राज्य सरकार की पहल पर रांची शहर के रिंग रोड स्थित झिरी में दो बड़ी योजनाएं प्रगति पर है। जिसमे पहला गेल इंडिया द्वारा 150 मेट्रिक टन के दो बायोगैस प्लांट का निर्माण तथा दुसरा लगभग 33 एकड़ में डंप 18 लाख मीट्रिक टन विरासती बर्बादी का निष्पादन कार्य के लिए कार्ययोजना तैयार किया जा रहा है। जिसके लिए रांची नगर निगम तथा संबंधित एजेंसियों के बीच एकरारनामा भी किया जा चुका है। 28.02.2024 को प्रशासक अमीत कुमार, भा0प्र0से0 के द्वारा झिरी में दोनों योजनाओं की कार्य प्रगति का निरीक्षण किया गया। विरासती बर्बादी के निस्तारण हेतु चयनित कंपनी एम/एस गुरु रामदास कंस्ट्रक्शन के प्रतिनिधियों द्वारा बतालाया गया कि बायोरेमिडिएशन तकनीक के माध्यम से विरासती बर्बादी का निस्तारण करने के लिए (ट्रोमेल) का अधिष्ठापन किया जा रहा है जो माह मार्च 2024 के अंत तक क्रियान्वित हो जाएगी। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि लगभग 5 एकड में अस्थायी प्रोसेसिंग प्लांट लगाकर 24 माह में सारे विरासती बर्बादी का निस्तारण कर दिया जाएगा। प्रशासक द्वारा निदेश दिया गया कि सभी उपकरणों का अधिष्ठापन जल्द से जल्द पूर्ण करते हुए निस्तारण की प्रक्रिया को गति देते हुए ससमय कार्य पूर्ण करें । उन्होंने टीम के सभी सदस्यों को कहा कि यह परियोजना राँची शहर के लिए मील का पत्थर साबित होगा और निकट भविष्य में कूड़े के पहाड़ को ग्रीन लैंड में परिवर्तित होते हुए देखने का अनुभव सभी शहरवासियों के लिए सुखद होगा।इसके अलावा प्रशासक ने गेल इंडिया द्वारा निर्मित बायोगैस प्लांट का भी निरीक्षण किया, जहां गेल इंडिया के प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि उक्त प्लांट मार्च महीने से शुरु हो जायेगी तथा इसके बेहतर आउटपुट के लिए रांची शहर में उत्पन्न होने वाले गीले कचरे की आवश्यकता हैं। प्रशासक द्वारा कहा कि निगम क्षेत्र में आम लोग घरों/प्रतिष्ठानों से प्रतिदिन गीला सूखा कूड़ा अलग अलग दिया जा रहा है तथा रांची नगर निगम झिरी में प्रतिदिन 150 मेट्रिक टन गीला कचरा देने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने गेल इंडिया के प्रतिनिधियों को ससमय प्लांट शुरू करने का निर्देश दिया। मौके पर सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकरी डॉ किरण कुमारी, नगर प्रबंधक, गेल इंडिया तथा एम/एस गुरु रामदास कंस्ट्रक्शन के प्रतिनिधि, पीएमसी के प्रतिनिधि तथा अन्य कर्मी उपस्थित थे। सभी सम्मानित नागरिकों से अपील है कि स्त्रोत पृथक्करण को बढ़ावा दे और अपने घरों / प्रतिष्ठानों में गीला सूखा कचरा अलग-अलग रखे।

# विधानसभा बजट सत्र के चौथे दिन सदन में आरक्षण के मुद्दे पर विपक्ष का हंगामा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** झारखंड विधानसभा बजट सत्र के चौथे दिन बुधवार को सदन की कार्यवाही 11 बजकर 10 मिनट में शुरू हुई। सदन शुरू होते ही विपक्षी दलों के विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया। विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि राज्यपाल ने 77 प्रतिशत आरक्षण को असंवैधानिक कहा है। केंद्र के इशारे पर राज्य के पिछड़ों का हक मारने की साजिश है। भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि सदन में उनके सवाल का गलत जवाब मिला है। इसके बाद हंगामा करते हुए भाजपा के विधायक वेल में पहुंचे।

**झारखंड विधानसभा में मनीष जायसवाल ने इचाक की जमीन को मुक्त कराने की मांग की:** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन बुधवार को सदन में विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग के इचाक में भूदान की जमीन पर समुदाय विशेष के लोगों ने दो मीनार बना लिया है। वहां स्कूल है, जहां धार्मिक कार्य हो रहा है। इससे पठन-पाठन बाधित हो रहा है। उन्होंने कहा कि जमीन को समुदाय विशेष के कब्जे से मुक्त कराया जाये। इसपर विधायक इरफान अंसारी ने कहा कि विधायक को ये बातें कहना शोभा नहीं देता। इसके बाद थोड़ी देर दोनों में नोकझोंक हुई।

**निकाय चुनाव को लेकर नीलकंठ ने सदन में सरकार को घेरा:** भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने सदन में नगर निकाय चुनाव को लेकर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि झारखंड में 2023 में ही जब नगर निकायों का कार्यकाल खत्म हो रहा था तो सरकार ने चुनाव कराने की तैयारी पहले क्यों नहीं की। पिछड़ा वर्ग आयोग पहले क्यों नहीं बनाया गया।मुंडा ने कहा कि सरकार हाई कोर्ट को भी गुमराह कर रही है। सरकार ने चार महीने पहले कोर्ट में शपथ पत्र दिया है कि छह महीने में निकाय चुनाव कर लेंगे लेकिन ट्रिपल टेस्ट के लिए पिछड़ा आयोग बनने में ही इतनी देर हो गयी। अब दो महीने में सरकार कैसे चुनाव करायेगी। इस पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि अभी छह महीने नहीं हुए हैं।

# धनबाद के पूर्व एसएसपी संजीव की जांच हो : भाजपा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन भी सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले भाजपा के विधायकों ने विधानसभा के बाहर प्रदर्शन किया। हाथ में बैनर तख्ती लिए भाजपा के विधायकों ने दुमका के डीआईजी और धनबाद के पूर्व एसएसपी संजीव कुमार की अवैध कार्यों की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। विधायक ढुलू महतो ने कहा कि धनबाद के पूर्व एसएसपी के कारनामों की जांच सीबीआई से कराई जाए। वहीं विधायक अनंत ओझा ने कहा कि राज्य के युवाओं के भविष्य के साथ वर्तमान सरकार खिलवाड़ कर रही है। अनुबंध शब्द को समाप्त करने का वादा कर सत्ता में आई सरकार में न सिर्फ अनुबंध बल्कि अब थर्ड पार्टी बहाली की जा रही है।

# कांग्रेस ने मनाई पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस के तत्वावधान में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद की पुण्यतिथि कांग्रेस भवन में बुधवार को मनाई गई। प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि वे एक महान देशभक्त थे। देश सेवा की भावना उनमें कूट-कूट कर भरी हुई थी।

अपने सफलतम वकालत का कैरियर छोड़कर भारत के स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में भाग लिया था। उन्होंने कहा कि डा. राजेन्द्र प्रसाद अपने जीवन काल में दो बार अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। अपने अध्यक्षीय काल में उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान समस्त भारतवर्ष आंदोलन को नई दिशा देने का कार्य किया।देश की आजादी के बाद 'संविधान निर्माण सभा' के अध्यक्ष नियुक्त किये गये और उसी संविधान के अनुसार 26 जनवरी 1950 को भारत को एक स्वतंत्र प्रजातंत्र राष्ट्र घोषित किया गया।

# हिमाचल प्रदेश का असर झारखंड के रास चुनाव पर नहीं पड़ेगा : कांग्रेस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** हिमाचल प्रदेश में मंगलवार को राज्यसभा उम्मीदवार के रूप में अभिषेक मनु सिंघवी की हुई हार और कई कांग्रेसी विधायक को हरियाणा ले जाने की खबर पर झारखंड विधानसभा में झारखंड के कांग्रेस के विधायकों ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। विधायकों ने कहा कि अब सवाल यह होना चाहिए कि कैसे ईडी, सीबीआई, आईटी का भय दिखाकर लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि पूरे देश में लोग किस परिस्थिति में भाजपा में जा रहे हैं यह किसी से छुपा नहीं है। दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि मीडिया को यह सवाल उठाना चाहिए कि क्या लोभ लालच में ऐसा कर रहे हैं। नमन विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि हिमाचल की घटना लोकतंत्र को कमजोर करने वाली है। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि झारखंड में हिमाचल जैसा नहीं होगा।हिमाचल में राजनीति का भद्दा चेहरा दिखा। झामुमो के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि यह भारतीय राजनीति में पतन की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में राज्यसभा चुनाव पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा।

# भाजपा ही एकमात्र पार्टी, जिसने विकसित भारत की परिकल्पना की : सीपी सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रांची :** भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुधवार को विकसित भारत-मोदी की गारंटी संकल्प पत्र सुझाव अभियान शुरू हुआ। अभियान की शुरुआत पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री, पूर्व स्पीकर और विधायक सीपी सिंह ने किया। सीपी सिंह ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र पार्टी है, जिसने विकसित भारत की परिकल्पना की है और इसे पूरा करने का वादा भी किया है। सीपी सिंह ने कहा कि देश की आजादी का यह अमृत काल चल रहा है और यह भारत के इतिहास का वह कालखंड है जब देश विकास में एक लंबी छलांग लगाने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसी परिकल्पना के आधार पर विकसित भारत-मोदी की गारंटी संकल्प पत्र सुझाव अभियान शुरू हुआ है। इसका उद्देश्य जन-जन की आकांक्षाओं को सीधा मोदी तक पहुंचाना है, ताकि वे भारत के विकसित भारत संकल्प पत्र का आधार बन सकें। सीपी ने कहा कि आकांक्षा संग्रह अभियान जनता के समर्पण और विश्वास का प्रमाण होगा। इस अभियान के अंतर्गत पार्टी द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के घोषणापत्र के लिए एक करोड़ से अधिक लोगों के सुझाओं, उनकी आकांक्षाओं और विचारों को जानने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान में सुझाव एकत्रित करने के लिए सुझाव पेटी, मिस्ड कॉल नंबर 9090902024 और नमो ऐप की सुविधा लांच की गई है। साथ ही पार्टी ने एलईडी प्रचार रथ भी शुरू किया है।

# खूंटी लोक सभा से अबुआ झारखंड पार्टी के जयंत जयपाल लडेंगे चुनाव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** अबुआ झारखंड पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष रिलन एमन होरो ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा , स्वर्गीय एन ई हीरो ने झारखंड अलग राज्य के लिए कुर्बानी थी , उन्हीं का देन है कि झारखंड राज्य बना। झारखंड के आदिवासियों मूल वासियों को उनकी संपत्ति, जमीन को लूटी जा रही है । आज के समय में झारखंड झारखंडियों का नहीं रहा । झारखंड की समस्याओं को देखते हुए अबुआ झारखंड पार्टी का गठन किया गया । पार्टी झारखंडियों की भाषा , संस्कृति , अस्मिता, जल, जंगल, जमीन की रक्षा करना ,उनकी पहचान दिलाकर उनके विकास करते हुए शैक्षणिक सामाजिक और आर्थिक रूप से मजबूत करना है ।केंद्रीय महासचिव निकोदिन लकडा ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में खूंटी लोकसभा से जयंत जयपाल सिंह मुंडा को पार्टी अपना प्रत्याशी घोषित कर रही है । अबुआ झारखंड पार्टी ने 23 सूत्री मांग पत्र भी जारी किया। इस मौके पर रीलन एमन होरो, सोमा मुंडा, विजय आइंद, केंद्रीय महासचिव निकोदिन लकड़ा, केंद्रीय महासचिव जयंत जयपाल सिंह मुंडा, अजय टोपनो केंद्रीय उपाध्यक्ष, संजय कुजूर केंद्रीय कोषाध्यक्ष और सबन बारला केंद्रीय सचिव मौजूद थे।

# संत जेवियर महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम के आलोक में तथा यूजीसी के निर्देशानुसार संत जेवियर महाविद्यालय (ऑटोनॉमस) ,रांची के इलेक्ट्रोरल लिट्रेसी क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में मेरा पहला वोट देश के लिए अभियान के तहत बुधवार को मतदाता जागरूकता हेतु मतदाता शपथ, हस्ताक्षर अभियान एवं फिल्म स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया। हस्ताक्षर अभियान में महाविद्यालय के शिक्षकों, कर्मियों एवं छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। आयोजन के दौरान महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को Newton (2017) चलचित्र के माध्यम से जागरूक करने की एक सफल कोशिश की गई । महाविद्यालय द्वारा 21 फरवरी से 3 मार्च तक मतदाता पंजीकरण कैंप का भी आयोजन किया गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर फादर नबोर लकड़ा , उपप्राचार्य डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर, उपप्राचार्य डॉ फादर अरुण मिंज, महाविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ फादर प्रभात केनेडी सोरेंग, बर्सर फादर रवि हेमंत कुजूर, संध्याकालीन प्रभारी प्रो ज्योति टेटे, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक डॉ अनिरबान गुप्ता, इलेक्ट्रोरल लिटरेसी क्लब के प्रेसिडेंट प्रो0 बी0के0 सिन्हा एवं नोडल ऑफिसर डॉ आशुतोष पांडेय, राजनीति शास्त्र विभाग के शिक्षकों में डॉ0 विजय शर्मा, प्रो0 सौम्या सिन्हा, डॉश श्रेया पांडेय, प्रो0 उत्कर्ष उन्नयन का प्रमुख योगदान रहा । महाविद्यालय के कैंपस एंबेसडर अजय कुमार एवं प्रकृति कृष्णन लकड़ा तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के सूरज मंडल एवं अन्य के सम्मिलित प्रयास से इस कार्य को संचालित किया जा रहा है।

# महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर सात मार्च को निकलेगी कलशयात्रा

**रांची:** महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर सात मार्च को कोकर स्थित सरना टोली सार्वजनिक शिव मंदिर से कलशयात्रा निकाली जाएगी। हरि जायसवाल ने बुधवार को बताया कि महाशिवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। सात मार्च को सुबह कलशयात्रा और शाम में महाआरती की जाएगी। आठ मार्च को शिव बारात और रात में शिव विवाह होगी। नौ मार्च को दोपहर दो बजे से महाभंडारा का आयोजन किया गया है।

# जमीन घोटाला मामले में दिलीप घोष की डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रांची :** जमीन घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित दिलीप घोष की डिस्चार्ज पिटीशन पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट में बुधवार को सुनवाई पूरी हो गई। कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रखा है। कोर्ट 12 मार्च को अपना आदेश सुनायेगा। यह मामला बरियातू की सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन घोटाला मामले से जुड़ा है। मामले के आरोपितों पर अब आरोप गठन होना है। इससे पहले आरोपितों ने आरोप मुक्त कराने के लिए अदालत में अर्जी दी है। दिलीप घोष ने 12 जनवरी को डिस्चार्ज पिटीशन दायर कर इस केस से खुद को आरोप मुक्त कराने का आग्रह अदालत से किया है। उल्लेखनीय है 28 नवंबर, 2023 को झारखंड हाई कोर्ट से दिलीप घोष को जमानत मिली है।

जमीन के मूल दस्तावेज से छेड़छाड़ कर खरीद बिक्री करने का उस पर आरोप है। मामले में निलंबित आईएएस और रांची के पूर्व डीसी छविरंजन, उप राजस्व कर्मी भानु प्रताप प्रसाद, व्यवसायी अमित अग्रवाल सहित कई अन्य को आरोपित बनाया गया है।

# रांची में मतदाता जागरुकता के लिए वोटर फेस्ट एक और दो मार्च को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**फेस्ट के दौरान चित्रकला के विशेषज्ञों के द्वारा निर्वाचन, प्रकृति, संस्कृति आदि पर आधारित विभिन्न चित्रकलाएं तैयार की जाएंगी।**

**रांची :** रांची में लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाता के बीच जागरुकता फैलाने को लेकर वोटर फेस्ट चुनाव का पर्व कला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मतदाताओं को जागरूक एवं युवाओं में मतदान के प्रति उत्साहवर्द्धन के उद्देश्य से रांची स्थित आड्रे हाउस में एक और दो मार्च को सुबह दस बजे से वोटर फेस्ट चुनाव का पर्व कला महोत्सव का आयोजन होगा। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए मतदाता जागरुकता एवं युवाओं में मतदान के प्रति उत्साहवर्द्धन के उद्देश्य से आड्रे हाउस रांची में 01 एवं 02 मार्च को सुबह दस बजे से वोटर फेस्ट चुनाव का पर्व कला महोत्सव का आयोजन होगा, जिसमें विभिन्न थीम पर चित्रकलाएं बनाए जाएंगे। उन्होंने ने बताया कि फेस्ट के दौरान चित्रकला के विशेषज्ञों के द्वारा निर्वाचन, प्रकृति, संस्कृति आदि पर आधारित विभिन्न चित्रकलाएं तैयार की जाएंगी। साथ ही विभिन्न शिक्षण संस्थानों के बैंड और व्यावसायिक बैंड के द्वारा दोनों दिनों में युवा मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के संबंध में मनोरंजक कार्यक्रम भी किए जाएंगे। राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए ईवीएम प्रदर्शन केंद्र स्थापित किया जाएगा, ताकि कार्यक्रम में आने वाले सभी व्यक्तियों द्वारा वोटिंग का हैंड ऑन अनुभव प्राप्त हो सके। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों के लिए सहभागिता का प्रमाणपत्र एवं स्मृति चिन्ह दिया जाएगा।

# नाबार्ड का एक दिवसीय पुनश्चर्या प्रशिक्षण आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आरसेटी जामा में नाबार्ड के द्वारा जिले के एनजीओ का एकदिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिले के एनजीओ के लिए नाबार्ड ने भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं पर एकदिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण (आरसेटी ) जामा के कार्यालय के सहयोग से किया। जिसका विधिवत शुभारंभ नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक शुभेन्दु बेहरा, आरसेटी के निदेशक पंकज कुमार चौधरी, झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक संजीता किरण बैक एवं एनजीओ के प्रतिनिधि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। नाबार्ड के जिला प्रबंधक शुभेन्दु बेहरा ने कार्यशाला में नाबार्ड के सभी विकास मॉडल और गैर कृषि क्षेत्र, कौशल विकास, उदमीयता विकास और नाबार्ड के माध्यम से संचालित अन्य सभी प्रकार की योजनाओं जैसे अनुदान सहायता जिसमें एग्री क्लिनिक, एग्री बिजनेस और कृषि विपणन अवसंरचना के प्रावधानों पर जानकारी दी। नाबार्ड के ऐसे कार्यक्रमों में ओएफपीओ, एमईडीपी, उन्नत कृषि के लिए संस्थात्मक प्रशिक्षण और एक्सपोजर विजिट, कृषक गोष्ठी, कृषि क्षेत्र विकास निधि,नैब-स्किल, ग्राम दुकान,रुरल मार्ट आदि योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। जेआरजी बैंक के शाखा प्रबंधक संजीता किरण बैक ने एस एच जी , बैंक ऋण आदि के बारे में जानकारी प्रदान की। इस मौके पर आरसेटी के संकाय, अमरदीप कुमार कार्यालय सहायक,संजय सोरेन तथा हेमकान्त मिश्रा और नाबार्ड के स्थानीय एनजीओ और एफपीओ के प्रतिनिधियों ने भाग लिया ।

## सरकारी भूमि पर निर्मित भवनों को बेचने व किराया वसूलने पर खलारी सीमेंट प्रबंधन पर दर्ज हो प्राथमिकी

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एसीसी सेवानिवृत कामगार संघ के बैनर तले बुधवार को खलारी अंचल कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया गया . धरना में खलारी सीमेंट कारखाना के सेवानिवृत कामगार, उनके परिवार के लोग सहित काफी संख्या में क्षेत्र के अन्य सामाजिक कार्यकर्ता, महिला, पुरूष उपस्थित हुए. वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में खलारी सीमेंट फैक्ट्री मालिक पर सीधे निशाना साधते हुए सरकार की सैकड़ों एकड़ जमीन पर कब्जा रखने, उसपर बने भवनों से किराया वसूलने, सरकारी भूमि पर निर्मित कामगार क्वार्टरों का कब्जा बेचने का आरोप लगाते हुए सारी बात बतायी. कहा गया कि खलारी सीमेंट प्रबंधन के प्रभाव में आकर अंचल के आनलाइन पंजी से भी छेड़छाड़ किया गया है. लीज भूमि के अलावा भी कई दूसरे सरकारी जमीन को पंजी में एसीसी के नाम जमाबंदी दर्शा दिया गया है.खलारी सीमेंट प्रबंधन स्वयं को एसीसी का उत्तराधिकारी घोषित किए हुए है तथा सरकारी लीज भूमि का व्यवसायिक इस्तेमाल कर करोड़ो कमा रही है. जिला खनन विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए लीज भूमि की सूची के अलावा जिन जमीन के प्लाटों को एसीसी के नाम दर्शा दिया गया है उसे तत्काल पंजी से विलोपित करने की मांग की गयी. वहीं पंजी में भी एसीसी की जगह झारखंड सरकार दर्शाने की मांग की गयी. तय हुआ कि जल्द ही संघ का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त से मिलकर खलारी के इस बड़े जमीन घोटाले का खुलासा करेगा. आवश्यकता पड़ी तो प्रवर्तन निदेशालय को भी इस भूमि घोटाले से अवगत कराया जाएगा. धरना के अंत में संघ के प्रतिनिधिमंडल द्वारा अंचल अधिकारी खलारी के नाम का एक ज्ञापन सौंपा गया. धरना में रामप्रीत यादव, दिलीप पासवान, रवीन्द्रनाथ चौधरी, प्रताप यादव, जीतेन्द्र सिंह, सलामत अंसारी, अशोक राम, बीरेन्द्र श्रीवास्तव, अशोक शुक्ला, बीरेन्द्र मुंडा, सुजीत कुमार, रवि तुरी, संजीत सिंह, श्यामसुन्दर यादव, मंगल मुंडा, खुदी उरांव, जगदीश साव, बीटी कर्मकार, जुगेश्वर राम, नुरूद्दीन अंसारी, एसपी चौरसिया, मंगलमय मंडल, बशिष्ठ पांडेय, गणेशचंद्र मुखर्जी, शंकर बोदरा, अबरार, कृष्णा कुमार, इम्तियाज अंसारी, एसएन सिंह परमार, लक्ष्मण साह, मखन राम, जब्बार अंसारी, सत्तार अंसारी,साकेत सौरव, सहित काफी संख्या में अन्य महिला, पुरूष उपस्थित थे.

## गांव चलो अभियान के तहत केंद्र सरकार की उपलब्धियों को बताया

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा खलारी मंडल के द्वारा बूथ स्तर पर गांव चलो अभियान चलाया जा रहा है. बूथों के लिए नियुक्त प्रवासी संबंधित बूथ क्षेत्र में बूथ कमेटी व वहां के कार्यकर्ताओं के साथ अभियान में निर्देशित कार्य कर रहे हैं. आम लोगों को केंद्र सरकार की उपलब्धियां बतायी जा रही है.इसी के तहत भाजपा कार्यकर्ता रतन राम डकरा के बूथ संख्या 41 में प्रवास किया.जहां बूथ अध्यक्ष साथ घर-घर घूमे और लोगों को केंद्र सरकार की उपलब्धियों तथा जनहित में किए गए लोक कल्याणकारी कार्यों से अवगत कराया.बताया कि किस प्रकार पीएम उज्जवला योजना, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), आयुष्मान कार्ड, जन-धन खाता, शौचालय, पीएम श्रमयोगी मानधन योजना, किसान सम्मान निधि, एम्स, मेडिकल कालेज, हवाई अड्डा, गरीब कल्याण अन्न योजना का लोगों को लाभ मिल रहा है. रतन राम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुरानी सरकारों के रीति-रिवाज बदल दिए हैं.क्योंकि कांग्रेस सरकार के समय विदेशियों को भारत आने पर ताजमहल समेत अंग्रेज व मुगलों द्वारा निर्मित इमारतें दिखाई जाती थी. लेकिन भाजपा सरकार में दुनिया देश भारत को अयोध्या श्रीराम मंदिर से पहचानने लगी है, श्रीमद्भागवत गीता से जानने लगी है.इस दौरान दीवार पर भाजपा का चुनाव चिन्ह कमल फूल बनाया व 'एक बार फिर से मोदी सरकार' का नारा लिखा.इस अभियान में विशेष रूप से विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह , बुथ अध्यक्ष संजीत तुरी,अनिल तुरी,प्रमोद प्रजापति,धनु तुरी, ननका तुरी,रमेश भुइया,दशरथ तुरी,विजय तुरी,कृष्ण तुरी,उर्मिला देवी, मोहनी देवी,कमली देवी,फोगनी देवी, जशो देवी,पूजा देवी आदि लोग शामिल रहे .

## फुटबॉल टूर्नामेंट में अंश क्लब कांके बना विजेता



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रथम सरला बिरला मेमोरियल रनिंग फुटबॉल टूर्नामेंट 2023-24 का चैंपियन कांके का अंश क्लब बना। महिलोंग एफ सी के तत्वावधान में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । बुधवार को समापन हुआ । टूर्नामेंट में कुल सोलह टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला अंश क्लब कांके और बांधगाड़ी एफसी के बीच खेला गया। अंश क्लब एक गोल से विजेता बना। विजेता टीम को पुरस्कार स्वरूप डेढ़ लाख रुपए और विनिंग ट्रॉफी प्रदान की गई। उपविजेता टीम को एक लाख रूपए और ट्रॉफी मिली। तृतीय जे बी के एस एसऔर चतुर्थ स्थान जे एस आर नामकुम हासिल करने वाली टीम को बीस-बीस हजार रूपए का पुरस्कार मिला।मुख्य अतिथि सरला बिरला विवि के कुलपति प्रो. गोपाल पाठक, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य राम अवतार केरकेट्टा, विपिन टोप्पो,विजय कुमार सिंह,पंकज कुमार,अजय कुमार,ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो,पूर्व विधायक राम कुमार पाहन, आरती कुजुर, अतिथि के रूप मे मुन्ना बड़ाइक,माधुरी देवी,मुखिया कृष्णा पाहन,नूतन पाहन,संदीप तिर्कि,कृष्णा लोहरा,मनोज चौधरी खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर व गुबारा उड़ाकर मैच का शुभारंभ किया। इससे पहले बी एम बी एस् टी व स्वर्णरेखा पब्लिक स्कूल के बच्चियों ने स्वागत किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे काशीनाथ महतो, जितेंद्र सिंह, सरोजनाथ महतो, फुलकुमारी देवी, विमल महतो, विश्वनाथ महतो,राजेंद्र महतो, चैतु तिर्की,महेंद्र महतो, मोहर नाथ महतो, अमृत महतो, निखिल महतो, अजित महतो इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर टूसु मेला का भी आयोजन हुआ।

## सिल्ली की सोनाली ने कांस्य जीता

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):**सिल्ली की सोनाली कुमारी ने खेलो इंडिया सीनियर वुशु विमेंस लीग में कांस्य पदक जीत कर क्षेत्र और एकाडमी का नाम रोशन किया है। सिल्ली वुशु एकाडमी के कोच वाहिद अली ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन 24 से 27 फरवरी तक रांची के खेल गांव स्थित मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम में किया गया था। उनके इस उपलब्धि पर एकाडमी के संरक्षक सह स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो, गूंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह, अध्यक्ष सुनील सिंह, ब्रजेश प्रसाद, आर्चरी कोच प्रकाश राम, शिशिर महतो आदि ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।




## आजसू पार्टी का खिजरी विधानसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन संपन्न





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** आजसू पार्टी का खिजरी विधानसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी प्रशिक्षण सह सम्मेलन प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ जिसके मुख्य अतिथि आजसू पार्टी केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने सरकार को घेरते हुए कहा सरकार झूठ और लुट पर टिका है अबुवा आवास से लेकर बालू कोयला की चोरी से सरकार बाज नही आ रही है इसलिए जानता इस बार सरकार को वोट से जवाब देगी । विशिष्ठ अतिथि राँची जिला अध्यक्ष संजय महतो ने कहा ग्राम प्रभारी और चूल्हा प्रमुख हमारी आजसू पार्टी की रीढ़ है कार्यक्रम का समापन करते हुए केंद्रिय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने कहा खिजरी विधानसभा की जानता विकास के लिए तरस रही है और यहाँ की विधायक सांसद पैसा कमाने में मस्त है इसका दिशा और दशा आजसू पार्टी ही बदल सकती है संचालन प्रखंड सचिव धमेन्द्र सिंह ने किया । मौके पर केंद्रीय महासचिव डॉ अशोक नाग, जिला अध्यक्ष महिला वीणा देवी,जिला परिषद सह केंद्रीय सचिव सरिता देवी,जितेंद्र सिंह,बिरेन्द्र सिंह भोगता,रामधन बेदिया,जलनाथ चौधरी,राजू नायक,प्रकाश चौधरी, अनिता गाड़ी,राजकिशोर महतो, दिगम्बर महतो,रतन सिंह होंडा, किरण देवी,आनंद महतो, लक्ष्मी नारायण महतो,राजू उराँव, किसुन महतो, अर्जुन प्रसाद,योगेंद्र महतो, महाबीर महतो,अमरनाथ महतो, जगरनाथ महतो,राजेन्द्र महतो, फलिन्द्र महतो,सरिता देवी,राजेश पाहन, ऋषि हज़ाम, अनिता देवी, सबिता देवी,देवकी देवी,सुरेन्द्र महतो,आदि तमाम महिला पुरूष ग्राम प्रभारी उपस्थित रहे ।

## पंचायत प्रतिनिधियों ने मंत्री से किया अबुआ आवास योजना के लाभुक चयन में मनमानी का शिकायत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग मंत्री आलमगीर आलम से मिलकर प्रखंड कार्यालय द्वारा अबुआ आवास योजना के लाभुक चयन में मनमानी करने आरोप लगाया है। इससे पूर्व पंचायत प्रतिनिधियों ने बैठक कर बीडीओ को ज्ञापन सौंपा था। प्रतिनिधि मंडल ने मंत्री आलमगीर आलम को बताया कि बेड़ो प्रखंड कार्यालय द्वारा सभी पंचायतों से 15 लाभुकों का सूची ग्राम सभा से मंगाया गया था बाद में फिर से 50-60 लाभुकों का सूची मंगाया गया और दोनो बार मुख्यमंत्री कार्यक्रम में ग्राम सभा से चयनित लाभुकों को भेजा गया। मुख्यमंत्री कार्यक्रम पश्चात अभी पुनः प्रखंड से जो लाभुकों का प्राथमिकता सूची जारी किया गया है वहां से पूर्व में ग्राम सभा से चयनित लाभुकों का नाम हटा दिया गया है। इस तरह लाभुक चयन में बार बार बदलाव होने से स्थानीय जनप्रतिनिधि व राज्य सरकार का बदनामी हो रही है। वहीं प्रतिनिधियों ने मंत्री आलमगीर आलम से अवश्यक कार्यवाई करने का अपील किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप, उपप्रमुख मोद्दसिर हक, विधायक प्रतिनिधि करमा उराँव, मुखिया निरज कुजूर, सुशांति भगत, लक्ष्मी कोया, कुआरी खलखो, सरिता एक्का, रमेश उराँव, प्रबल्ला केरकेट्टा, पंचायत समिति सदस्य सब्दुल मलिक, सहिस्ता प्रविन, बिगा उराँव, कल्याणी देवी उपस्थित थे।

## मुखिया व प्रमुख ने किया पक्की नाली निर्माण का शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो प्रखण्ड के पुरियो पंचायत में बुधवार को 15वें वित्त मद से बनने वाली पक्की नाली निर्माण का शिलान्यास मुखिया नीरज कुजूर और प्रमुख विनीता कच्छप ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर मुखिया नीरज कुजूर ने कहा इस पक्की नाली की मांग बहुत पहले से थी, और मेरी यह प्राथमिकता भी थी। आज इसका कार्य प्रारंभ होने से मुझे बहुत खुशी महसूस हुई, वहीं उन्होंने लाभुक समिति को कहा कि नाली निर्माण का कार्य पूरी तरह से गुणवत्तापूर्ण हो, साथ ही ग्रामीणों से भी निर्माण कार्य में सहयोग की अपील की।इस मौके पर लाभुक समिति अध्यक्ष अर्जून महतो, सचिव सोनू हज्जाम, रामसागर महतो, शिवसागर महतो, कृष्णा उरांव, बनारसी गोप, चामा उरांव, इतवारी उरैन, मिनी कुमारी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## बिरसा कॉलेज में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर विद्यार्थी परिषद ने दिया धरना

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद खूंटी नगर के द्वारा बिरसा कॉलेज में हो रहे भ्रष्टाचार और छात्रों से अवैध बोनाफाइड के नाम पर अवैध वसूली एवं कॉलेज में प्रिंसिपल के द्वारा इंटर की शिक्षकों की नियुक्ति खुद तथा कॉलेज ड्रेस की प्रक्रिया खुद अपने अकेले लागू की है इसको लेकर विद्यार्थी परिषद ने धरने पर बैठे। जिला संयोजक कमलेश महतो ने आरोप लगाते हुए कहा कि कॉलेज पूरी तरह से भ्रष्टाचार में सनलिप्त है जिस प्रकार से बिरसा कॉलेज में इंटर की शिक्षक की नियुक्ति खुद अकेले जिनका कॉलेज के द्वारा न कोई विज्ञापन एवं कोई इंटरव्यू नहीं लिया गया और करीब 6 से 7 शिक्षकों की नियुक्ति हुई है एवं कॉलेज ड्रेस बदलने की प्रक्रिया अकेले ही की है इससे साफ जाहिर हो रहा है कि किसी न किसी रूप से वह भ्रष्टाचार से सनलिप्त है उन्होंने कहते हुए कहा कि विश्वविद्यालय इस पर पूरी त्वरित कार्रवाई करते हुए उनको सस्पेंड किया जाए अगर ऐसा नहीं करते हैं तो वह विश्वविद्यालय के सामने धरना पर बैठ जाएंगे। कॉलेज अध्यक्ष पवन कुमार महतो ने कहा कि कॉलेज में छात्रों की पढ़ाई पर असर पड़ रहा है साधारण से साधारण चीजों के लिए भी छात्रों को बहुत भटकना पड़ता है खासकर महिलाओं के लिए स्वच्छ बाथरूम की व्यवस्था नहीं है पीने का पानी नहीं है ऐसे प्रिंसिपल को तो कुर्सी में बैठना नहीं चाहिए केवल बोनाफाइड के नाम पर छात्र छात्राओं से वसूली कर रहे हैं। वीसी सर से आग्रह करते हैं कि पूरी कार्रवाई करते हुए प्रभारी प्रिंसिपल को बर्खास्त किया जाए। कॉलेज सह मंत्री श्रद्धा सिंह ने कहा कि हमेशा छात्र छात्राओं से ही कभी ष्टष्ट के नाम पर कभी एग्जाम फॉर्म भरने के नाम पर कभी एडमिशन फॉर्म भरने के नाम पर कभी बोनाफाइड फॉर्म भरने के नाम पर अवैध वसूला जा रही है जो की गलत है विश्वविद्यालय प्रशासन को इस पर त्वरित कार्रवाई करें।मौके पर प्रवीण नाग ,महेश साहू ,परमानंद नाग, लक्ष्मीनारायण साहू, माया कुमारी सुमन कुमारी, अनामिका कुमारी,अजय जैसवाल ,सौरभ साहू ,विनोद ,देवराज ,एवं हज़ारों की संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## कर्रा थाना प्रभारी ने खूंटी विधानसभा क्षेत्र के बुथ का भौतिक सत्यापन किया



**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कर्रा के थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार बुधवार को कर्रा प्रखंड अंतर्गत 60 खूंटी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन किया गया.जिसमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुदा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बमरजा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय डुमरगड़ी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पहाड़टोली, नव प्राथमिक विद्यालय कदल, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सरदुला, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सांगोर, प्राथमिक विद्यालय तस्की, प्राथमिक विद्यालय कासिरा, उच्च विद्यालय बिरदा, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सिलमा, सामुदायिक भवन बिरदा बुथ का भौतिक सत्यापन किया गया. बुथ सत्यापन के दौरान थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार के साथ शस्त्र पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## कर्रा पुलिस ने अवैध शराब के विरूद्ध अभियान चलाया

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तुमना में अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाकर कुल 35 किलोग्राम महुआ जावा तथा करीब 10 लीटर देसी शराब को विनष्ट किया गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को कर्रा थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार को गुप्त सूचना के आधार पर रविवार को शस्त्र पुलिस बल के साथ छापामारी अभियान चलाकर अवैध शराब व महुवा जावा को विनष्ट किया गया. थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार से बात करने पर उन्होनें बताया कि अवैध शराब को लेकर सघन छापामारी अभियान चलाया जा रहा है. पुरे क्षेत्र में अधिकांश सड़क दुर्घटना का मुख्यता कारण शराब ही होता है अवैध शराब खरीद बिक्री पर पुलिस प्रशासन पुरी तरह नकेल कासने का काम कर रही है।

**Office of Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division, Simdega**

**Very Short Tender e-Procurement Notice**
**(1stCall)**

**Tender Reference: -DWSD/SIM/SR-13/2023-24** **Date:-28.02.2024**

| Sl. No. | Name of work | Group No. | No. of Tube Well for SR | Estimated Cost (in Lakh) | Earnest Money (in Lakh) | Cost of BOQ (in Lakh) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Relocation of tube well of 125 mm x 115 mm dia x 60 mtr deep (av) drilled tube well complete with installation of India mark-II hand pump with 32 mm dia medium class G. I. Riser pipe by dth rig machine, with 125 mm blue upvc casing pipe, including platform & drain etc. F.Y. 202 4-25. | SR-I | 30 | 25.16646 | 0.51 | 0.05 | 01 Month |
| 2 | | SR-II | 30 | 25.16646 | 0.51 | 0.05 | 01 Month |
| 3 | Date of Tender Uploading in Website | | | | Date – 29.02.2024 up to 05:00 PM | | |
| 4 | Last Date Receipt of Bid | | | | Date – 06.03.2024 up to 05:00 PM | | |
| 5 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवंई–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | | | | Date – 06.03.2024 up to 05:00 PM | | |
| 6 | Date of Opening Tender (Technical Bid) | | | | Date – 07.03.2024 up to 05:00 PM | | |
| 7 | Name and Address of office Inviting Tender | | | | Executive Engineer, D.W.& S. Division, Simdega | | |
| 8 | Name and Address of Tender Opening Officer | | | | Executive Engineer, D.W.& S. Division, Simdega | | |
| 9 | Contact No. of e-Procurement office | | | | 9431501512 | | |
| 10 | Helpline No. of e-Procurement cell | | | | 06525-350233 | | |

**नोट**–केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

**Executive Engineer**
**D.W.& S. Division, Simdega.**

PR 320764 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)

**कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।**
**Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com**
**अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।**

**ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 09/2023-24**

विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 01.03.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे)
ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 01.03.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 08.03.2024 (अपराह्न 2:00 बजे तक)
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 09.03.2024 (अपराह्न 3:00 बजे)
निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | सदर मेदिनीनगर | पोलपोल कला | पंचायत भवन पोलपोल कला के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 2026600.00 | 41000.00 | 5000.00 | 6 माह | 01/2023-24 DOPR/DE/ZP/ PALAMU |
| 2 | हुसैनाबाद | बनियाडीह बराही | पंचायत भवन बनियाडीह बराही के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 2026600.00 | 41000.00 | 5000.00 | 6 माह | 02/2023-24 DOPR/DE/ZP/ PALAMU |
| 3 | छतरपुर | कालापहाड़ | पंचायत भवन कालापहाड़ का मरम्मति। | 2469600.00 | 49500.00 | 5000.00 | 6 माह | 03/2023-24 DOPR/DE/ZP/ PALAMU |

नोट–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में तृतीय अथवा उससे उच्चतर श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्तें **www.palamu.nic.in** एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए **Website- www.jharkhandtenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।

PR 320750 District(23-24)D

**झारखण्ड सरकार**
**जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़**

**वित्तीय वर्ष 2020 –21, 2021–22 एवं 2022 – 23 में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अन्तर्गत शेष योजनाओं का क्रियान्वयन हेतु आमंत्रण सूचना**

रामगढ़ जिला के मात्स्यिकी कार्य से जुड़े कृषकों अथवा मात्स्यिकी कार्य से जुड़ने हेतु इच्छुक व्यक्तियों के लिए वित्तीय वर्ष 2020 –21, 2021–22 एवं 2022 – 23 में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अन्तर्गत आवेदन प्राप्त करने हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। विज्ञापन पश्चात प्राप्त आवेदनों के अनुसार में जिला स्तरीय चयन समिति के द्वारा चयन कराया गया था। **वित्तीय वर्ष 2020–21** विभागीय राज्यादेश सं0 49, दिनांक 31.03.2022, **वित्तीय वर्ष 2021–22** विभागीय राज्यादेश सं0 40, दिनांक 17.02.2022 एवं **वित्तीय वर्ष 2022–23** विभागीय राज्यादेश सं0 22, दिनांक 07.11.2022 में प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं हो सका। उन शेष बचे योजनाओं के लिए पुनः आवेदन आमंत्रित किया जाता है जिसकी विवरणी निम्न है :–

| क0 सं0 | योजना का नाम | इकाई | इकाई लागत (लाख रू0 में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | कार्प हैचरी निर्माण | (सं0में) | 25.00 |
| 2 | रियरिंग तालाब निर्माण (नर्सरी/बीज रियरिंग तालाब) | (हे0में) | 7.00 |
| 3 | ग्रो आउट तालाब निर्माण | (हे0में) | 7.00 |
| 4 | माध्यम आर0ए0एस0 (रिसर्कुलैट्री एक्वा कल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना – 30 मी0$^{3}$ क्षमता वाले 06 टैंक एवं 10 टन मछली उत्पादन की क्षमता वाले | (सं0में) | 25.00 |
| 5 | बायोफ्लॉक मत्स्य पालन तंत्र की स्थापना – 04मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उच्चाई के 25 टेंक वाले | (सं0में) | 25.00 |
| 6 | जलाशय में केज की स्थापना | (सं0में) | 3.00 |
| 7 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/बर्फ प्लांट निर्माण (10 टन क्षमता) | (सं0में) | 40.00 |
| 8 | रेफ्रिजेरेटेड (प्रशीतित) वाहन | (सं0में) | 25.00 |
| 9 | इनसुलेटेड (तापरोधक) वाहन | (सं0में) | 20.00 |
| 10 | मोटर साईकिल, आईस बॉक्स के साथ | (सं0में) | 0.75 |
| 11 | आईस बॉक्स के साथ तीन पहिया वाहन (ई–रिक्शा भी) | (सं0में) | 3.10 |
| 12 | लघु फिश फीड मिल (प्रतिदिन 02 टन उत्पादन क्षमता) | (सं0में) | 30.00 |

उपरोक्त योजनाओं का इकाई लागत का 40 प्रतिशत समान्य कोटि एवं 60 प्रतिशत महिला (किसी भी कोटि का) / अनु0जा0/अनु0ज0जा0 को देय होगा शेश अंशदान राशि लाभुक द्वारा स्वयं वहन किया जायगा। **आवेदन जमा करने हेतु अंतिम तिथि – 10.03.2023 को निर्धारित किया जाता है।** आवेदन का प्रपत्र कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है। आवेदन के साथ निम्नलिखित प्रमाण पत्र/कागजात संलग्न करना आवश्यक है –

1. योजना – कार्प हैचरी निर्माण/रियरिंग तालाब निर्माण (नर्सरी/बीज रियरिंग तालाब)/ग्रो आउट तालाब निर्माण/06 टैंक का आर0ए0एस0 की स्थापना/ 04मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उच्चाई के 25 टेंक वाले बायोफ्लॉक/ शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/बर्फ प्लांट निर्माण/ लघु फिश फीड मिल योजनाओं के लिए भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र या 10 साल का रजिस्ट्रड़ लिज एग्रीमेन्ट का छाया प्रति आवेदन के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा।
2. आधार कार्ड का छायाप्रति।
3. बैंक खाता का छायाप्रति।
4. आवेदन किये गये योजनाओं का DPR
5. लाभुक अंशदान लागाने हेतु सहमति प्रमाण पत्र एवं बैंक में जमा राशि का विवरणी छायाप्रति।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी,
रामगढ़

PR 320647 Fish(23-24)#D

## युवाओं ने थामा आजसू का दामन, केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो ने किया स्वागत



**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को चिलगु स्थित आजसू प्रधान कार्यालय में कई युवाओं ने सदस्यता ग्रहण किया, जिनका आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो ने स्वागत किया एवं सदस्यता दिलाई। आदित्यपुर के आयुष मल्लिक के नेतृत्व में युवाओं ने सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता लेने वालों में अभिषेक भट्ट, आयुष कुमार, रोहित सिन्हा, रितिक कुमार, जयंत कुमार, अनुराग कुमार, अभिषेक सिंह, सौरभ, प्रिंस कुमार, दीपक कुमार, नीरज कुमार, अंशु, शौनिक कुमार आदि युवा शामिल हैं। हरेलाल महतो ने कहा कि युवाओं के हित और अधिकारों के लिए आजसु का आंदोलन जारी है। निश्चित तौर पर आजसू के विचारों से राज्य के युवा प्रभावित हो रहे हैं और आजसू के साथ जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में लगातार युवा आजसू के विचारों को समर्थन कर रहे हैं और सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। इससे संगठन को मजबूती मिल रही हैं।

## टाटा बक्सर ट्रेन परिचालन शुरू होना गौरव की बात : अप्पू तिवारी

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भोजपुरी नव चेतना मंच के प्रांतीय अध्यक्ष अप्पू तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया की टाटा बक्सर रेल परिचालन शुरू करने की मांग बहुत पुरानी है और शुरू होना गर्व की बात है। टाटा से बक्सर जाने वाली रेल सेवा शुरू होने से बक्सर ,बलिया, आरा, गोरखपुर और देवरिया तक के लोगो को राहत मिलेगी क्योंकि उस क्षेत्र के बहुआयत लोग इस लौह नगरी में निवास करते है। इसके लिए देश के प्रधान मंत्री और रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के प्रति भोजपुरीया समाज आभार व्यक्त करता है।



## संस्थापक दिवस को लेकर 7 मार्च तक बंद रहेगा जुबली पार्क मेन गेट



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा स्टील के संस्थापक दिवस के उपलक्ष्य में जुबली पार्क मेन गेट को 10 दिनों के लिए बंद कर दिया गया है। कंपनी द्वारा जिला प्रशासन से इसके लिए 26 फरवरी से 7 मार्च तक की अनुमति मांगी गई थी, लेकिन जिला प्रशासन द्वारा कंपनी को 28 फरवरी से 7 मार्च तक के लिए ही अनुमति प्रदान की गई है। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी संस्थापक दिवस पर जुबली पार्क में लाइटिंग और बिजली तार की मरम्मत की जानी है, ऐसे में सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवागमन बंद करना अनिवार्य है। बता दें कि 10 दिनों की बंदी में 28 से 2 मार्च तक आवागमन पूर्ण रूप से बंद रहेगी, जबकि 3 मार्च से 7 मार्च तक विद्युत सजा के दर्शन के लिए पैदल आने वालों के लिए पार्क का गेट खुला रहेगा। इसके बाद 8 मार्च से पुनः पूर्व की तरह आवागमन सुचारू हो जाएगा। इसे लेकर दोनों छोर के गेट के पास एक नोटिस भी लगा दी गई है।

## कुचाई प्रखंड के सुरसी डाक बांगला में शिक्षकों को दी गई विदाई



**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुचाई प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से सेवानिवृत हुए शिक्षकों का सुरसी डाक बंगला में बुधवार को शिक्षक सम्मान सह विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी संजय कुमार जोशी व बीपीओ नाथो महतो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. उमवि पोंडाकाटा के सेवानिवृत्त शिक्षक राम प्रसाद महतो,प्रावि गिरूपानी के शिक्षक प्रताप सिंह देहरी, उमवि जेनालोंग के महादेव मिंज, उमवि कुदाडीह के जोगेन्द्र सिंह मुंडा,उमवि बड़ासेगोई के सोमा सिंह मुंडा,उमवि बालजुड़ी के बिरेंद्र कुमार तिवारी एवं उमवि रोलाहातु के मदन मोहन शर्मा को शॉल ओढ़ाकर व बुके देकर अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया. कार्यक्रम का संचालक सुधाकर ठाकुर एवं पंचू मार्डी ने किया. मौके पर सुखराम कुम्हार,भैरव चन्द्र दास,राजकुमार लोहार,प्रदीप कुमार प्रमाणिक,तरूण कुमार सिंह, दीनबंधु सिंह पात्र,संजय कुमार सिंह,रामचरण गोराई,मनमोहन कुमार,अरविंद कुमार,रामेश्वर महतो समेत सीआरपी एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे.

## बोड़ाम में बालू लदा हाइवा पलटा

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार की सुबह करीब सवा 6 बजे बोड़ाम थाना क्षेत्र अंतर्गत बंगोई तालाब के पास बेलटांड़-रघुनाथपुर मुख्य सड़क पर बालू लदा एक हाइवा पलट गया। बताते हैं कि तिरुलडीह थाना क्षेत्र से बालू लेकर पटमदा की ओर आ रहा हाइवा के अगला चक्का के आईबीम में लगा स्पेंडल टूट जाने से चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया और सड़क किनारे पलट गया। इस घटना के बाद चालक व खलासी ट्रक के अंदर फंसा हुआ था जिसे स्थानीय लोगों ने मदद करते हुए बाहर निकाला। मदद करने वालों में बंगोई निवासी परेश मंडल, तापस महतो, रोहित कर्मकार, नरेन मंडल, सुनील मंडल, फूलचांद मंडल, दशरथ कर्मकार व रामनाथ गोप समेत कई लोग शामिल थे। इस घटना में किसी के भी घायल होने की सूचना नहीं है।



## बांदु में बीजेपी युवा चौपाल कार्यक्रम आयोजित




**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नीमडीह प्रखंड क्षेत्र के बांदु में बीजेपी के पश्चिम मंडल की और से युवा चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण का हुआ। मौके पर बीजेपी युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य बिनोद राय, युवा मोर्चा जिला कार्य समिति सदस्य सह निमडीह पश्चिम के प्रचारक सुग्रीव महतो,मंडल अध्यक्ष चिनिवास महतो,मंडल उपाध्यक्ष लखिन्दर महतो, ीपक महतो युवा नेता, सुमंत महतो, राजेन सिंह मुंडा,विश्वनाथ नाथ उरांव आदि बीजेपी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# टाटा स्टील मना रही है अपने संस्थापक जेएन टाटा की 185वीं जयंती

- इस वर्ष संस्थापक दिवस की थीम है टेक्नोलॉजी फॉर पीपल एंड प्लैनेट
- समारोह में पूरे जमशेदपुर में 50 से अधिक महत्वपूर्ण स्थलों की विद्युत सज्जा शामिल है

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील 3 मार्च, 2024 को जमशेदपुर में अपने संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा की 185वीं जयंती मनाने की तैयारी कर रही है। इस वर्ष के संस्थापक दिवस की थीम टेक्नोलॉजी फॉर पीपल एंड प्लैनेट है। हर साल, टाटा स्टील अन्य टाटा समूह की कंपनियों के साथ संस्थापक की जयंती और सामुदायिक कल्याण को केंद्र में रखते हुए औद्योगिक भविष्य के उनकी दूरदर्शी सोच का जश्न मनाती है। जे एन टाटा ने 1870 के दशक में मध्य भारत में एक कपड़ा मिल से अपनी उद्यमशीलता यात्रा शुरू की थी। उनकी दूरदर्शिता ने भारत में इस्पात और बिजली उद्योग को प्रेरित किया, तकनीकी शिक्षा की नींव रखी और देश को औद्योगिक देशों की श्रेणी में शामिल होने में मदद की। समारोह में पूरे जमशेदपुर में 50 से अधिक महत्वपूर्ण स्थलों पर रोशनी की जाएगी, जिसमें हेरिटेज बिल्डिंग, पूजा स्थल और चौराहे शामिल हैं। इन प्रदर्शनों में उपयोग की जाने वाली रंगीन रोशनी न केवल शहर की सुंदरता को बढ़ाएगी बल्कि इस अवसर को यादगार भी बनाएगी। संस्थापक दिवस 2024 के लिए विभिन्न गतिविधियों की योजना बनाई गई है, जिसमें जुबली पार्क, जमशेदपुर वर्क्स और पोस्टल पार्क में श्रद्धांजलि कार्यक्रम, प्रदर्शनियां, खेल कार्यक्रम और एसएनटीआई में एक विज्ञान और प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी और जमशेदपुर वर्क्स में स्टीलेनियम हॉल में एक प्रदर्शनी शामिल है। पूरी दुनिया के दर्शकों के लिए जमशेदपुर वर्क्स में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का टाटा स्टील के आधिकारिक फेसबुक पेज पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। संस्थापक दिवस के खेल कार्यक्रम जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और गोपाल मैदान में भी आयोजित किए जाएंगे, जिसमें कर्मचारियों और समुदाय के मनोरंजन के लिए कई खेल गतिविधियां शामिल होंगी।




## टकलू लोहार हत्या मामले में पुलिस ने 2 और को भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सीतारामडेरा थाना अंतर्गत बीते 1 फरवरी को पांडे घाट स्थित चौधरी होटल के सामने हुए चर्चित टकलू लोहार हत्याकांड मामले के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. पुलिस की गिरफ्त में आए अपराध कर्मियों का नाम सौरभ यादव उर्फ साहिल यादव उर्फ गोलू और रघुनाथ मन्ना उर्फ रघु बताया जा रहा है. पुलिस ने उनके पास से एक देसी कट्टा, एक .315 बोर का कारतूस, दो मोबाइल और घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल बरामद किया है. इस संबंध में जानकारी देते हुए एसएसपी कौशल किशोर ने बताया कि मामले के दो अपराधकर्मी सुजल बहादुर उर्फ बोटे और मुन्ना अधिकारी को पूर्व में ही गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है. घटना में संलिप्त अन्य अपराध कर्मियों की गिरफ्तारी तथा कांड के प्रयोग में किए गए मोटरसाइकिल व हथियार की बरामदगी हेतु लगातार छापेमारी की जा रही थी. इसी क्रम में पुलिस को लगातार सूचना मिल रही थी कि कांड में संलिप्त अन्य अभियुक्त घटना के बाद शहर छोड़ कर गिरफ्तारी के डर से अलग- अलग जगह में भागे फिर रहे हैं.

## पटमदा डिग्री कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बुधवार को पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2024 का विषय भारत की वैज्ञानिक प्रगति में घरेलू नवाचारों के महत्व पर जोर देते हुए ÷विस्तारित भारत के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकियां है। यह थीम स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास करती है जो देश के विकास और कल्याण में योगदान दे सकती हैं। विज्ञान संकाय के विभिन्न विभागों द्वारा अत्यंत आकर्षक, मनमोहक, विज्ञान मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। प्राचार्य डॉ. सुमंत कुमार सेन ने इस अवसर पर उत्साहवर्धक प्रेरक भाषण दिया। प्रो. केपी महतो, प्रो शाश्वती महतो, माधुरी, संगीता महतो, सुभद्रा महतो, प्रोफेसर चंद्र शेखर महतो और विज्ञान संकाय के सभी विद्यार्थी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## दोमुहानी ने जुबिली को 6 विकेट से हराया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के तत्वावधान में खेले जा रहे मीडिया कप क्रिकेट 2024 के ड्यूज बॉल टूर्नामेंट में दोमुहानी ने जुबिली एकादश को 6 विकेट से हरा दिया। पिछली शाम की बारिश की वजह से आज एक ही मैच खेला गया। टेल्को ग्राउंड में खेले गए मैच में टॉस जीतकर दोमुहाणी के कप्तान इंद्रजीत सिंह पिंटू ने जुबिली एकादश को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। जुबिली ने 9 विकेट पर 15 ओवर में 94 रन जोड़े जिसके जवाब में दोमुहानी की टीम 4 विकेट के नुकसान पर 12.4 ओवर में 98 रन बनाकर मैच जीत लिया। जुबिली की ओर से निसार ने 21, कार्तिक श्याम 19 और रोहित सिंह ने 19 जोड़े। शेष बल्लेबाज दहाई अंको तक भी नहीं पहुंच सके।प्रतीक पीयूष ने घातक गेंदबाजी कर चार विकेट के साथ मैन ऑफ द मैच का खिताब भी अपने नाम किया। दोमुहानी की पारी में अकबर ने उल्लेखनीय 27 और कौशिक ने 19 रन जोड़े। जुबिली की ओर से निसार ने तीन विकेट झटके। कल से शेष सभी मैच कीनन स्टेडियम में होंगे।



**आज के मैच**

पहला मैच सुबह 8 बजे हुड़को बनाम सुवर्णरखा, दूसरा मैच सुबह 10.30 बजे डिमना बनाम खरकई, तीसरा मैच 1 बजे दलमा बनाम कालीमाटी। (सभी मैच क़ीनन स्टेडियम में खेला जाएगा)

## स्वास्थ्य विभाग की बैठक में उपायुक्त ने बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला द्वारा विडिओ कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित सभी कार्यक्रमों का वित्तीय एवं भौतिक समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी एमओआईसी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाए लोगों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, एचआइवी जांच, आयरन गोली वितरण, संस्थागत प्रसव व होम डिलीवरी, टीवी जाँच, कुष्ठ रोगी पहचान तथा इलाज, मलेरिया-डेंगू, जाँच इत्यादि कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कई निर्देश दिए। प्रखंड विकास पदाधिकारियों को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सीडीपीओ, एमओ तथा बीईईओ को प्रतिमाह दो बार समीक्षा बैठक कर योजनाओं को निश्चित समय में पूर्ण करने तथा क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बारतियार, अपर उपायुक्त प्रवीण कुमार गागराई, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला एवं चाण्डिल , सिविल सर्जन डॉ अजय सिन्हा सहित संबंधित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर करीम सिटी कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज विज्ञान संकाय ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर कॉलेज ऑडिटोरियम में छात्र-छात्राओं के लिए एक भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जिसका विषय मेरा पसंदीदा वैज्ञानिक था। प्रतियोगिता के अंग्रेजी में 16 छात्र छात्राओं ने तथा हिंदी में पांच छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में राजनीतिक विज्ञान के अध्यक्ष डॉ अनवर शहाब ने निर्णायक थे। अंग्रेजी में फोजिया जन्नत को प्रथम तथा वरुण मंडल को द्वितीय पुरस्कार एवं हिंदी श्रेणी में शिवम सरोज को प्रथम तथा लक्ष्मीकांत मुर्मू को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को प्रारंभ करते हुए विज्ञान संकाय के प्रभारी डॉ तुफैल अहमद ने सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर कॉलेज के सभी विभागों के प्राध्यापक एवं विज्ञान संकाय के प्राध्यापक तथा छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



## मंगल कालिंदी ने विस में उठाया कार्डधारियों के सदस्यों का नाम जिला स्तर पर जोड़ने की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने बुधवार विधानसभा में बजट सत्र के शून्यकाल में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत पीएचएच एवं अंत्योदय राशनकार्ड तथा झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना अंतर्गत हरा राशन कार्ड में छूटे हुए सदस्यों का नाम जोड़ने का कार्य जिला स्तर से कराने की मांग सरकार से की है। विधायक ने शून्यकाल में कहा कि कार्डधारियों के छूटे हुए नाम जोड़ने का कार्य अंतिम रूप से एनआईसी रांची से होने के कारण आपातकालीन स्थिति में उन्हें आयुष्मान योजना का लाभ नहीं मिल पाता है।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर महिला पॉलीटेक्निक जमशेदपुर में विज्ञान प्रदर्शनी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** राजकीय महिला पॉलीटेक्निक जमशेदपुर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान की प्रथम सेमेस्टर एवं राजकीय मध्य विद्यालय, ऊपरबेड़ा की सप्तम और अष्टम कक्षा की छात्राओं ने भाग लिया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि मल्टीटेक ऑटो ग्रुप के फाउंड्री कंसल्टेंट अजय सिन्हा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कॉरपोरेट कंसल्टेंट (एच.आर.) उपस्थित थे। मौके पर शामिल छात्राओं द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी, पोस्टर प्रदर्शनी, रोबो रेस आदि का आयोजन किया गया। इस मौके पर संस्थान के प्राचार्य डॉ संजीव कुमार ने प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ सीबी रमन इम्फेक्ट से बच्चों को अवगत कराया। मुख्य अतिथि अजय सिन्हा ने अपने सम्बोधन में कहा कि टाटा ग्रुप के बाद मल्टीटेक ऑटो ग्रुप दूसरी सबसे बड़ी कंपनी है। इस मौके पर संस्थान के प्रो0 राजेश प्रसाद, सुबोध कुमार, बिहारी गोंड, विष्णु शंकर सिंह, शिव सागर प्रसाद समेत सभी शिक्षकगण व काफी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।



## कांड्रा एसकेजी कॉलोनी में तीन घरों से हजारों की चोरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** बीते मंगलवार की रात कांड्रा थाना अंतर्गत एसकेजी कॉलोनी में चोरों ने तीन घरों का ताला तोड़कर हजारों की चोरी कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एसकेजी कॉलोनी के दुर्गा मंदिर के समीप संजय वार्ष्णेय मंगलवार को घर बन्द कर अपने परिवार के साथ अपने रिश्तेदार के घर गया हुआ था। चोरों ने इसका फायदा उठाते हुए बंद घर का ताला तोड़ कर पूजा स्थान से खुचरा पैसे समेत अलमारी तोड़कर करीब 30 हज़ार नगद की चोरी कर ली। उसके अलावा चोरों द्वारा शिक्षक एफएन सक्सेना के घर का भी ताला तोड़ कर चोरी का प्रयास किया गया जिसमें उसे सफलता हाथ नहीं लगी। इसके अलावा चोरों द्वारा कॉलोनी स्थित क्वार्टर संख्या सी-5 में भी चोरी का प्रयास किया गया। किन्तु, उस क्वार्टर को मटेरियल सप्लाई के लिए गोदाम बनाया है जिसे चोर नहीं ले जा सके। वारदात की सूचना मिलते ही कांड्रा थाना पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जांच में जुट गई है। वहीं, कॉलोनी वासियों ने बताया कि एसकेजी कॉलोनी में चोर बंद घरों पर हमेशा निशाना बनाते आए हैं।

## आयशर ने जमशेदपुर में हेवी-ड्यूटी ट्रकों की नॉन-स्टॉप सीरीज का किया अनावरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** वीई कॉमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड की एक बिजनेस यूनिट, आयशर ट्रक्स एंड बसों ने जमशेदपुर में तेजी से विकसित हो रहे लंबी दूरी के परिवहन के लिए डिजाइन की गई एक नई रेंज, आयशर नॉन-स्टॉप सीरीज का अनावरण किया। नॉन-स्टॉप सीरीज चार नए हैवी-ड्यूटी ट्रकों को शामिल करती है जो शक्तिशाली और फ्यूल-एफिशिएंट इंजनों से लैस हैं और बेहतर प्रदर्शन और मालिकों को बेहतर अपटाइम प्रदान करने के लिए एक कनेक्टेड सर्विस इकोसिस्टम का उपयोग करते हैं। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, वीईसीवी के एमडी और सीईओ श्री विनोद अग्रवाल ने कहा, हमें यह घोषणा करते हुए बहुत गर्व हो रहा है कि जमशेदपुर में आयशर की नॉन-स्टॉप रेंज के एचडी ट्रक पेश किए जा रहे हैं, जो उद्योग जगत में नए मानदंड स्थापित करेंगे।

### आयशर ने जमशेदपुर में शुरु की नई व अत्याधुनिक डीलरशिप का उद्घाटन



**जमशेदपुर :** झारखंड में अपने कदम बढ़ाते हुए, वीई कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड की एक बिज़नस यूनिट, आइशर ट्रक्स एंड बसों ने जमशेदपुर में अपनी नई 3एस डीलरशिप का उद्घाटन किया। झारखंड में छठी, पूरी तरह से नई होराइजन ट्रकिंग फेसिलिटी का उद्देश्य झारखंड और पड़ोसी शहरों में आइशर ट्रक और बस ग्राहकों की सेवा करना है।

## कुईयानी में जिला स्तरीय कृषि मेला सह प्रदर्शनी शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के कुईयानी पंचायत मंडप परिसर में बुधवार को जिला स्तरीय कृषि मेला सह प्रदर्शनी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पटमदा, बोड़ाम व जमशेदपुर प्रखंड के विभिन्न गांवों के किसान अपने खेतों में तैयार किये फूलगोभी, बंदगोभी, टमाटर, बैगन, मूली, करेला समेत अन्य उत्पादों के साथ शामिल हुए। शिविर में किसानों ने स्टॉल के माध्यम से अपनी प्रदर्शनी को लोगों के बीच दर्शाया। शिविर में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी दीपक कुमार वर्मा, उप परियोजना निदेशक विजय कुमार सिंह, दरिसाई कृषि केंद्र के डॉ आरती वीना एक्का, कृषि वैज्ञानिक गंदरा मांडी, देवाशीष महतो, डालेश्वर रजक, बीएओ गोपाल सुंदर मंडल, विधायक प्रतिनिधि छुटुलाल हांसदा, प्रमुख ललिता सिंह, उप प्रमुख संतोषी महतो, मुखिया गुरुवारी हांसदा, बीटीएम सुशील कुमार महतो समेत अन्य कई लोग मौजूद थे। किसान मेला में संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त मनीष कुमार ने कहा कि नया तकनीकी के उपयोग करते हुए किसान खेतिकार्य करें। जिससे कि कृषि उत्पाद दुगनी हो और मुनाफा भी ज्यादा कमायें। केवीके और जेडारेश से आये हुए कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को नई तकनीकी की जानकारी दीं। इस दौरान बढ़िया उत्पाद करने वाले किसानों को हर फसल की पहला से तीसरे स्थान पर चयनित करते हुए कृषि यंत्र देकर सम्मानित किया गया।

**कई किसान हुए सम्मानित**



संपादकीय

## एकजुट होता 'इंडिया'

**कुछ** दिन पहले विपक्ष का जो 'इंडिया' गठबंधन बिखरता और समाप्त-सा लग रहा था, वह अचानक एकजुट होता लग रहा है। चुनावों से पहले यह एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम है। उप्र में 63 सीटों पर समाजवादी पार्टी और 17 सीटों पर कांग्रेस का गठबंधन सुनिश्चित हो चुका है। अब 'न्याय यात्रा' में अखिलेश यादव और राहुल गांधी साथ-साथ दिखाई देंगे। दिल्ली, हरियाणा, गोवा, गुजरात और चंडीगढ़ की 46 सीटों पर आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के दरमियान गठबंधन घोषित हो चुका है। 'आप' हरियाणा में कुरुक्षेत्र, गुजरात में भरुच और भावनगर तथा दिल्ली की 4 संसदीय सीटों पर प्रत्याशी उतारेगी। शेष सीटें कांग्रेस लड़ेगी। बेशक पंजाब में दोनों दल अलग-अलग चुनाव में उतरेंगे। बिहार में लालू यादव के राजद, कांग्रेस और वामदलों में बुनियादी सहमतियां बन गई हैं। आगामी 3 मार्च को गठबंधन की अधिकृत घोषणा की जा सकती है। पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, झारखंड, जम्मू-कश्मीर की 149 सीटों पर गठबंधन फिलहाल चुनौती बना है। इन राज्यों में कांग्रेस और अन्य दल गठबंधन में रहे हैं, लिहाजा देर-सबेर सीटों का बंटवारा घोषित किया जा सकता है। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी से गठबंधन की खातिर 2-3 बार फोन पर चर्चा की है। तृणमूल ने कांग्रेस को मात्र 2 सीटें देने की बार-बार बात कही है, जबकि कांग्रेस 6 सीटों पर दावा कर रही है। यह भी सहमति बन सकती है कि कांग्रेस असम और मेघालय में 1-1 सीट तृणमूल के लिए छोड़ सकती है। फिलहाल ममता का रुख कड़ा है, लेकिन दोनों के बीच जड़ता की स्थितियां नहीं हैं। प्रख्यात चुनाव विशेषज्ञों के आकलन हैं कि यदि कांग्रेस और तृणमूल में गठबंधन हो गया, तो बंगाल में भाजपा की 18 सीटें घटकर ईकाई में पहुंच सकती हैं। यह राजनीति ममता भी समझती होंगी! हालांकि वैसे आसार नहीं हैं कि भाजपा-एनडीए के खिलाफ विपक्ष का एक ही, साझा उम्मीदवार चुनाव में उतर सके। यह सुझाव बिहार के मुख्यमंत्री एवं जद-यू के अध्यक्ष नीतीश कुमार का था, जिन्होंने सबसे पहले विपक्षी दलों को लामबंद करना शुरू किया था। अब तो वह खुद ही पाला बदल कर, भाजपा के साथ गठबंधन बना, सरकार बना चुके हैं। बहरहाल ऐसा बताया जा रहा है कि 350 से अधिक सीटों पर 'मोदी बनाम इंडिया' के समीकरण बनाने पर विपक्ष विमर्श कर रहा है। इनमें 200 से अधिक सीटों पर 'भाजपा बनाम कांग्रेस' के समीकरण प्रत्यक्ष होंगे। विपक्षी गठबंधन के लिए महाराष्ट्र सबसे महत्वपूर्ण राज्यों में एक है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के अलावा, राहुल गांधी ने भी शरद पवार और उद्धव ठाकरे से फोन पर बातचीत कर गठबंधन की सीटें तय करने के अनुरोध किए हैं। हालांकि कुछ राज्यों में वामपंथी दल भी कांग्रेस के साथ गठबंधन में शामिल हैं, लेकिन केरल में उन्होंने अपने मोर्चे में सभी 20 सीटें बांट ली हैं। वहां कांग्रेस का प्रतिद्वंद्वी मोर्चा है। केरल के अलावा, जम्मू-कश्मीर में फारूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती के दलों ने 'इंडिया' से अलग चुनाव लडने की घोषणाएं की हैं। हालांकि दोनों ही दल, पहले दिन से, 'इंडिया' के घटक रहे हैं। बेशक विपक्षी गठबंधन आकार लेता हुआ दिख रहा है, लेकिन अभी जीत की संभावनाएं बहुत दूर हैं। हालांकि गठबंधन के विरोधाभास भाजपा-एनडीए में भी हैं, लेकिन वहां भाजपा अकेली ही बहुमत प्राप्त करने की स्थिति में है। वहां नेतृत्व और नीति प्रधानमंत्री मोदी की है, लिहाजा 'इंडिया' जैसी मुश्किलें नहीं हैं। विपक्ष में सभी बिखरे पड़े हैं, लिहाजा वोटों का विभाजन हो सकता है, नतीजतन फायदा भाजपा को हो सकता है। उदाहरण के तौर पर बसपा को ही लें। बसपा किसी भी गठबंधन का हिस्सा नहीं है।

> उप्र में 63 सीटों पर समाजवादी पार्टी और 17 सीटों पर कांग्रेस का गठबंधन सुनिश्चित हो चुका है। अब 'न्याय यात्रा' में अखिलेश यादव और राहुल गांधी साथ-साथ दिखाई देंगे। दिल्ली, हरियाणा, गोवा, गुजरात और चंडीगढ़ की 46 सीटों पर आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के दरमियान गठबंधन घोषित हो चुका है। 'आप' हरियाणा में कुरुक्षेत्र, गुजरात में भरुच और भावनगर तथा दिल्ली की 4 संसदीय सीटों पर प्रत्याशी उतारेगी। शेष सीटें कांग्रेस लड़ेगी। बेशक पंजाब में दोनों दल अलग-अलग चुनाव में उतरेंगे। बिहार में लालू यादव के राजद, कांग्रेस और वामदलों में बुनियादी सहमतियां बन गई हैं। आगामी 3 मार्च को गठबंधन की अधिकृत घोषणा की जा सकती है। पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, झारखंड, जम्मू-कश्मीर की 149 सीटों पर गठबंधन फिलहाल चुनौती बना है। इन राज्यों में कांग्रेस और अन्य दल गठबंधन में रहे हैं, लिहाजा देर-सबेर सीटों का बंटवारा घोषित किया जा सकता है। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी से गठबंधन की खातिर 2-3 बार फोन पर चर्चा की है। तृणमूल ने कांग्रेस को मात्र 2 सीटें देने की बार-बार बात कही है, जबकि कांग्रेस 6 सीटों पर दावा कर रही है। यह भी सहमति बन सकती है कि कांग्रेस असम और मेघालय में 1-1 सीट तृणमूल के लिए छोड़ सकती है।

### आज भारतीय समुदाय के प्रत्येक व्यक्ति का लक्ष्य 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का है

## मातृभूमि के लिए प्रवासियों का योगदान

डा. जयंतीलाल भंडारी

> भारत ने एक बहुत ही सफल जी-20 सम्मेलन आयोजित किया है। आज दुनिया के हर बड़े मंच पर भारत की आवाज सुनी जाती है। कहीं भी संकट आता है, तो सबसे पहले पहुंचने वाले देशों में भारत का भी नाम होता है। आज का मजबूत भारत कदम-कदम पर अपने लोगों के साथ खड़ा है। बीते 10 वर्षों में जहां भी विदेशों में बसे भारतीयों को समस्या आई, भारत सरकार ने तेजी से एक्शन लिया है। यूक्रेन, सूडान, यमन और दूसरे संकटों के दौरान फंसे हजारों भारतीयों को सुरक्षित निकाल कर भारत लाया गया है।

**हाल** ही में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के जायद स्पोट्र्स सिटी स्टेडियम, अबूधाबी में भारतीय समुदाय के द्वारा आयोजित 'अहलन मोदी' (हैलो मोदी) कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जिस देश की मिट्टी में आपने जन्म लिया, मैं उस मिट्टी की खुशबू आपके लिए लेकर आया हूं। इस समय भारत और संयुक्त अरब अमीरात मिलकर 21वीं सदी का नया इतिहास लिख रहे हैं। आप यहां जो मेहनत कर रहे हैं, उस ऊर्जा से भारत भी आगे बढ़ रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत के बढ़ते हुए सामथ्र्य ने दुनिया को भी स्थायित्व और समृद्धि की उम्मीद दी है। दुनिया को लगा है कि भारत एक भरोसेमंद ग्लोबल ऑर्डर स्थापित करने में सक्रिय भूमिका निभा सकता है। भारत ने एक बहुत ही सफल जी-20 सम्मेलन आयोजित किया है। आज दुनिया के हर बड़े मंच पर भारत की आवाज सुनी जाती है। कहीं भी संकट आता है, तो सबसे पहले पहुंचने वाले देशों में भारत का भी नाम होता है। आज का मजबूत भारत कदम-कदम पर अपने लोगों के साथ खड़ा है। बीते 10 वर्षों में जहां भी विदेशों में बसे भारतीयों को समस्या आई, भारत सरकार ने तेजी से एक्शन लिया है। यूक्रेन, सूडान, यमन और दूसरे संकटों के दौरान फंसे हजारों भारतीयों को सुरक्षित निकाल कर भारत लाया गया है। आज भारतीय समुदाय के प्रत्येक व्यक्ति का लक्ष्य 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का है। वस्तुतः प्रवासी भारतीय भारत की नई ऊर्जावान शक्ति हैं। यूएई में करीब 35 लाख प्रवासी भारतीय रहते हैं और इन्होंने वर्ष 2023 में अपनी कमाई में से 20 अरब डॉलर से अधिक रेमिटेंस भारत भेजी है।

इस समय जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी डिजिटल अर्थव्यवस्था वाले देश के रूप में ऊंचाई प्राप्त कर चुका है और आगामी पांच वर्षों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के सपने को साकार करने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है ऐसे में यूएई सहित दुनियाभर के प्रवासी भारतीय अपनी मातृभूमि के लिए अधिक तत्परता के साथ योगदान देने के लिए आगे बढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि हाल ही में विश्व बैंक के द्वारा जारी 'माइग्रेशन एंड डेवलमपेंट ब्रीफ' रिपोर्ट 2023 के मुताबिक विदेश में कमाई करके अपने देश में धन भेजने के मामले में वर्ष 2023 में भारतीय प्रवासी दुनिया में सबसे आगे रहे



हैं। रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2023 में प्रवासी भारतीयों ने करीब 125 अरब डॉलर की धनराशि स्वदेश भेजी है। इस रिपोर्ट के मुताबिक रेमिटेंस प्राप्त करने में भारत ने मेक्सिको, चीन और फिलिपींस को बहुत पीछे छोड़ दिया है। टॉप-5 रेमिटेंस प्राप्त करने वाले देशों में भारत के अलावा मेक्सिको (67 अरब डालर), चीन (50 अरब डालर), फिलीपींस (40 अरब डालर) और मिस्त्र (24 अरब डालर) शामिल हैं। रिपोर्ट से यह बात भी उभरकर सामने आई है कि पहले जहां भारत से अकुशल श्रमिक कम आय वाले खाड़ी देशों में जाते थे, वहीं अब विदेश जाने वाले भारतीयों में हाई स्किल्ड लोगों की संख्या ज्यादा है जो अमेरिका, इंग्लैंड, सिंगापुर, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे उच्च आय वाले देशों में जा रहे हैं। ऐसे में वे अधिक कमाई करके अधिक धन भारत भेज रहे हैं। उल्लेखनीय है कि दुनिया के भारतीय समुदाय के विभिन्न सभी वर्गों के द्वारा भारत के विकास के लिए योगदान दिया जा रहा है। प्रवासी भारतीयों का सबसे बड़ा डायस्पोरा है जिसकी संख्या लगभग 3.2 करोड़ है। मोटे तौर पर प्रवासी भारतीयों में भारतवंशी (पर्सन ऑफ इंडियन ओरिजिन), नॉन रेसीडेंट इंडियन (एनआरआई) और ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) शामिल हैं। भारत के विदेश मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में भारतीय एनआरआई की संख्या करीब 1.34 करोड़ है और ये भारत में अपने संबंधित क्षेत्र में मतदान के पात्र हैं। सबसे ज्यादा प्रवासी भारतीय अमेरिका में रहते हैं। अमेरिका में विभिन्न प्रवासी समूहों में सबसे अधिक आय भारतीयों की है। भारतीय मूल के लोग अमेरिकी आबादी का एक प्रतिशत से थोड़ा अधिक हैं, वे संयुक्त राज्य अमेरिका के कर खजाने का 6 प्रतिशत हिस्सा हैं।

यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया के कोने-कोने में भारतवंशी और प्रवासी भारतीयों की राजनीतिक, आर्थिक और कारोबारी क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती ऊंचाइयां भारत के तेज विकास के मद्देनजर महत्वपूर्ण हो गई हैं। दुनिया के अनेक देशों में कई और भारतवंशी राजनेता अपने-अपने देशों को आगे बढ़ाते हुए विश्व के समक्ष भारत के चमकते हुए चेहरे हैं। साथ ही ये विश्व मंच पर भारत के हितों के हिमायती भी हैं और हरसंभव तरीके से भारत के विकास में अपना अहम योगदान देते हुए भी दिखाई दे रहे हैं। इतना ही नहीं, दुनिया के विभिन्न देशों में राजनीति की ऊंचाइयों पर पहुंचने के साथ-साथ भारतवंशी व प्रवासी भारतीय वैश्विक आर्थिक व वित्तीय संस्थानों आईटी, कम्प्यूटर, मैनेजमेंट, बैंकिंग, वित्त आदि के क्षेत्र में भी बहुत आगे हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि भारतवंशियों और प्रवासी भारतीयों के लिए विदेशों की नई संस्कृति में ढलकर इस तरह की सफलता हासिल करना आसान नहीं होता है। ऐसे विभिन्न क्षेत्रों के चमकते सितारे अपनी चमक का लाभ मातृभूमि भारत के लिए भी विस्तारित कर रहे हैं। गौरतलब है कि अमेरिका सहित दुनिया के विभिन्न देशों में भारत को विकास की डगर पर आगे बढ़ाने के लिए भारत हितैषी संगठन काम कर रहे हैं। पिछले वर्ष 2023 में भारत की जी-20 की अध्यक्षता और विगत 9-10 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन को सफल बनाने में प्रवासी भारतीयों के संगठन 'इंडियास्पोरा' का अभूतपूर्व योगदान रहा है।

इंडियास्पोरा भारत के विकास में अहम योगदान देने के उद्देश्य से वर्ष 2012 में अमेरिका में स्थापित एक ऐसी गैर-लाभकारी संस्था है, जो करीब 20 देशों में सक्रिय रूप से मजबूती के साथ काम कर रही है। यह संगठन दुनियाभर के विभिन्न देशों के प्रवासी भारतीयों के लिए भी प्रेरणादायी बन गया है। इस संगठन का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा भारत के बढ़ाए गए गौरव और प्रवासी भारतीयों के लिए किए गए विशेष प्रयासों से भारतवंशियों तथा प्रवासियों का भारत के लिए सहयोग और स्नेह लगातार बढ़ा है। ऐसे में अब भारत के तेज विकास और भारत को विकसित देश बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के मद्देनजर भारतवंशियों व प्रवासियों द्वारा तन-मन-धन से आगे सहयोग करने के संकल्प के अभियान को इंडियास्पोरा द्वारा दुनियाभर में आगे बढ़ाया जा रहा है।

दृष्टि कोण

## राष्ट्रीय एकता के लिए वीर सावरकर का दृष्टिकोण

**भारत** के स्वतंत्रता संग्राम में वीर सावरकर ने अपने बहुमुखी योगदान से राष्ट्र के इतिहास पर एक अमिट छाप छोड़ी। हिंदुत्व की अवधारणा को व्यक्त करने से लेकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व वाली आजाद हिंद सेना में उनकी भूमिका तक, सावरकर का जीवन और विचारधारा राष्ट्रवाद, स्वतंत्रता और सामाजिक परिवर्तन पर चर्चाओं को प्रेरित और उत्तेजित करते रहे हैं। सावरकर ने हिंदुत्व को भारत के इतिहास में विदेशी हमलों, उपनिवेशवाद और धार्मिक रूपांतरणों से उत्पन्न चुनौतियों की प्रतिक्रिया के रूप में देखा। उन्होंने हिंदुओं को अपनी सांस्कृतिक पहचान पर जोर देने और सांस्कृतिक एकरूपता या हाशिए पर धकेलने के प्रयासों का विरोध करने की आवश्यकता पर जोर दिया। सावरकर के हिंदुत्व ने हिंदुओं के बीच गर्व और आत्मविश्वास पैदा करने की कोशिश की, जिससे उन्हें अपने जीवन के तरीके के लिए आंतरिक और बाहरी चुनौतियों का सामना करने के लिए सशक्त बनाया गया। 'विनय न मानत जलधि जड़, गए तीनि दिन बीति। बोले राम सकोप तब, भय बिनु होइ न प्रीति।' वैसे तो रामचरितमानस की यह चौपाई तब की है जब लंका पर चढ़ाई करने जा रहे भगवान राम समुद्र से लंका जाने के लिए मार्ग देने का आग्रह कर रहे थे। लेकिन स्वतंत्रता संग्राम की परिस्थिति में यह नेताजी सुभाषचंद्र बोस की आजाद हिंद फौज के प्रेरणास्रोत स्वातंत्र्यवीर वीर सावरकर इतिहास के सचेत अध्ययन से वह इस निष्कर्ष पर पहुंचे थे कि युद्ध के बिना स्वाधीनता संभव नहीं पर बखूबी फिट बैठती है। स्वातंत्र्यवीर वीर सावरकर नेताजी सुभाषचंद्र बोस की आजाद हिंद फौज के प्रेरणास्रोत थे। उन्होंने रण की संकल्पना का ब्लूप्रिंट भी तैयार किया। बाद में इसी के आधार पर आजाद हिंद फौज का गठन हुआ। जब हम आजाद हिंद फौज की चर्चा करते हैं तो बात नेताजी सुभाषचंद्र बोस से आरंभ होकर रासबिहारी बोस तक आकर रुक जाती है। इस सेना के निर्माण में



जिनकी बुनियादी भूमिका रही, कृतिशील सहयोग रहा, उन वीर सावरकर को हम सहसा भूल जाते हैं। उनका रोम-रोम राष्ट्र को समर्पित था। वे अखंड भारत के पैरोकार व पक्षधर थे। उन्होंने अपनी प्रखर मेधा शक्ति, तार्किक-तथ्यात्मक विवेचना के बल पर 1857 के विद्रोह को 'प्रथम स्वतंत्रता संग्राम' की संज्ञा दिलवाई। उनके अनुसार कानून की दृष्टि में सभी नागरिकों को समान होना चाहिए। न किसी की उपेक्षा, न किसी को विशेषाधिकार। जो भी भारतवर्ष को अपनी पुण्यभूमि-पितृभूमि मानता हो, वह भारतवासी है। संपूर्ण स्वतंत्रता आंदोलन में सावरकर जैसी प्रखरता, तार्किकता एवं तेजस्विता अन्यत्र कम ही दिखाई पड़ती है। लोकमान्य तिलक के प्रयासों से उन्हें श्याम जी कृष्ण वर्मा छात्रवृत्ति मिली और वे वकालत की पढ़ाई के लिए भारत से लंदन गए। लंदन में भी उन्होंने फ्री इंडिया सोसाइटी का गठन कर संपूर्ण भारतवर्ष से अध्ययन के लिए वहां पहुंचने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बीच भारत की स्वतंत्रता हेतु प्रयास जारी रखा। ब्रिटिश दस्तावेजों को खंगाल उन्होंने '1857 का स्वातंत्र्य समर' नामक महत्त्वपूर्ण एवं शोधपरक पुस्तक लिखी। यह दुनिया की पहली ऐसी पुस्तक थी जिसे ब्रिटिश सरकार ने प्रकाशित होने से पूर्व ही प्रतिबंधित कर दिया। कुछ राजनीतिक दलों एवं विचारधाराओं ने निहित स्वार्थों की पूर्ति के लिए उनके माफीनामे के रूप में प्रचारित कर उनकी छवि को चोट पहुंचाने की चेष्टा की। सत्य कुछ भिन्न एवं इतर होने के बावजूद, राजनीतिक क्षेत्र में आरोप लगाओ और भाग जाओ की प्रवृत्ति प्रचलित रही है। उसके लिए आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत करने का आदर्श कोई सामने नहीं रखता। क्या उन आरोपों को तर्कों एवं तथ्यों की कसौटी पर नहीं कसा जाना चाहिए? वीर सावरकर के विचारों के अनुसार हिंदुत्व का अर्थ है प्रत्येक व्यक्ति जो सिन्धु से समुद्र तक फैली भारतभूमि को साधिकार अपनी पितृभूमि एवं पुण्यभूमि मानता है, वह हिन्दू है। सावरकर सभी भारतीय धर्मों को शब्द 'हिन्दुत्व' में शामिल करते हैं तथा हिन्दू राष्ट्र का अपना दृष्टिकोण पूरे भारतीय उपमहाद्वीप में फैले अखण्ड भारत के रूप में प्रस्तुत करते हैं। भारतीय राष्ट्रवादी इतिहास में स्वातंत्र्यवीर सावरकर पहले भारतीय थे जिन्होंने पूर्ण स्वतन्त्रता की मांग की। वे भारत के पहले व्यक्ति थे जिन्होंने सन् 1857 की लड़ाई को भारत का प्रथम स्वाधीनता संग्राम बताते हुए 1907 में लगभग एक हजार पृष्ठों का इतिहास लिखा। 1899 में, जब वे केवल 16 वर्ष के थे, सावरकर ने मित्र मेला नामक एक समूह का गठन किया, जिसका मुख्य उद्देश्य भारत की पूर्ण राजनीतिक स्वतंत्रता प्राप्त करना था।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

**लोकल सेल सिरका में दूसरे दिन भी कांग्रेसी सदस्य अनिश्चितकालीन बंदी में रहे डटें, कांटा घर के अगल-बगल खड़ी रही लोड सेल गाड़ीयां**

## हक अधिकार के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुट है : समसूद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के कोलयरी सिरका में 6 सूत्री मांगों को लेकर दूसरे दिन बुधवार को भी कांग्रेसी कार्यकर्ता अनिश्चितकालीन बंदी को सफल बनाने में धरने पर डटे रहें। अवसर पर आंदोलन नेतृत्वकर्ता कांग्रेस जिला महासचिव समसूद खान ने बताया कि कांग्रेस के आंदोलन को लेकर कार्यकर्ता एकजुट हैं, अपने हक अधिकार व बेरोजगारों को रोजगार के हाथों से जोड़ने के लिए मांग पर बैठे हुए हैं। परंतु सीसीएल प्रबंधन और प्रशासन कि अब तक की पहल बेनतीजा है, यदि दोनों चाहे तो कांग्रेस की 6 सूत्री मांगों को पूरा किया जा सकता हैं, जिसे लेकर हम चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए तैयार हैं, क्षेत्र की आम जनता लोकल सेल समिति के



क्रियाकलापों को भली-भांति देख रही हैं। वहीं सूत्रो की माने तो यदि लोकल सेल सिरका में यही नजरिया रहा तो आगे बड़ा बवाल और टकराव पर खूनी संघर्ष होने से इनकार नहीं किया जा सकता हैं। इधर आंदोलन के दूसरे दिन सेल समिति सिरका टेंपो में डेग रखकर खिचड़ी बांट रहा था। उधर लोकल सेल चक्का जाम के कारण दर्जनों ट्रक लोड होकर कांटा घर पर आंदोलन खत्म होने के इंतजार में खड़े थे। आंदोलन में सिकंदर मुंडा, राहुल सिंह, छोटू चौहान, सूरज प्रजापति, अजय प्रजापति, राजेंद्र साव, हसन अंसारी, शाहिद अंसारी, बबलू राम, आकाश कुमार, डब्लू बेदिया समेत दर्जन उपस्थित थे।

## नेहरू युवा केन्द्र रामगढ़ के तत्वधान में रामगढ़ प्रखंड स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** नेहरू युवा केन्द्र रामगढ़ के तत्वधान में भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के द्वारा रामगढ़ प्रखंड स्तरीय खेल - कूद प्रतियोगिता का आयोजन रामगढ़ महाविद्यालय मैदान में आयोजीत हुआ। युवा खेल कूद प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं के बीच स्पर्धा वा जागरूकता फैलाने को लेकर था। युवाओं के बीच कबड्डी, रिले रेस, खो-खो,100 मीटर दौड़ आदि खेल कार्यक्रम करवाए गए। कार्यक्रम की शुरुवात राष्टीय गान वा भारत माता की वंदना से प्रारंभ हुआ। खेल कूद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आदित्य सिंह वा महेश कुमार उपस्थित रहे।प्रतियोगिता करवाने के लिए कोच के रूप में अनुराग कुमार ने अपना योगदान दिया। 100 मीटर दौड़ में श्रुति कुमारी प्रथम स्थान,कुमारी श्रुति द्वितीय स्थान वा लवली कुमारी तृतीय स्थान पर रही।300 मीटर रिले रेस में प्रथम




स्थान पर सुचिता कुमारी, बसंती कुमारी,ऋतु कुमारी, द्वितीय स्थान पर संगीता कुमारी,लवली कुमारी, श्रुति कुमारी , वा तृतीय स्थान पर नैंसी कुमारी,सोनम कुमारी और प्रीति कुमारी रही। 400 मीटर रिले रेस में अरुण कुमार एवं समूह प्रथम स्थान पर, प्रफुल्ल कुमार एवं समूह द्वितीय स्थान पर , तथा बाबूलाल एवं समूह तृतीय स्थान पर रहे। कबड्डी प्रतियोगिता बड़ा ही रोमांचक वा साहसिक भरा रहा वा खो-खो के खेल में सभी कोई एक दूसरे के पीछे बचते बचाते वा पकड़ने के लिए संघर्ष करते हुए दिखाई पड़ते देखे गए। मुख्य अतिथि आदित्य सिंह ने युवाओं के बीच अपनी बात रखते हुए कहा कि हार जीत तो प्रतियोगिता का नियम है, लेकिन प्रतियोगिता में सामिल होना यह सबसे बड़ी बात है। कोच अनुराग कुमार ने सभी का साहस बढ़ाते हुए आगे भी अन्य खेल वा साहसिक गतिविधि में भाग लेने को प्रोत्साहित किया।जितने वाले सभी खिलाड़ी को मेडल वा अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में कलम देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वा संचालन नेहरू युवा केंद्र के कार्यकर्ता नितेश कुमार मोदी वा शिवम सिंह ने किया। कार्यक्रम में मोंटी कुमार,अर्जुन कुमार, स्वाभी कुमार, अभय ओझा ,सतीश कुमार, अमृत महतो, रिया कुमारी, निरूपा कुमारी, स्वाति कुमारी, मदन कुमार, शौर्य कुमार, सुमित कुमार, शिवम कुमार, आकाश कुमार, शिवचरण हेंब्रम, अभय भारतीय, मनीष कुमार, आशीष कुमार आदि कार्यकर्ता की सहभागिता रही।

## आंधी बारिश के बाद अरगड्डा- सिरका कॉलोनी में 24 घंटे से बिजली पानी पूरी तरह बाधित

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल अरगड्डा- सिरका कॉलोनी क्षेत्र में बीते दिन मंगलवार को संध्या 4:30 बजे के बाद से ही आंधी बारिश होने के बाद पूरे क्षेत्र की बिजली पानी पूरी तरह बाधित हो गई हैं। इससे बुधवार को कॉलोनी वाशीयो की स्थिति बेहाल हो चुंकी हैं। बच्चों, युवाओं, बुजुर्गों, बिमारो व पढ़ाई करने वाले छात्रों को ढिबरी, लैंपों के सहारे रहना पड़ रहा हैं। मच्छरों के आतंक से भी लोगों को जूझना पड़ रहा हैं, लोगों का दिनचर्या पूरी तरह अस्त व्यस्त हो गया हैं, समाचार लिखे जाने तक क्षेत्र में 25 घंटे के बाद भी बिजली बहाल नहीं हो पाई थी, इधर सीसीएल प्रबंधन और डीवीसी के द्वारा बिजली के उलझे तारों,



खामियों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा था। जानकारी के मुताबिक आंधी पानी से कई जगहो पर बिजली के तार टूट गए थे, जबकि अरगड्डा शिव मंदिर, बकरियां पट्टी समेत सिरका के कई क्षेत्रों में भी पेड़ की टहनी और बिजली तार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई है। जिसके कारण अव्यवस्था फैल गई हैं।

## श्री श्री 1008 लक्ष्मीनारायण प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ को लेकर प्रतिमाओं का कराया गया नगर भ्रमण

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आस्था एवं भक्ति के प्रतीक विकास नगर जारा टोला स्थित श्री श्री नव दुर्गा परिसर में श्री श्री 1008 लक्ष्मीनारायण प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ के तीसरे दिन प्रतिमाओं का नगर भ्रमण करवाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो मौजूद थे। नगर भ्रमण के तहत प्रतिमाओं के साथ अतिथि व श्रद्धालु विकास नगर से बिजुलिया, बिजुलिया से सुभाष चैक, सुभाष चैक से कॉलेज गेट पहुंचे। वहां से गाजे बाजे के साथ जयघोष करते हुए वापस यज्ञ स्थल पहुंचकर नगर भ्रमण संपन्न हुआ। मौके पर मुख्य अतिथि मनोज कुमार महतो ने कहा की इस प्रकार के आयोजनों का लोगों के जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। क्योंकि इस प्रकार के आयोजनों से लोगों में भक्ति की भावना का प्रसार होता है। साथ ही आध्यात्मिक संतुष्टि की अनुभूति होती है। इसलिए लोगों को अपनी व्यस्त दिनचर्या में प्रभु की अराधना के लिए भी समय निकालने की जरूरत है। वहीं, प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रतिमाओं के नगर भ्रमण के दौरान बड़ी संख्या में शामिल श्रद्धालुओं के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया था। नगर भ्रमण में मुख्य यजमान दीपक कुमार सिन्हा, यागेंद्र ओझा, ओम प्रकाश सिंह, रमेश महतो, दीपू गुप्ता, अनुपमा सिंह, सुरेंद्र कुमार शर्मा, सदन सिंह, प्रभु पासवान, अमरेंद्र सिंह, संजय श्रीवास्तव, जगरनाथ महतो, राहुल पासवान, पुरनी देवी, अनुज पांडे, हरेंद्र राय, संतोष पंडित सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## पुर्व कराटे शिक्षक रंजीत शर्मा ने फांसी लगाकर दी जान

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी के चेक पोस्ट कालोनी स्थित बी टाइप शिव मंदिर रोड निवासी रंजीत शर्मा उम्र 45 वर्ष पिता स्व राजेन्द्र शर्मा ने मंगलवार बिती रात अपने घर पर दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। वहीं पत्नी ने बताया कि रात में रंजीत खाना खाने के बाद बगल के एक अल्बेसटर सीट वाले घर में सोने चले गए।मैं और मेरी बेटी अलग कमरे में सो रहे थे। सुबह होने पर पति को आवाज दी तो अन्दर से कोई जवाब न मिला। दरवाजा अंदर से बंद था। इसके बाद घर के सभी सदस्यों को इसकी जानकारी दी गई। वहीं मेरे भतीजे ने खिड़की खोल कर देखा कि रंजीत दुपट्टा के सहारे लटके हुए हैं। तभी मुख्य दरवाजे को तोडकर शव उतारा गया। वहीं इस घटना की जानकारी उरीमारी ओपी को दी गई। जिसपर ओपी प्रभारी सहित सदलबल जवान पहुंच घटना की जानकारी ली एवं शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग सदर भेज दिया। वहीं रंजीत अपने पिछे पत्नी व एक दस साल की बेटी छोड़ गए है।



**संक्षिप्त खबरें**

## आरबीआई के तहत वित्तीय जागरूकता साक्षरता कार्यक्रम का किया आयोजन

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय में संचालित प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय गिद्धौर में आरबीआई ने वितीय जागरूकता साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। यह कार्यक्रम आरबीआई के उच्च अधिकारी तापस कुमार महतो के द्वारा करवाया गया। जहां नाबार्ड से डीडीएम मृत्युंजय बक्शी बैंक ऑफ़ इंडिया से एलडीएम देवव्रत शर्मा बैंक मैनेजर बालमुकुंद झारखंड राज ग्रामीण बैंक गिद्धौर मैनेजर गौतम आनंद उपस्थित थे। इन लोगों ने विद्यालय के बच्चे बच्चियों एवं शिक्षकों के बीच बैंक से जुड़े कई जानकारी बताएं।जहां स्कॉलरशिप पेंशन सीरीज तथा कई जानकारियां बताई गई।मौके पर उपस्थित प्रधानाचार्य बृजेश कुमार सिंह विद्यालय अध्यक्ष विनोद दांगी शिक्षक संतोष सेठ डॉ राजीव रंजन दास उमेश पांडेय व दर्जनों बच्चे बच्चियों उपस्थित थे।

# डीसी अबू इमरान ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** उपायुक्त अबु इमरान ने सदर अस्पताल का आज औचक निरक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। मौके पर उपस्थित अस्पताल उपाधीक्षक डा. मनीष लाल से स्वास्थ्य सुविधाओ की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने कई आवश्यक निर्देश व सुझाव दिए। उसके बाद उपायुक्त अस्पताल परिसर में संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्र, फिजिओथेरेपी कक्ष, एक्स-रे कक्ष, ओपीडी, दवा वितरण केंद्र एवं महिला एवं पुरुष वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मरीजों से मुलाकात कर उनका हालचाल लिया।उपायुक्त ने निर्धारित समय पर डॉक्टरों को रहने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी कमी के वजह से किसी भी व्यक्ति की जान नहीं जानी चाहिए। उन्होंने अस्पताल उपाधीक्षक को कहा कि यह अस्पताल बहुत ही अच्छे तरीके व सुसज्जित ढंग से बनाया गया है, बस इस अस्पताल की देख रेख, सही दिशा निर्देश, विधि व्यवस्था को सही ढंग से चलाने की जरूरत है। उसके बाद उपायुक्त ने रोस्टर पंजी की जांच की। जनऔषधि व दवा वितरण केंद्र में आवश्यक दवाइयों की कमी पर जल्द से जल्द क्रय करने का निर्देश दिए। वहीं सदर अस्पताल में चल रहे निर्माण कार्य का भी औचक निरीक्षण किया और कहा निर्माण कार्य में गुणवत्ता युक्त सामाग्री का उपयोग हो इसका खास ख्याल रखा जाय। इस मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी इंदर कुमार, अस्पताल उपाधीक्षक डा. मनीष, डा.अजहर अस्पताल प्रबंधक कुश कुमार, स्टोर कीपर नीरज कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## अज्ञात चोरों ने मुर्गी फार्म से उड़ाए 40000 रुपए



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना के अंतर्गत इन दिनों चोरी का आतंक चरण सीमा पर है।बताते चलें कि दिन प्रतिदिन चोरों के आतंक से गांव के ग्रामीणों में दहशत फैला हुआ है। अब तक दर्जनों गाड़ी की बैटरी चोरी कर ले भागें हैं। जिसे लेकर भुतभोगियों ने थाना को लिखित आवेदन दिया है।और तो और सामान ही नहीं हेठ टोला निवासी स्वज्ड़ेगन महतो के पुत्र कैलाश दांगी और रामदेव साव ने बतलाया।कि तिलरी में चल रहे मुर्गी, बकरी फार्म में लगे एंगल तार,दरवाजा खिड़की एवं फार्म में रखें अन्य सामग्री को मंगलवार रात्रि में अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है। एवं कर्केट को तोड़ दिया गया है। वही बैंक ऑफ़ इंडिया के सीएसपी संचालक संटु कुमार ने बतलाया कि दुकान में लगे कैमरा को ऑफ कर बैंक से लगभग नगद ?40000 मंगलवार रात में अज्ञात चोरों ने चोरी कर फरार हो गए हैं। इन लोगों ने बताया कि जांच पड़ताल के लिए प्रशासन को लिखित आवेदन दिया है।तथा गुहार लगाया है।कि जांच कर जल्द से जल्द चोरों को गिरफ्तार किया जाए ताकि इस तरह की घटना का शिकार आम जनता को और नहीं भुगतना पडे। इस संबंध में थाना प्रभारी अमित कुमार ने कहा कि जांच पड़ताल किया जा रहा है जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

## वन अधिकार समिति की हुई बैठक, लीए कई निर्णय



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत स्थित कौलेश्वरी मां के प्रांगण में वन अधिकार समिति के तहत लोगों ने बैठक किया। जिसकी अध्यक्षता खुशहाल दांगी ने किया।एवं संचालन विजय भारती ने किया। बैठक में कई यहम निर्णय ली गई। सर्व समिति से निर्णय लिया गया की व्यक्तिगत दावा एवं सामुदायिक नापी को लेकर इसकी सूचना अंचल अधिकारी को दिया जाएगा। इसकी जानकारी लिखित के साथ वन विभाग को भी दी जाएगी। ग्राम सभा के आदेशन अनुसार अमीन को भी लिखित सूचना दी जाएगी। वह अन्य जानकारी पर लोगों ने विचार किया। मौके पर उपस्थित भुवनेश्वर दांगी मुसाफिर कुशवाहा प्रतिमा देवी राहुल कुमार संतोष कुमार कुंती देवी मीरा कुमारी मुकेश कुमार एवं दर्जनों लोग बैठक में उपस्थित थे।

## हाईवा के चपेट में आने से युवक घायल स्थिति गंभीर



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत जपुआ में चतरा हजारीबाग मुख्य सड़क में कोलवाहन हाईवा के चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से बुधवार को सुबह 10ः00बजे घायल हो गया।घायल युवक बरियातू गांव के विजय यादव का पुत्र मुनेश्वर यादव है।बरियातू के समाजसेवी पवन विश्वकर्मा के तत्परता से घायल युवक को निजी वाहन से इलाज के लिए चतरा सदर अस्पताल ले जाया गया।जहां इलाज कर बेहतर इलाज के लिए एंबुलेंस के माध्यम से हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया। बताया गया कि युवक अपाची बाइक से गिद्धौर तरफ से अपना घर वापस जा रहा था।इसी बीच कटकमसांडी तरफ से कोयला डंप पर कोलवाहन हाईवा वापस चतरा की ओर जा रहा था।इसी बीच हाईवा के चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है।हालांकि युवक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।घटना की सुचाना पाते ही थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता पहुंचे।जहां थाना प्रभारी ने बाइक व कोलवाहन हाइवा को अपने कब्जे में कर लिया।हाइवा वाहन को थाना प्रभारी थाना ले जाने लगे।परिजनों व ग्रामीणों ने इलाज के लिए मुआबजे की मांग को लेकर हो हंगामा कर कोलवाहन हाइवा के आगे बैठ गये।थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने परिजनों व ग्रामीणों को समझा कर दो घन्टे बाद हाइवा वाहन को थाना ले गए।

# श्रम विभागीय युएनडीपी द्वारा विजनिंग व योजना गोलमेज चर्चा संबंधी कार्यशाला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में श्रम विभागीय-यु0एन0डी0पी0 द्वारा विजनिंग एवं योजना गोलमेज चर्चा संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाईटी में कौशल विकास और रोजगार के क्षेत्र में उद्यमी और युवाओं की सक्रिय भागीदारी को बढ़ाने एवं प्रदत सुविधा को ज्यादा रोजगार अनुरूप बनाने के साथ जिला स्तर पर संस्थागत क्षमता निर्माण को समावेशी बनाने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के साथ साझेदारी की है। जैसा कि ज्ञात है कि प्रत्येक जिला एवं क्षेत्र की औद्योगिक एवं आर्थिक गतिविधियां भिन्न-भिन्न परिस्थितियों पर निर्भर करती है।कौशल गैप को भरने तथा संबंधित क्षेत्र की औद्योगिक जरुरतों के अनुरुप कौशल विकास प्रोग्राम को संचालित करने के लिए जिला कौशल समिति के सदस्यों एवं विभिन्न विकास संगठन,संघ,युवा एवं उद्यमियों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज स्किल विजनिंग वर्क शॉप का आयोजन किया गया। उक्त बाते उपायुक्त श्री अबु इमरान ने अपने संबोधन में कहा।मौके पर श्रम अधीक्षक -सह-कौशल विकास पदाधिकारी अरविंद कुमार द्वारा पौधा भेंट कर उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त का स्वागत किया गया। मौके पर कौशल विकास पदाधिकारी ने कार्यशाला के उद्देश्य की जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्तर पर युवाओं को कौशल प्रशिक्षण से जोड़ कर उन्हे आर्थिक रुप से स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से यह कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में विभिन्न बिंदुओं पर गहनता पूर्वक विचार विमर्श किया गया।

# पंचायत समिति की हुई बैठक में ली गई कई निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को पंचायत समिति के क्रियान्वयन समिति की समीक्षा बैठक हुई।बैठक में प्रमुख अनिता यादव उपप्रमुख प्रीतम यादव, बीडीओ राहुल देव, सीओ राकेश सहाय मुख्य रूप से उपस्थित थे।बैठक में उपस्थित समिति के सदस्यों ने मनररेगा, अबुआ आवास, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग सहित अन्य का बारी-बारी से विभाग वार समीक्षा किया।वहीं उप प्रमुख प्रीतम यादव ने प्रखंड में अबुआ आवास में घोर अनियमित बरते जाने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि कई जनप्रतिनिधि व कर्मी के मिली भगत से अबुआ आवास में अनियमित बरती जा रही है।कई ऐसे लाभुक है जिनका पक्का का मकान होने के बावजूद भी उसे आवास के लिए चयनित किया गया है।जबकि कई ऐसे लाभुक हैं जिनका इस बरसात के मौसम घर गिर जाएगा।वैसे लाभुक को अबुआ आवास की सूची में नाम शामिल नहीं है। बैठक में बीपीओ रामकुमार सिंह, पंचायत सचिव दिगंबर पांडे चितरंजन शर्मा उज्जवल सिंह प्रियंका प्रिया आवास कोऑर्डिनेटर फरहत नजनी पंचायत समिति सरिता देवी रोजगार सेवक निर्मल दांगी, सत्येंद्र कुमार वर्मा, प्रदीप कुमार,पार्वती कुमारी सहित कई विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

## ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मनिका प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में द्वितीय बैच का चल रहा सबकी योजना सबका विकास अंतर्गत ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर बुधवार दिन को सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण शिविर में मास्टर ट्रेनर आशिष कुमार सिंह ने पंचायत के वार्ड सदस्य मुखिया ऑगनबाड़ी सेविका जल सहिया सहित अन्य लोगों को पंचायत के विकास में सबकी भागीदारी कैसे हो ।गांव के विकास में पंचायत के जनप्रतिनिधियों के भुमिका के बावत प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित लोगों को बताया गया। जेएसएलपीएस के अध्यक्ष सचिव को ग्राम पंचायत सहजकर्ता के लक्ष्य को प्राप्त करने की जानकारी दी गई। उक्त लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गरीबों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही आजीविका के संबंध में बताया गया। वहीं मास्टर ट्रेनर ने ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं के लिए चलाई जा रही आजीविका। बाल हितैषी महिला हितैषी गांव सहित नौ विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर ने प्रशिक्षण ले रहे लोगों को प्रशिक्षण का लाभ लेकर गांव के लोगों तक पहुंचाने की बात कही ।मौके पर प्रखंड समन्वयक कुमारी शिल्पी सेन वार्ड सदस्य जल सहिया सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## ग्राम सभा आयोजित कर जंगल बचाने का लिया संकल्प



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत परहाटोली पंचायत के ग्राम शाहपुर में पचौरा समिति के अध्यक्ष फूलजेंस कुजूर सचिव ज्योतिष मिंज एवं पंचायत समिति सदस्य निर्मला टोप्पो के अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें चुटिया, नगर प्रतापपुर, शाहपुर, कूडो, विश्रामपुर, एवं अन्य गांव के ग्रामीणों ने जंगल बचाने का संकल्प लिया। ग्राम सभा में सर्वसम्मति से वनों से कच्चे पेड़ सखुआ,सिसम एवं फलदार वृक्ष नहीं काटने का संकल्प लिया गया। वहीं पेड़ों की कटाई करते पकड़े जाने पर प्रशासनिक कार्रवाई करने की बात कही गई। बैठक में उपस्थित पंचायत समिति सदस्य निर्मला टोप्पो ने कहा जंगल की रखवाली करना हमारी जिम्मेदारी है। हमें अपने जंगलों को बचाकर रखना है। चंद स्वार्थ की पूर्ति के लिए जंगल में आग नहीं लगाना है। जंगल हमारे जीविकोपार्जन के साथ-साथ हमारे संस्कृति के भी प्रतीक है। बैठक में उपस्थित वन विभाग के ट्रैकर नागेंद्र यादव, प्रसाद यादव ने ग्रामीणों से अपील की कि वह जंगल को बचाने में विभाग का सहयोग करें। बैठक में मुख्य रूप से पचौरा अध्यक्ष फूलजेंस कुजूर, सचिव ज्योतिष मिंज, पंचायत समिति सदस्य निर्मला टोप्पो वनरक्षी सूरज कुमार सुमन वन विभाग के ट्रैकर प्रसाद यादव, नागेंद्र यादव समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

# भाजपा के युवा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड अंतर्गत छिपादोहर मंडल हरातु पंचायत के ग्राम मुंडू दुर्गा मंडप परिसर में युवा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें भारतीय जनता पार्टी का 10 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धि पर चर्चा करते हुए कार्यक्रम के माध्यम से मौजूद लोगों को जानकारी दी गई। मौके पर युवा मोर्चा जिला मंत्री सह मनिका विधानसभा प्रभारी अजय प्रसाद ने बताया कि इन दस वर्षो के दौरान केन्द्र सरकार की अनेक कल्याणकारी योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत के तहत शौचालय निर्माण, हर घर नल-जल योजना आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना समेत अन्य योजनाओं का लाभ गरीब पिछड़े वर्ग को मिला है। उन्होंने कार्यक्रम के माध्यम से अपील करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में फिर एकबार मोदी सरकार। मौके पर युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बृजमोहन सिंह मंडल अध्यक्ष मुंद्रिका सिंह, महेंद्र शाह राजू प्रसाद सुनील सिंह मनोज परहिया रामबालक सिंह राजेश सिंह सुरेंद्र सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विधालय परिसर में ग्रामीण बैंक के द्वारा साक्षरता सप्ताह कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड के बाजकुम स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्टेशन परिसर में 28 फरवरी 2024 दिन बुधवार को झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक लातेहार द्वारा वित्तिय साक्षरता सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा षष्ठ से नवम के भैया बहनों के बीच ग्रामीण बैंक लातेहार के शाखा प्रबंधक सतेन्द्र कुमार एवं एफ.एल.सी मुन्नी कुमारी के द्वारा प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, जन-धन खाता, अटल पेंशन योजना आदि लाभकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। भैया -बहनों को बचत करने की आदत को प्रमुखता से समझाया गया। कार्यक्रम में विभागीय अग्रगति संस्था के सचिदानंद लकड़ा एवं धर्मदेव उरांव का अहम भूमिका रही।

## प्रखंड स्तरीय यादव महासभा की बैठक संपन्न

**महुआडाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** यादव महासभा के अध्यक्ष मोहन यादव के अध्यक्षता में दिन बुधवार को प्रखंड स्तरीय यादव महासंघ की बैठक की गई। बैठक के संबंध में यादव महासभा के अध्यक्ष मोहन यादव ने बताया की दिनांक 24 फरवरी को समाज के ही प्रवीण यादव पिता दशरथ यादव एवं संजय यादव पिता कृष्णा यादव, सूरज यादव पिता जीवन यादव ग्राम हाड़ीबार के बीच आपसी विवाद को लेकर मारपीट हुई थी, जिसे लेकर प्रथम पक्ष प्रवीण यादव के द्वारा स्थानीय थाना में मारपीट कर एक लाख रुपए लूट लिए जाने का झूठा आरोप लगाते हुए आवेदन दिया गया था। जिसे ध्यान में रखकर दोनों पक्ष के लोगों को बुलाया गया था। बैठक में दोनों पक्षों ने उपस्थित होने पर सहमति जताई थी लेकिन बैठक के दिन प्रथम पक्ष प्रवीण यादव पिता दशरथ यादव ने शामिल होने से इनकार कर दिया। जिसे देखते हुए समाज ने सर्व सहमति से प्रथम पक्ष के लोगों पर काफी नाराजगी जताते हुए उन्हें समाज से बहिष्कृत करने का फैसला लिया है।

# एक मार्च से आजसू का हल्ला बोल कार्यक्रम : अमित पाण्डेय




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के समीप चंदनडीह आजसू पार्टी कार्यालय में बुधवार को आजसू पार्टी के जिला अध्यक्षत अमित पांडे की अध्यक्षता में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई प्रेस वार्ता के दौरान अमित पाण्डेय ने कहा कि गठबंधन सरकार के द्वारा पूरे झारखंड में अपने काम को होर्डिंग लगाकर वाहवाही लूटी जा रही है इसी के विपरीत धरातल पर जनता त्राहिमाम कर रही है। अबुआ आवास योजना में मनमाने ढंग से पैसे लेकर लोगों का चयन हो रहा है। जरूरत मंद व्यक्ति वंचित रह जा रहे हैं। जिले के सभी अंचल में कोई भी काम बिना पैसे के नही हो रहा है । भूमि संरक्षण विभाग के द्वारा जिले में जो भी तालाब का निर्माण हो रहा है उसमें लाभुक और भूमि संरक्षण के नाम पर भूमि और पैसे का दोहन हो रहा है जिला स्तर के एक पदाधिकारी तो इस लूट के दलाल के रूप में कार्य कर रहे हैं उनके ऑफिस में बिचौलियों का तांता लगा रहता है जबकि लाभुकों को केवल पैसा निकासी में हस्ताक्षर के अलावा कोई काम नहीं रहता है । फर्जी ग्राम सभा का कागज लगाकर योजनाओं को लूट का माध्यम बनाया गया है । निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत रोजगार कि बात दूर के ढोल जैसा लग रहा है यहां के लोग बाहर जाने को विवश है वहीं बाहर के लोग यहां काम में अपना कब्जा जमाए हुए हैं। आजसू पार्टी एक मार्च से पूरे जिले में हल्ला बोल कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न तरह के मुद्दों को जनता के समक्ष रखेगी एवम रैली धरना के माध्यम से इस गठबंधन सरकार के होर्डिंग वाले विकाश का पर्दाफाश करेगी। मौके पर जिला कोषाध्यक्ष सद्दाम अंसारी जिला उपाध्यक्ष विजेंद्र दास मौजूद थे।

## अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय के बच्चों को नहीं मिले अंडे

**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय हेंदेहास के बच्चों को बुधवार को मेन्यू अनुसार अंडा करी नहीं परोसा गया। जहां खबर संकलन के दौरान देखा गया कि विद्यालय में दो घंटी अधारित शिक्षिका मौजूद थी वहीं शिक्षिका ने बताया कि अन्य शिक्षक ट्रेनिंग में गए हैं। इस दौरान बच्चों से मेन्यू अनुसार भोजन मिलने की बात पुछने पर दबी जुबान से कुछ बोलते आगे बढ़ गए। वहीं इस बारे में रसोईया सरिता देवी ने बताया कि बुधवार को दाल-भात सब्जी बनाया गया है जबकि अंडा करी भी देना है पर सप्लायर द्वारा अंडे नहीं भेजा गया है। इस दौरान आईटीडीए प्रवीण कुमार गगराई के द्वारा विद्यालय का निरीक्षण भी किया गया पर वह मेन्यू अनुसार भोजन देने संबंधी पुछताछ नहीं किए।बताते चलें कि कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित आवासीय विद्यालय के बच्चों के लिए पोषणयुक्त नास्ता भोजन उपलब्ध कराने का प्रावधान है पर बच्चों को अंडा करी नहीं मिलना लापरवाही के साथ बच्चों के स्वास्थ्य के मद्देनजर ऐसा प्रतीत होता है कि मेन्यू अनुसार नास्ता, भोजन उपलब्ध कराने में खानापूर्ति की जा रही है।

# क्षेत्र को अपराध मुक्त रखने के उदेश्य से रात्रि में थानेदार ने कई स्थानों में किया औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** थाना प्रभारी राजा दिलावार ने थाना क्षेत्र को अपराध मुक्त रखने के उदेश्य से सीसीएल प्रभावित क्षेत्र फूलबसिया अमरवाडीह, बरनी पेट्रोल पम्प, गोनिया, टोटी हेसला सहित कई स्थानों का औचक निरीक्षण किया. उक्त सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए थानेदार दिलावर ने कहा कि शाम ढलने के बाद अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस पुरे क्षेत्र मे औचक निरीक्षण कर रही है। औचक निरीक्षण कर होटलों मे अवैध शराब बिक्री पर रोक, रात्रि मे आवागमन करने वाले वाहन और बाईक चालक की गतिविधि पर नजर रखने किए पुलिसिंग कार्य किया जा रहा है। वहीं कहा कि बारियातु पुलिस थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण हेतु हर तरह से प्रयासरत हैं। कोई भी आम जनता सीधे हमसे संपर्क करके किसी भी तरह की सुचना व सुझाव दे सकते हैं। क्षेत्र को आम जन मानस के सहयोग से ही क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाया जा सकता है। इसके लिए आप सभी क्षेत्र वासियों का सहयोग अतिआवश्यक है।

# चुनाव को लेकर कर्मियों को मिली ट्रेनिंग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बालूमाथ प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में ईवीएम मशीन की ट्रेनिंग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें प्रशिक्षक सुरेंद्र कुमार रमेश कुमार मिश्रा पवन कुमार के द्वारा सीसीएल कर्मियों एवं शिक्षकों को वोटिंग मशीन चलाने के बारे में बताया गया प्रत्येक बुध में मतदान कर्मियों के द्वारा मतदाता को कैसे वोट दिलवाना है इसकी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक के द्वारा मतदान करने की प्रक्रिया, मतदान करने दौरान सावधानी, पोलिंग अफसर को कार्य को बारीकी से बताया गया,साथ ही मतदान कर्मियों को मत पत्र के कार्य की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान निष्पक्ष मतदान हेतु सभी आवश्यक प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया ।जिसमें कुल 140 लोगों को प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर बड़ी संख्या में शिक्षक एवं सीसीएल कर्मी उपस्थित थे।

## पुलिस ने बालूभांग मे अभियान चलाकर आठ एकड़ भूमि पर लगा पोस्ता की खेती को नष्ट किया



**बारियातू :** बालुमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी अशुतोष कुमार सत्यम् को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बारियातु पुलिस ने अभियान चलाकर बालुभांग पंचायत के जंगली क्षेत्र में, लगभग आठ एकड़ भुमि पर लगे लहलहाते अवैध पोस्ते की खेती को नष्ट किया। इस संबन्ध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राजा दिलावर ने बताया कि लातेहार बालुमाथ अनुमंडल पदाधिकारी को थाना क्षेत्र के बालुभांग पंचायत के विभिन्न क्षेत्र इंदुवा, दुमोहान, श्रीसमाध ग्राम के जंगली क्षेत्र में अफीम माफीयाओं के द्वारा पोस्ता की खेती की गुप्त सूचना मिली । गुप्त सूचना के आधार पर थाना स्तर पर विनिष्टीकरण के लिए एक टीम का गठन किया गया और अभीयान चला कर लगभग आठ एकड़ भुमि पर लहलहा रहे अवैध पोस्ता की खेती को ट्रेक्टर के माध्यम से नष्ट किया गया।साथ ही कहा कि खेती किसके द्वारा लगाया गया है और भुमि किसकी है इसकी जाँच कर खेती करने वालों को चिन्हित किया जा रहा है,चिन्हित करने के पश्चात नियम संगत कड़ी से कड़ी कारवाई की जाएगी। आगे थाना प्रभारी दिलावर ने अवैध पोस्ते कि खेती करने वाले माफियाओं को कड़ी चेतावनी देते हुए खुद अपने खेती को नष्ट करने को कहा। अगर ऐसा नहीं करते है, तो पकड़े जाने पर दंडनीय कारवाई के साथ साथ लंबी अवधि तक जेल में रहना भी पड़ सकता है। इस अभियान में थाना के एएसआई निरज दुबे के अलावा सीआरपीएफ व थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### रियाडा में संचालित फैक्ट्रियों द्वारा अत्यधिक प्रदूषण का मामला सदन में गूंजा



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला ने विधानसभा सत्र के दौरान बरही कोनरा पंचायत में संचालित फैक्ट्रियों द्वारा अत्यधिक प्रदूषण फैलाएं जाने को लेकर अपनी बात रखी। विधायक श्री अकेला ने विधानसभा में अपनी बात रखते हुए कहा कि बरही के रियाडा क्षेत्र में संचालित फैक्ट्रियों द्वारा अत्यधिक वायु प्रदूषण फैलाया जा रहा है, जिसके कारण आस पास के निवासी काफी गंभीर रोग से पीड़ित हो रहे हैं और उनके घरों में डस्ट की मोटी परत जम रही हैं। आस-पास के लोग एवं जनप्रतिनधियों के द्वारा लगातार इस बात की शिकायत करने के बावजूद इन फैक्ट्रियों द्वारा वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है और प्रदुषण नियंत्रण विभाग भी केवल खानापूर्ति कर इन मामलो की लीपापोती करने में लगा रहता है। विधायक श्री अकेला ने मामले को गंभीरता से उठाते हुए सदन में अपनी बात रखी।

### पीएम मुफ्त बिजली योजना के लिए सर्वे प्रारंभ, 2 केवीए तक के बिजली मिलेंगे मुफ्त

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** डेढ़ लाख रुपए न्यूनतम वार्षिक आय वालों को पीएम मुफ्त बिजली योजना से जोड़ा जाना है. आई योजना के तहत 2 केवीए तक के सोलर रूफटॉप सिस्टम प्रदान किए जायेगे. जिसे प्रधानमंत्री मुक्त बिजली योजना के माध्यम से दिया जाना है. जिसमे लाभुक को 40 फीसदी तक सब्सिडी दिया जाएगा. इस योजना का लाभ दिलाने के लिए ऑनलाइन सर्वे कार्य प्रारंभ हो चुका है. उक्त जानकारी कोनरा पंचायत के सीएससी संचालक जयदीप कुमार सिन्हा ने दी. उन्होंने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश विद्युत ऊर्जा के खपत को कम करना और लोगो को बिजली बिल से छुटकारा दिलाना है. इस योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति कोनरा पंचायत सचिवालय स्थित प्रज्ञा केंद्र से संपर्क कर सकते है.

### रानीचुआ मुखिया ने अपने पति के साथ मारपीट व जातिसूचक गलियां देने का लगाया आरोप

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही प्रखंड के सबसे सुदूरवर्ती पंचायत रानीचुआ की मुखिया मूर्ति देवी ने बरही थाना में लिखित आवेदन देकर दो नामजद समेत अन्य लोगो पर अपने पति रामचंद्र टुडू के साथ मारपीट एवं जाति सूचक शब्दो का प्रयोग करते हुए गाली गलौज करने, मोटरसाइकिल छीन कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस आवेदन मिलने पर मामले की जांच कर रही है।

### भाजपा के जिला महामंत्री मनोनीत किए गए सुमन कुमार

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने झारखंड बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष, संगठन महामंत्री भाजपा के जिला प्रभारी के आदेशानुसार जिला महामंत्री के पद पर सुमन कुमार, जिला मंत्री के पद पर अरविंद सिंह सिकरवार को मनोनीत किया। वहीं आदित्य सोनी को भाजपा बड़कागांव मंडल पश्चिम का अध्यक्ष बनाया गया है। जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने आशा व्यक्त किया कि इन सब के मनोनयन से संगठन को मजबूती मिलेगी।उक्त आशय की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद द्वारा दी गई।

### रात में बरामदे में खड़ी बाइक ले उड़े उच्चके, सीसीटीवी में कैद

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ अखाडा चौक स्थित सोबरन भगत के घर के बरामदे रात में खडी कर रखी बाइक को चोरों ने चोरी कर भाग निकले।घटना मंगलवार रात एक बजे की।जानकारी पाकर मौके पर पहुंची थाने की पुलिस ने मामले की जांच की है।बताया गया कि सीसीटीवी में चोरों की करतूत कैद हुई है।पर चेहरे में लपेटे गमझे से उनकी पहचान करने में मुश्किलें हो रही है।उच्चकों की संख्या दो बताई जा रही है। और दिनों की तरह घर के बाहर बाइक खडी कर रखी गई थी।उपरी तल्ले में घर के मालिक सोबरन भगत सपरिवार रहते है।ग्राउंड फ्लोर में एसबीआई का विष्णुगढ़ शाखा स्थित है।ग्राउंड फ्लोर के बरामदे मे बाइक खडी कर रखी गई थी।जिसे उच्चकों ने ले भागे हैं।हलांकि बैंक शाखा का कोई नुकसान नहीं किया गया।सिवाय एक ताले को क्षतिग्रस्त करने। थाना प्रभारी रामनारायण सिंह से इस संबंध में पुछने पर बताया कि मामले की जांच की गई है।रात के समय बरामदें में बाइक खडी कर रखी गई थी।जिसकी चोरी हुई है।सीसीटीवी खंगाला जा रहा है।जल्द ही उच्चको के पकडे जाने की उम्मीद है।

# थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने आदिम जनजाति के बूथों का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर महुदी में संचालित 156 एवं 157 बूथ नंबर का निरीक्षण किया। दोनों बूथों में बिरहोर आदिम जनजाति के लोग ही मतदान करते हैं। 156 बूथ नंबर में कुल 10 मतदाता है जिसमें 8 महिला एवं दो पुरुष बिरहोर मतदाता है। वही 157 बूथ नंबर में कुल 70 मतदाता हैं जिसमें 32 महिला एवं 38 पुरुष बिरहोर मतदाता है। इस दौरान थाना प्रभारी ने सतबहीया बिरहोर कॉलोनी जाकर बिरहोरों के बीच बैठक की और आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक किया। इस दौरान थाना प्रभारी ने लोगों को किसी भी प्रकार की लालच में आकर मतदान नहीं करने की सुझाव दिया है। अपने अधिकार का प्रयोग सूझबूझ के साथ निर्भीक होकर मतदान करने को कहा। उक्त कार्य में बीएलओ मंजुला राणा एवं मीना देवी नेवी अपने कार्य का निर्वाह किया।

# चरही पंचायत भवन सभागार में ख़ातियानी परिवार का संगठन का चुनाव किया गया, बाबूलाल महतो बने अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** बुधवार को चरही पंचायत भवन सभागार में ख़ातियानी परिवार का एक बैठक किया गया। बैठक में जल जंगल जमीन एवं अधिकार के संबंध में ख़ातियानी परिवार संगठन एवं कमिटि का विस्तार के लिए बैठक किया गया । वही कमिटि का चुनाव किये जाने को लेकर बैठक का अध्यक्षता शुक्र ठाकुर ने किया वहीं संचालन चिंतामणि रविदास ने किया ख़ातियानी परिवार का गठन सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए बाबूलाल महतो को मनोनीत किया गया वहीं उपाध्यक्ष शुक्रर ठाकुर सचिव दिनेश कुमार सहसचिव चिंतामणि रविदास कोषाध्यक्ष घनश्याम करियामाली उप कोषाध्यक्ष अलाउद्दीन अंसारी को चुना गया।

# पिपरवार के बहेरा में नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** झारखंड के आयुष स्वास्थ्य निदेशालय के निर्देश पर चतरा जिला अंतर्गत टंडवा प्रखंड के बहेरा पंचायत सचिवालय में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर में चतरा जिला की आयुष चिकित्सा प्रभारी डॉ प्रिया कुमारी तथा डॉ मुकेश ऋषि द्वारा सभी उम्र के ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस अवसर पर चिकित्सा प्रभारी डॉ प्रिया कुमारी ने स्वस्थ रहने के लिए आयुर्वेद के महत्व को बताते हुए ज्यादा से ज्यादा इसके इस्तेमाल करने पर जोर दिया। इस अवसर पर चिकित्सकों के साथ बहेरा पंचायत की मुखिया रेखा कुमारी और काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# नगर आयुक्त की अध्यक्षता में निर्वाचन जागरूकता से संबंधित बैठक संपन्न हुई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रांची के निर्देशानुसार जनमानस में निर्वाचन संबंधी जागरूकता अभियान को सफल बनाने हेतु नगर आयुक्त की अध्यक्षता में सूचना भवन के सभागार कक्ष में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कार्यालय के पदाधिकारी,कर्मी, बीएलओ एवं स्वीप विशेषज्ञ उपस्थित थे।

नगर आयुक्त सह प्रशासक शैलेन्द्र लाल ने सभी को लोकतंत्र शब्द को विस्तृत रूप में से बताया। उन्होंने सभी को राज्य में इस वर्ष होने वाले लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव को देखते हुए तैयार रहने को कहा।उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र हजारीबाग में कुल 185 बूथ 77 बिल्डिंग में है , उनकी साफ सफाई, बिजली, बैठने इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निदेश दिया।सभी बूथ आदर्श बूथ होंगे।उन्होंने सभी बी एल ओ को मतदाता को जागरूक करने का निदेश दिया। उन्होंने बताया कि चुनाव का पर्व देश का गर्व है एवं विजय प्रख्यात मास्टरजी को झारखंड में होने वाले चुनाव का ब्रांड अम्बेसडर बनाया गया है। इस बार शहरी क्षेत्र में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए अबकी बार 80 पार का स्लोगन दिया।अर्थात इस बार कम से कम 80 प्रतिशत वोटिंग का लक्ष्य रखा गया है ।जिस बूथ का बूटिंग प्रतिशत अधिक होगा प्रथम तीन स्थान के बी एल ओ को जिला स्तर पर पुरुस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बीएलओ को सुनिश्चित करने को कहा कि, सभी का नाम मतदाता सूची में हो एवं मतदाता को उनके बूथों की स्पष्ट जानकारी हो। स्वीप के विशेसज्ञ द्वारा बीएलओ को चुनाव से संबंधित ऐप्प के बारे में जानकारी दी एवं उसके उपयोग के बारे में बताया।

# बीडीओ ने प्रखण्ड के बूथों पर शौचालय व पानी की सुविधाओं का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** आम चुनाव के मद्देनजर विष्णुगढ़ के प्रखंड के तमाम बूथों पर विष्णुगढ़ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने सिलसिलेवार ढँग से आज करीब 10 बूथों में जाकर शौचालय तथा पानी की सुविधा का गहन निरीक्षण किया। जिन बूथों पर पानी अथवा शौचालय की असुविधा है,उसे तत्काल दुरुस्त करने का बीडीओ ने निर्देश जारी किया गया। विष्णुगढ़ में आज 28 फरवरी 2024 को रमुआ विद्यालय, विष्णुगढ़ राजकीय कन्या मध्य विद्यालय,राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय गुंडरो,प्राथमिक विद्यालय हेठली बोदरा सहित अन्य विद्यालयो में बूथ का निरीक्षण किया गया।इस मौके पर जीपीएस रामसेवक दांगी ,कनीय अभियंता बिरेन्द्र कुमार समेत सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक बूथ निरीक्षण के दौरान अपने-अपने विधालयों में उपस्थित थे।

# नरकी वन सीमा क्षेत्र से वनाधिकारियों ने साल बोटा लदा पिक-उप वैन किया जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ के नरकी में 27 फरवरी 2024 को रात्रि करीब 12 बजे गुप्त सूचना के आधार पर वन क्षेत्र पदाधिकारी के निर्देश पर रात्रि गश्ती के दौरान नरकी वन सीमा में साल(सखुआ) बोटा से लदा पिक अप वैन को जप्त किया गया।साल बोटा से लदे वैन को जब्त कर वन क्षेत्र कार्यालय सरिया में रखा गया।साथ ही अभियुक्तों एक काली महतो नरकी,एवं अटका बगोदर क्षेत्र के वन अपराधियों का ऊपर वन वाद दर्ज किया गया है।

वनपाल संजीत दास ने वनापरधियों को सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि,वनापरधियों को माफी नही मिलेगी आगे भी इस तरह के रात्रि गश्ती कर वन अपराधियों के विरुद्ध कानूनी कारवाई की जाएगी। रात्रि गश्ती में प्रभारी वनपाल ,संजीत दास, वनरक्षी उदय कुमार ,सुनील यादव ,बिनोद गंझू,परमेश्वर महतो एवं अन्य लोग शामिल थे।

# पिपरवार के बचरा बसंत विहार कालोनी में खड़ी ट्रक में शरारती तत्वों ने लगाई आग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सबसे बड़े आवासीय कॉलोनी बसंत विहार स्थित श्रमिक क्लब के समीप खड़ी एक ट्रक में बीती रात अज्ञात शरारती तत्वों ने आग लगा दी।इस घटना में ट्रक पूरी तरह से जलकर राख हो गया।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बंसत विहार कालोनी के माईर्न्स कॉलोनी मे रहने वाले बिहार के छपरा निवासी विष्णु पंडित का ट्रक संख्या बीआर 2एम-0615 पिछले कई दिनों से श्रमिक क्लब के समीप खड़ी थी।इसी दौरान बीती रात को कुछ शरारती तत्वों ने ट्रक में आग लगा दिया।इसके बाद ट्रक धू-धू कर जलने लगा।इसकी नजर कुछ लोगों को पड़ी,जिसके बाद इसकी सूचना तुरंत पिपरवार पुलिस को दी गई। वहीं सूचना पाकर पिपरवार पुलिस मौके पर पहुंचकर दमकल वाहन को सूचना दिया,जिसके बाद दमकल वाहन मौके पर पहुंचकर आग को बुझाया,लेकिन तब तक ट्रक जलकर राख हो चुका था।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रात्री करीब ढाई बजे कुछ लोग कॉलोनी में प्रवेश किया और सबसे पहले कॉलोनी के मुख्य द्वार को रस्सी से बांध दिया,वही मुख्य द्वार पर बड़ा पत्थर रखकर उसे जाम भी कर दिया और ट्रक में आग लगा दी।आग लगाने के बाद शरारती तत्व किस तरफ भागे इसकी जानकारी किसी को नहीं है।इधर मौके पर पहुंची पिपरवार पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।श्रमिक क्लब के आसपास दुकानों और होटल में लगाए गए सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।इधर सुबह में जानकारी मिलने के बाद यहां लोगों की काफी भीड़ जमा हो गई।बसंत विहार कॉलोनी में इस तरह की पहली घटना होने से लोगों में कई तरह की चर्चा चल रही है।घटना किस उद्देश्य से अंजाम दिया गया है इसका स्पष्ट पता नहीं चल पा रहा है।पिपरवार पुलिस का दावा है कि जल्द ही घटना में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### रैयत विस्थापित ट्रक एसोसिएशन ने महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार से विस्थापित हुए रैयत ट्रक मालिक एसोसिएशन की ओर से पिपरवार महाप्रबंधक को एक ज्ञापन सौंपा गया। महाप्रबंधक को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि खनन क्षेत्र में सीसीएल की परियोजनाओं में रैयतों की जमीन सहित खेल मैदान, चारागाह,मंदिर-मस्जिद, सरना स्थल,घर-मकान सब चला गया,इसके बावजूद सीसीएल प्रबंधन द्वारा आज तक समुचित मुआवजा एवं नौकरी नहीं दी गई है। बेरोज़गारी की स्थिति में विस्थापित रैयतों द्वारा किस्तों पर ट्रक लेकर रोड सेल में चलाया जा रहा है।

# चतरा डीएफओ ने किया पिपरवार क्षेत्र का दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल पदाधिकारी मुकेश कुमार ने बुधवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया।पिपरवार पहुंचने पर क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय ने बुके देकर उनका स्वागत किया।जिसके बाद डीफओ मुकेश कुमार ने विभागीय अधिकारियों के साथ पिपरवार में खुलने वाले नई भूमिगत खदान के स्थल का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने कई बातों की जानकारी ली।जीएम सीबी सहाय ने नई भूमिगत खदान को लेकर डीएफओ को विस्तार से जानकारी दी।इस दौरान कायाकल्प वाटिका का भी अधिकारियों ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कायाकल्प पार्टी की सुन्दरता की जमकर प्रशंसा की गई। इसके बाद सभी अधिकारियों ने बचरा संगम विहार क्लब में बैठक की।इस बैठक में पर्यावरण से जुड़ी बातों पर चर्चा की गई।पिपरवार मे खुलने वाली नई भुमिगत खदान और खदान विस्तारीकरण सहित अन्य कई बातों पर चर्चा की गई। इस दौरान स्थानीय अधिकारियों ने कई बातों की जानकारी बैठक के माध्यम से दी।इस मौके पर डीएफओ मुकेश कुमार,टंडवा रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना,पिपरवार जीएम सीबी सहाय,पर्यावरण पदाधिकारी संजय कुमार, अशोक परियोजना के खान प्रबंधक संजय कुमार सिंह, जगदीश मंडल,जेएमएस प्रतिनिधि अंजन रोय सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

# लाभार्थी संपर्क अभियान को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो की अध्यक्षता एवं महामंत्री दिनेश करमाली के संचालन में हरली विवाह मंडप में की गई। बैठक में सशक्त भारत, समृद्ध भारत, विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत, विश्व गुरु भारत के लिए अबकी बार 400 पार के साथ एक बार फिर से मोदी सरकार के संकल्प को पूरा करने के लक्ष्य रखा गया। इसी आलोक में प्रदेश के निर्देशानुसार लाभार्थी जनसंपर्क अभियान प्रत्येक पंचायत में सभी बूथों के लाभार्थी जिन्हें उज्ज्वला योजना, पीएम किसान समृद्धि योजना, आयुष्मान कार्ड, जनधन खाता, पीएम आवास योजना, शुलभ शौचालय एवं अन्य तरह के केंद्र सरकार के योजनाओं का लाभ जिन लाभार्थियों को मिला उनसे मिलकर उनका फीडबैक लेकर पुनः भाजपा सरकार बनाने का संकल्प लेना है। मंडल अध्यक्ष ने बताया कि इस कार्य में डोर टू डोर प्रत्येक घरों में जाकर पंचायत के कार्यकर्ता संपर्क अभियान में शामिल होंगे एवं लाभार्थियों से मुलाकात करेंगे। मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, सांसद प्रतिनिधि श्रीकांत निराला, बेचन साव, महामंत्री दिनेश करमाली, उपाध्यक्ष अशोक साव, किशोर राणा, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, किसान मोर्चा अध्यक्ष त्रिवेणी महतो, महिला मोर्चा अध्यक्ष सेवंती कुमारी, मीडिया प्रभारी मनोज प्रभाकर, कार्तिक उरांव, श्याम प्रसाद गुप्ता, बलदेव राम, दामोदर महतो, निरंजन कुमार, गणेश कुमार, छोटन सिंह, नागेश्वर महतो, राम कुमार राणा, उमाशंकर महतो, रामेश्वर महतो, नागेश्वर महतो समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# हमारा लक्ष्य विकसित भारत और विकसित हज़ारीबाग : जयंत सिन्हा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सांसद सह अध्यक्ष वित्त सम्बन्धी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा ने भाजपा कार्यालय अटल भवन में प्रेसवार्ता को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान पिछले 10 वर्षों में हज़ारीबाग लोकसभा में आये परिवर्तन के विषय में विस्तार से बताया। जयंत सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हज़ारीबाग लोकसभा में 50 हज़ार करोड़ का विकास हुआ है, जिसने क्षेत्र में क्रांति लायी है। 20 हज़ार करोड़ का पतरातू सुपर थर्मल पावर प्लांट, 15 हज़ार करोड़ की खनन परियोजनाएं, 5 हज़ार करोड़ के राष्ट्रीय राजमार्ग, 4 हज़ार करोड़ की रेल परियोजनाएं, 2 हज़ार करोड़ का जिला खनिज मद, 2 हज़ार करोड़ का मेडिकल कॉलेज व अस्पताल, 1 हज़ार करोड़ का भारतीय कृषि अनुसन्धान केंद्र और 1 हज़ार करोड़ की कोनार डैम जलापूर्ति और गैस पाइपलाइन की परियोजनाओं को हमने धरातल पर उतारा है। इन सभी परियोजनाओं से क्षेत्र में हज़ारों रोज़गार का सृजन हुआ है।

श्री सिन्हा ने कहा कि हज़ारीबाग और रामगढ़ में मोदी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र पर चलते हुए पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक के उत्थान का मार्ग प्रशस्त कर रही है। मोदी सरकार ने 2024 में लाये गए अंतरिम बजट में GYAN फॉर्मूला पर काफी जोर दिया है। G मतलब गरीब, Y मतलब युवा, A मतलब अन्नदाता और N मतलब नारी। हमारी सरकार इन सभी वर्गों का तेजी से उत्थान कर रही है। मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं ने हज़ारीबाग और रामगढ़ में 10 वर्षों में इन सभी वर्गों की प्रगति को बढ़ावा दिया है। हमारी सरकार ने जो कार्य किये हैं उन्हें देखकर जनता कह रही है तभी तो सब मोदी को चुनते हैं।

जयंत सिन्हा ने कहा कि मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में भी हर गरीब को बुनियादी सुविधाएं, युवाओं को बेहतर शिक्षा द्वारा रोजगार, किसान भाई-बहनों को हर साधन व नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के साथ-साथ हर मूलभूत सुविधा सुनिश्चित करेगी। हज़ारीबाग को नॉलेज सिटी बनाएंगे, जिससे क्षेत्र आईटी हब के रूप में उभरेगा और युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही बड़ी संख्या में आईटी के रोज़गार मिलेंगे। युवाओं में कौशल और तकनीकी विकास को बढ़ावा देने के लिए हम विनोबा भावे विश्वविद्यालय को हर साधन देंगे, जिससे उन्हें विश्वस्तरीय शिक्षा मिल पायेगी। हज़ारीबाग की तरह रामगढ़ में भी मेडिकल कॉलेज को धरातल पर उतारेंगे, जिससे हमारे युवा क्षेत्र में ही डॉक्टरी की पढ़ाई कर सकेंगे। इसके साथ ही जनता को सहज जीवन देने के लिए क्षेत्र में बेहतर सड़कें, जलापूर्ति, ट्रैफिक व्यवस्था, घरों में गैस पाइपलाइन, चौक-चौराहों पर प्रतिमाओं की स्थापना व सुन्दर पार्कों के निर्माण को और बढ़ावा दिया जाता रहेगा।

## होम क्रेडिट इंडिया सर्वेक्षण से पता चला, क्रेडिट ज़रूरतों के लिए भारतीय महिलाएं तेज़ी-से टेक्नॉलॉजी अपनाती हैं

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर और संयुक्त राष्ट्र के 'महिलाओं में निवेश करें- प्रगति में तेज़ी लाएँ' विषय के अनुरूप, अग्रणी ग्लोबल कंज़्यूमर फ़ाइनैंस प्रोवाइडर की एक स्थानीय शाखा, होम क्रेडिट इंडिया ने ज़िम्मेदार और डिजिटल नेतृत्व वाली फ़ाइनैंस सर्विसेस के माध्यम से फ़ाइनैंशियल समावेशन और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है, ताकि किफ़ायती क्रेडिट का ऐक्सेस पक्का हो सके। भारत में, फ़ाइनैंशियल सर्विसेस का ऐक्सेस करने में महिलाओं को पारंपरिक रूप से बाधाओं का सामना करना पड़ा है, लेकिन ऐसा लगता है कि पिछले कुछ बरसों में यह बदल रहा है। अपने हालिया सर्वेक्षण हाउ इंडिया बॉरोज़ 2023 (How India Borrows 2023) में, होम क्रेडिट इंडिया ने देखा कि भारत में महिलाएं टेक्नॉलॉजी को तेज़ी-से अपना रही हैं और देश के फ़ाइनैंशियल ईको-सिस्टम में सक्रिय भागीदार बन रही हैं। सर्वेक्षण से पता चला है कि जब मोबाइल ऐप जैसे ऑनलाइन माध्यमों से क्रेडिट को ऐक्सेस करने की बात आती है, तो उधार लेने वाली महिलाएँ (31त्न) पुरुषों (32त्न) के बराबर होती हैं। इसके अतिरिक्त, 2023 में जवाब देने वाली 59त्न महिलाएँ सुविधा और ऐक्सेसिबिलिटी के लिए एक शक्तिशाली वरीयता पेश करते हुए मोबाइल ऐप से ऑनलाइन प्लैटफ़ॉर्मों के ज़रिए लोन प्रोसेस को पूरा करना पसंद करती हैं।

## राज्य सरकार ने हर वर्ग को दी है सौगात : अमन अहमद



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस छात्र संगठन, एनएसयूआइ कार्याध्यक्ष अमन अहमद ने कहा की राज्य सरकार का बजट 2024 25 स्वागत योग्य है । यह बजट किसान, मध्यवर्गीय, महिला, छात्र, युवा सभी के हित में है, सभी के विकास पर जोर दिया गया है । बजट में 21 नए महाविद्यालय और 4 महिला महाविद्यालय का मार्ग प्रशस्त होना सुखद है । उच्च शिक्षा के लिए यह प्रभावशाली कदम होगा । इस घोषणा से ग्रामीण परिवेश से निकलकर उच्च शिक्षा हासिल करने में छात्र छात्राओं और युवाओं को लाभ मिलेगा ।पर्यटन के विकास पर जोर दिया गया है । बजट में ग्रामीण अर्थवेस्था मजबूत होगा ।

## भाजपा जिला कार्यालय में लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा जिला कार्यालय में लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया द्य सम्मेलन की अध्यक्षता नगर परिषद मंडल अध्यक्ष मनोज गिरी एवं संचालन महामंत्री सुनील प्रसाद ने किया द्य धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष छठी लाल प्रसाद ने किया साथ ही केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं के चर्चा किया गया। बाद में लाभार्थी सम्मेलन को सफल बनाने का निर्णय लियालिया । मौके पर रंजीत प्रसाद कौशल बेदिया, छठी लाल प्रसाद, रविंद्र गुप्ता, ईश्वर बेदिया, अनिल यादव, प्रमोद यादव, कमलनाथ यादव, शिवचरण महतो, डॉ संजीव कृष्ण जमुआर, नरोत्तम सिंह, राम प्रसाद मलिक, हरि प्रसाद, संजय लाला, टिंकू प्रजापति, कमलेश बेदिया, रणधीर कुमार सिंह, अर्जुन कुमार अग्रवाल, रोहन लाल, प्रताप बेदिया, विजय बेदिया, जगदीश रवानी, सूर्य देव पांडेय, विनोद बेदिया, राजा सिंधु महतो, मुकेश ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ ने नए खान प्रबंधक का बुके देकर किया स्वागत, रखी मांग

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ (एजेकेएसएस) के प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को कोलयरी सिरका के नए खान प्रबंधक रमेश कुमार का बुके देकर स्वागत किया। अवसर पर एजेकेएसएस प्रतिनिधि मंडल ने सिरका कोलयरी में स्टाफ को संडे फुलफेज देने, पेंडिंग इंक्वारी कर जल्द पदोन्नति देने, कैंटीन की सुविधा उपलब्ध करवाने, सभी डंपर व एक्सकैवेटर मशीनों में ऑडियो विजुअल अलार्म, फ्रंट लाइट, बैकलाइट सुधार करने, 24 घंटे बिजली पानी की सुविधा उपलब्ध कराने, कोलयरी सिरका में कोयला उत्पादन कैसे बढ़ाया जाए समेत कई विषयों पर बातें रखी गई। जबकि एजेकेएसएस के द्वारा एजेंडा मीटिंग के लिए पत्र भी दिया गया, इसे लेकर बैठक को जल्द कराने एवं अन्य मुद्दों पर विशेष चर्चा की गई। मौके पर एजेकेएसएस के क्षेत्रीय सचिव सत्येंद्र कुमार महतो, सुखदेव महतो, शांता कुमार, देव कुमार बेदिया आदि शामिल थे।

## अंजुमन का चुनाव 7 मार्च को



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को सदर पद के लिए दो लोगों ने नामांकन जमा किया। फॉर्म जमा करने वाले में फारूक अली , मोहम्मद सलीम खान , वही सचिव पद के लिए दो लोगों ने नामांकन किया । मोहम्मद कमाल एवं शेख अरशद राजा नामांकन वापसी 29 तारीख तक है वहीं नई सराय अंजुमन कमेटी की तरफ से चुनाव कमेटी बनाया गया जिसमें मोहम्मद इम्तियाज हबीबुल खान मोहम्मद हसनैन शहजाद खान मोहम्मद परवेज खुर्शीद आलम और मोहम्मद विकी को बनाया गया है साथ ही चुनाव की तारीख 7 मार्च 2024 रखी गई है।

# भाजपा कार्यकर्ता 10 लाख बूथो पर जनसंपर्क अभियान चलाएंगे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ शहर के थाना चौक में स्थित होटल शिवम इन में भाजपा रामगढ़ जिला इकाई ने प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र पार्टी है। जिसने विकसित भारत की परिकल्पना की है और इसे पूरा करने का वादा भी किया है। देश की आजादी का यह अमृत काल चल रहा है और यह भारत के इतिहास कहा है। जब देश विकास में एक लबी छलांग लगाने जा रहा है। इसी परिकल्पना के आधार पर भाजपा ने 'विकसित भारत मोदी की गारंटी' संकल्प पत्र सुझाव अभियान का शुभारम्भ करने जा रही हैद्यजिसका उद्देश्य है। इस अभियान के अंतर्गत पार्टी लोकसभा चुनाव 2024 के घोषणा पत्र हेतु 1 करोड़ से अधिक लोगों के सुझावों, उनकी आकाओं और विचारों को जानने का लक्ष्य रखा है।

**अभियान को 2 चरणों में विभाजित किया गया है**

1. अभियान लॉन्च
2. सुझाव एकत्रित के लिए जनसंपर्क गतिविधियाँ

**अभियान लॉन्च**

राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नाहा द्वारा मीहिया कार्यक्रम के माध्यम से अभियान का लॉन्च भाजपा केन्द्रीय कार्यालय दिल्ली में किया गया। लॉन्च कार्यक्रम में सुझाव एकत्रित करने हेतु सुझाव पेटी, मिस्ड कॉल नंबर (198090902024) और नमी रिप की सुविधा लॉन्च की गयी। जन-जन के सुझाव एकत्रित करने के लिए पार्टी द्वारा स्व्रष्ठ प्रचार वहां की ही झंडी दिखायी गयी।

**सुझाव संग्रह के लिए जनसंपर्क गतिविधियां**

भारत के विभिन्न वर्गों और समुदायों से जुड़ने के लिए इस अभियान के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जाएगा। 125 कोहोर्ट मिलन एवं संवाद देश के 125 प्रमुख स्थानों पर विशेष समुदायों (जैसे उद्योगपति, स्टार्टअप्स के फाउंडर, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता, राष्ट्रीय खिलाड़ियों) के साथ पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं नेतागण संवाद करेंगे एवं विकसित भारत बनाने के लिए उनसे उनके सुझाव लेंगे।500 स्व्रष्ठ प्रचार वाहन देश भर में 500 स्व्रष्ठ प्रचार वाहन चलाए जाएंगे जो मोदी, सरकार का विकास का संदेश गाँव-गली तक लेके जाएंगे और साथ में जनता से उनके सुझाव भी एकत्रित करेंगे। मिस्ड कॉल नम्बर 909090 2024 एवं नमो ऐप मिस्ड कॉल नम्बर और नमो ऐप के माध्यम से जनता अपने सुझाव सीचा मोदी जी तक पहुँचा सकती है। 6,000 से अधिक सुझाव पेटियाँ प्रत्येक विधानसभा में सुझाव पेटियाँ लगाई जाएँगी जिनमें लोग अपने सुझाव डाल सकेंगे। यह पेटियाँ पार्टी के अन्य कार्यक्रमों और सभाओं में भी होगी। प्रकोष्ठ के कार्यक्रम सभी प्रकोष्ठों द्वारा मिलकर जिला स्तर पर 2-3 गोष्ठी के माध्यम से व्यावसायिक कोहार्ट के सुझाव एकत्रित किए जाएंगे। इसके साथ ही विधानसभा में अपने व्यवसाय के व्यक्तियों के साथ 4-5 छोटी बैठकों में सुझाव एकत्रित किए जाएंगे।घर-घर जनसंपर्क पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं द्वारा 10 लाख बूथों पर जनसम्पर्क किया जाएगाद्यजिसमें वे नमो ऐप एवं मिस्ड कॉल नम्बर के माध्यम से जनता के सुझाव एकत्रित करेंगेद्यआज 28 फरवरी को होटल शिवम् इन में,प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य रूप से झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महत,जिला अध्यक्ष प्रवीन मेहता, पूर्व जिला अध्यक्ष रंजित सिंन्हा,जिला महामंत्री रंजन फौजी, जिला मंत्री राजू कुशवाहा,सासंद प्रतिनिधी मनोज जयसवाल,रामगढ़ कैंट महामंत्री सूर्यवंश श्रीवास्तव, जिला मीडिया सह प्रभारी भीम सेन चौहान मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने रजरप्पा के नए थाना प्रभारी नवीन प्रकाश को पौधा भेंट कर स्वागत किया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश के रजरप्पा थाना के नये थाना प्रभारी नवीन प्रकाश को पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। सुधीर मंगलेश ने कहा कि कहा कि नये थाना प्रभारी से थाना क्षेत्र की जनता को काफी उम्मीदें हैं। थाना क्षेत्र मेंभयमुक्त वातावरण स्थापित करने में अहम भूमिका होगी। थाना प्रभारी ने कहा कि कहा कि क्षेत्र में शांति व अपराध पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की कोशिश होगी।क्षेत्र में जनता व पुलिस के बीच समन्वय बनाकर शांति स्थापित करना कर्तव्य रहेगा। उन्होंने कहा किसी भी व्यक्ति को कोई समस्या हो तो थाना आकर या दूरभाष से संपर्क करें ना कि बिचौलियों और दलालों के चंगुल में फंसकर अपना समय बर्बाद ना करें। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल करने, अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाना साथ ही माफियाओं पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी। मौके पर विकास कुमार छोटन कुमार युगल किशोर महतो रामप्रसाद महतो शुभम कुमार रोशन कुमार शिशुपाल कुमार आदि थे ।

## अखिल भारतीय किसान महासभा ने प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय किसान महासभा के बैनर से अरगड्डा मोड में मजदूर-किसान- छात्र-नौजवान विरोधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया। लगातार चल रहे टिकरी बॉर्डर, सिंधु बॉर्डर, शंभू बॉर्डर, पंजाब- हरियाणा बॉर्डर में किसानों के आंदोलन को दिल्ली पुलिस प्रशासन के द्वारा दमन किया जा रहा है। आंदोलन में कई किसान मारे गए हैं। सिर्फ निजी पूंजीपति घरनों अडानी -अंबानी को फायदा पहुंचाने के लिए किसानों के मांगों को दरकिनार करते हुए हठधर्मिता से आंदोलन को कुचला जा रहा है । नरेंद्र मोदी का पुतला दहन करते हुए ,नारे-नरेंद्र मोदी मुर्दाबाद, अखिल भारतीय किसान महासभा जिंदाबाद, एमएसपी को कानून का दर्जा देना होगा,आंदोलनकारी किसानों बढ़े चलो हम तुम्हारे साथ हैं, मनरेगा मजदूरों को 200 दिन का काम की गारंटी करना होगा, चार-श्रम कोड रद्द करो, किसानों का आय दोगुना करना होगा आदि नारे लगाए गए। पुतला दहन कार्यक्रम में अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला नेता जयनंदन गोप, लालचंद बेदिया,रामबृक्ष बेदिया,लाका बेदिया, छोटेलाल दास, कुलदीप बेदिया, रुपन गोप,यूनूस अंसारी,अद्देश्वर गोप, लालदेव कारमाली,शंकर नायक अन्य दर्जनों लोग शामिल थे।

## मांडू चट्टी पंचायत भवन में शबरी जयंती समारोह मनाने को लेकर बैठक की गई

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शबरी जयंती समारोह मनाने को लेकर एक बैठक मांडू चट्टी पंचायत भवन में किया गया जिसका अध्यक्षता अमीत कुमार संचालन सीटन भुइयां ने किया। सर्व सहमति से यह निर्णय लिया गया की शबरी जयंती समारोह 02/03/2024 दिन शनिवार और शोभा यात्रा 03/03/2024 दिन रविवार निकाला जाएगा। इसे लेकर एक पूजा कैमेटी का गठन किया गया । 1.अध्यक्ष किरण देवी 2.उपाध्यक्ष रूबी देवी, सुनील कुमार 3.सचिव लालमोहन कुमार, विक्की कुमार 4. सहसचिव सन्नी कुमार, दिलीप कुमार 5. कोषाध्यक्ष विजय कुमार, गोरी कुमार, गणेश भुइयां, रंजीत कुमार कार्यकारणी अध्यक्ष दीपक कुमार, बीरेंद्र कुमार सीटन भुइयां पुजारी सरीता देवी आयोजक बलेश्वर भुइयां और अमीत कुमार साथ ही संरक्षण समिति लक्ष्मी देवी ,गणेश भुइयां ,चौधरी मुसहर, गोविन्द कुमार ,मानेश्वर मुसहर ,सुनील मुसहर, भोला भुइयां , मोहन भुइयां ,नरेश भुइयां, गोपी भुइयां, महेंद्र भुइयां, राजेंद्र भुइयां, पंचम भुइयां,गणेश भुइयां,विजय भुइयां, रामचंद्र भुइयां, रंगु भुइयां,प्रभु भुइयां आदि थे ।

## स्वीप अंतर्गत जिले के विभिन्न प्रखंडों में हुआ मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को रचनात्मक तरीके से विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी कनक तिर्की व जेएसएलपीएस डीपीएम रीता सिंह के द्वारा मंगलवार को जिले के प्रखंडों में आजविका महिला संकुल संगठन स्तरीय स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता रैली कार्यक्रम का हुआ आयोजन। इस दौरान महिला मतदाताओं ने मतदाता जागरूकता को लेकर अपने-अपने क्षेत्र में ÷चुनाव का पर्व देश का गर्व आई एम रेडी टू वोट थीम के तहत रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही उपस्थित सभी महिला मतदाताओं को मतदाता जागरूकता को लेकर शपथ ग्रहण भी दिलाया गया। इस दौरान इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में निर्वाचन विभाग द्वारा प्रदर्शनी के माध्यम से ईवीएम वीवीपीएट मशीन से महिला मतदाताओं को मतदान की सही प्रक्रिया को डेमो के माध्यम से बताया गया।


### जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद, खूँटी

(अभियंत्रण शाखा)

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 31/2023-24 PR No-319903(District) 2023-24(D) द्वारा प्रकाशित निविदा अन्तर्गत कंडिका 14A 1(xiii) में उल्लेखित नियम के स्थान पर "Experience of similar nature of work or other civil engineering works. Perference will be given to those Contractors who have experience in similar nature of works" समझा जाय।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूँटी

PR 320683 District(23-24)D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉची

पत्रांकः– दिनांक–

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा अति अल्पकालीन ई–पुर्ननिविदा संख्याः–13/RE/2023-24/RWD /EE/RANCHI, PR 319573 REO (23-24).D द्वारा दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ था। जिसमें निविदा प्रकाशन की तिथि 20.02.2024, निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 28.02.2024 एवं निविदा खोलने की तिथि 01.03.2024 था। जिसे अपरिहार्य कारणवश निविदा प्रकाशन की तिथि 28.02.2024, निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 07.03.2024 एवं निविदा खोलने की तिथि 09.03.2024 किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, रॉची

PR 320656 REO(23-24)D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमंडल संख्या-1, राँची

**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–61/2023–24**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 07.03.2024 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 07.03.2024 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 07.03.2024 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Veterinary Council, Chutia, Ranchi | 1105300.00 | 22200.00 | 2500.00 | Two Months |
| 2 | Renovation of Regional Director Office (G.Floor), Kanke, Ranchi | 2347400.00 | 47000.00 | 5000.00 | Three Months |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची

PR 320634 Building (23-24)_D

### OFFICE OF EXECUTIVE OFFICER,
### Nagar Parishad Ramgarh

**Request for Proposal/E-Procurement Notice**

**REQUEST FOR PROPOSAL NO... NIT/RGH/NP/05/2023-24 Date:28/02/2024**

Request for Proposal are invited on behalf of **Nagar Parishad Ramgarh (RGH)** Jharkhand for work on DBOT basis from reputed and eligible companies / firm/ Consortium/Joint Ventures having sound Technical and Financial capability for the following works:

| No. | Description of Package | Estimated Capital & O&M Cost (Rs. in lac) | Earnest Money (Rs. in lac) | Tender Fee (Rs.) | Completion Period) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Door to Door Collection & Source Segregation of Municipal Solid Waste, setting up & operation of Material Recovery facility, Transfer Station & Transportation Facility, Developing & Operating a Wet & Dry Waste Processing Facility and Engineered Sanitary Landfill Facility in municipal area as per SWM Rules 2016 & SBM 2.0 guidelines, for Ramgarh Town and Ramgarh Cantonment Board in Jharkhand, on a long-term Design, Build, Operate and Transfer (DBOT) basis with 20 years O&M | 2263.01 & 44828.63 | 22.63 | 25,000/- | 16 Month Construction & 20 Yrs. O&M |
| 2 | Date/ Time of Publication of Tender on Website | 29.02.2024 by 4:00 PM | | | |
| 3 | Last date for receiving queries | 09.03.2024 by 2:00 PM | | | |
| 4 | Pre bid meeting | 09.03.2024 by 2:00 PM | | | |
| 5 | Last Date/ Time for Receipt of Bid Online | 20.03.2024 By 4:00 PM | | | |
| 6 | Opening of technical bid | 23.03.2024 By 4:00 PM | | | |
| 7 | Official Inviting Tender | Executive Officer , Nagar Parishad Ramgarh | | | |
| 8 | Mobile Number | +91 6393812374 / +91 9110072039 | | | |
| 9 | E-mail | nagarparishadramgarh@gmail.com | | | |

Note:-1.Only e-tenders are acceptable.Further details can be seen on website *http://jharkhandtenders.gov.in*
2. Contractor Should be registered in appropriate class as per NIT
3. Estimated Cost /Quantity May vary

**Executive Officer**
**Nagar Parishad Ramgarh**

PR 320642 District(23-24).D

### जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद, खूँटी

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

संख्या – 34/2023–24

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 06.03.2024 को (अपराह्न 03:00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 07.03.2024 को 01:00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 07.03.2024 को 03:30 बजे अपराह्न तक
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी का कार्यालय।
6. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी का कार्यालय
7. कार्यो का विस्तृत विवरणी :

| क्र. | कार्य का नाम | प्रा० राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खूँटी जिला अन्तर्गत CM School of Excellence Girls, Khunti के परिसर में स्थिल कल्याण विभाग द्वारा संचालित अल्पसंख्यक कल्याण छात्रावास का मरम्मति एवं जीर्णोद्धार | 24,95,100.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03 माह |

नोट : 1. विस्तृत निविदा सूचना एवं शर्ते कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
2. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

ह०/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूँटी

PR 320589 District (23-24)_D

### कार्यपालक अभिंयता का कार्यालय,
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 20/2023–24**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र बिकी की अंतिम तिथि एवं समय (छुटटी के दिनो को छोड़कर) :– 06.3.2024 के अपराहन 1.00 बजे तक
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 07.03.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :– 07.03.2024 को 3.30 बजे अपराह्न।
6. निविदा परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (क)कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला। (ख)सहायक अभियंता,पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल सं0–2,गुमला।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (क)कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।

| क्र0 | कार्य का नाम | नलकूप की अनुमानित संख्या | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण बिपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Supplying Labour, Vehicle With Fuel & Lubricants With All Tools & Plants for The Repair & Maintainance of Drilled Tube Wells in The Rural Areas for District Gumla for The Year 2024-25 Major Repair –1800 & Minor Repair 1100 Nos Total Nos - 2900 T/Well | 2900 | 21,45,478 | 44,000 | 5,000 | 30 सितम्बर 2024 तक |

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।

PR.NO.320751 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

### Government of Jharkhand
### Drinking Water & Sanitation Division, Khunti
Email ID:- eedwsd.khunti@gmail.com

**Very Short Tender Notice**

Tender Reference No.– DWSD/KH-08(RM)/2023-24 Date- 28.02.2024

Name of Work: Repair and maintenance of drilled tubewell one gang is one tubewell repairing vehicle in different villages of Block- Khunti, Murhu, Arki, Torpa, Rania & Karra under Drinking Water & Sanitation Division, Khunti for the year of 2023-24 & 2024-25.

| Sl. No. | Group No. | No. of T/W | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of BOQ | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | KNT/RM/KHUNTI-01 | 592 | 709216.00 | 15000.00 | 1250.00 | March 2024 to March 2025 |
| 2. | KNT/RM /MURHU-02 | 546 | 654108.00 | 14000.00 | 1250.00 | March 2024 to March 2025 |
| 3. | KNT/RM /ARKI-03 | 578 | 692444.00 | 14000.00 | 1250.00 | March 2024 to March 2025 |
| 4. | KNT /RM/TORPA-04 | 508 | 608584.00 | 13000.00 | 1250.00 | March 2024 to March 2025 |
| 5. | KNT/RM /RANIA-05 | 328 | 392944.00 | 8000.00 | 750.00 | March 2024 to March 2025 |
| 6. | KNT/RM /KARRA-06 | 587 | 703226.00 | 15000.00 | 1250.00 | March 2024 to March 2025 |

| | | |
|---|---|---|
| (a.) | Date of Publication Tender | 01.03.2024 upto 10.00 AM |
| (b.) | Date & Time for Sale of Tender Doc. | 02.3.2024/ 10:00 A.M. to 09.03.2024/02:30 PM |
| (c.) | Last date /Time for receipt Earnest Money & Cost of BOQ & Tender Doc. (Hard Copy) | 11.03.2024/ 03.00 PM to 04.00 PM |
| (d.) | Place for receiving tender fee & EMD (Hard Copy) | Office of the Executive Engineer, D. W. & S. Division, Khunti. |
| (e.) | Date of Opening of Tender | 12.03.2024/ 11.00 AM |
| (f.) | Place of Opening Tender | Office of the Executive Engineer, D. W. & S. Division, Khunti. |
| (g.) | Name & Address of Tender inviting Authority | Executive Engineer, D. W. & S. Division, Khunti. |
| (h.) | Contact No. of Procurement Office | 06528-299928 |

विस्तृत जानकारी हेतु प्रमंडलीय कार्यालय के सूचना पट्ट अथवा वेबसाईट http://dwsd.jharkhand@gov.in या http://112.133.209.136:8000/dwsdtenders/ पर देखा जा सकता है।0

!!जल ही जीवन है!!

नोटः– 01. प्राप्त शिकायतों के आधार पर नलकूपों की संख्या एवं राशि घट बढ़ सकती है।
02. यह निविदा स्वीकृति की प्रत्याशा में आमंत्रित की गई है।

(ई० सुरेन्द्र कुमार दिनकर)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

PR 320775 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

## रक्तदान कर बचाई महिला की जान, दिया मानवता का परिचय



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वासेपुर निवासी समाजिक कार्यकर्ता हाजी ज़मीर आरिफ ने अपने जीवन का 32 वां रक्तदान एशियन जालान हॉस्पीटल के ब्लड बैंक मे किया। उन्होने बताया की एशियन जालान हॉस्पीटल मे इलाजरत महिला के शरीर मे हीमोग्लोबिन की मात्रा महज पांच प्रतिशत होने से उस मरीज की स्थिति काफी गंभीर थी। ऐसे मे जैसे ही मरीज के परिजन के द्वारा फोन पर जानकारी दी गई वो फौरन अस्पताल पहुंचे और अपना रक्तदान किया। आगे उन्होने कहा की हर सक्षम व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करनी चाहिये क्योंकि ये अपने स्वास्थ्य के लिये लाभदायक तो होता ही है और इससे दूसरों की जान भी बचाई जा सकती है। इससे बड़ा कोई पुण्य का कार्य हो ही नहीं सकता।

## एकदिवसीय आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दक्षिणी टुंडी के नेटवारी गांव में आज बुधवार को जय गुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था का एक दिवसीय वृहद आध्यात्मिक सत्संग हुआ। मौके पर जय गुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह जय गुरुदेव के उत्तराधिकारी शिष्य पंकज जी महाराज उपस्थित थे। पूज्य पंकज जी महाराज ने शाकाहार सदाचार मध-निषेध चरित्र उत्थान अच्छे समाज का निर्माण मानव प्रेम एकता परस्पर सद्भाव मानव सेवा और भगवत भजन पर बेमिसाल संदेश दिया। अपने आध्यात्मिक सत्संग में बोलते हुए उन्होंने कहा कि चौरासी लाख योनियों में भ्रमण के पश्चात जीव को मनुष्य योनि में जन्म मिलता है इसलिए मनुष्य को अपने बुरे कर्मो से बचने के लिए सुमिरन ध्यान और भजन का मार्ग अपनाना चाहिए। मनुष्य को यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि उन्हें उनके कर्मों का फल भोगना ही पड़ेगा इसलिए हमेशा अच्छे कर्म और सत्संग पर ध्यान देना चाहिए। सबसे एकता प्रेम सद्भाव दया क्षमा करूणा और भाईचारे के साथ जीवन जीना चाहिए। किसी भी जीव पर अत्याचार नहीं करना चाहिए विशेषकर अमुक जानवरों पर। बाबा ने अपने आध्यात्मिक प्रवचन में मांसाहार छोड़ें शाकाहार अपनाएं पर विशेष जोर दिया और सत्संग के अंत में पंडाल में उपस्थित सभी श्रोताओं से खड़े होकर मांसाहार छोड़ें शाकाहार अपनाएं की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में महिलाओं की भारी भीड़ देखी गई विशेषकर आदिवासी महिलाओं की। इस आध्यात्मिक आयोजन में नेटवारी गांव के ग्रामीणों की काफी सराहनीय भूमिका रही। मौके पर जय गुरुदेव संस्था के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र जी,धनबाद जिला कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष शंकर प्रजापति, रामेश्वर महतो, सपन ओझा,पूर्व मुखिया श्यामल चक्रवर्ती, महादेव कुंभकार,लालटु कुंभकार सहित आसपास के दर्जनों गांव के सैकड़ों लोगों उपस्थित थे।

## पंचायत विकास योजना के तहत सहजकर्ता दल को ट्रेनिंग दिया गया



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड सरकार के द्वारा संचालित पंचायत विकास योजना कार्यक्रम के तहत बुधवार को बतौर ट्रेनर के रूप में पेशम पंचायत के मुखिया रागिनी सिन्हा के द्वारा प्रखंड मुख्यालय के सभागार भवन में सहजकर्ता दल जिसमें प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से आए वार्ड सदस्यों, सहिया एवं जलसहिया दीदी, स्वयं सहायता समूह के दीदी लोग, रोजगार सेवकों समेत स्वयं सेवी संस्थाओं से जुड़े लोगों को ट्रेनिंग दिया गया। जो ट्रेनिंग के पश्चात अपने अपने पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत पंचायतों को साफ सुथरा रखने में मदद करेंगे। आपको बता दें कि बिरनी प्रखंड से एक पेशम पंचायत की मुखिया रागिनी सिन्हा एवं दूसरा कपिलो पंचायत के मुखिया मुकेश यादव देवघर जिले के जसीडीह से चार दिवसीय ट्रेनिग पूर्ण कर लौटे हैं। कपिलो मुखिया यादव सरिया प्रखंड के सहजकर्ता दल को ट्रेनिंग दे रहे हैं।

## डॉ. सी वी रमन की स्मृति में विज्ञान सेमिनार का हुआ आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य पर बुधवार को बड्स गार्डेन स्कूल, दलूडीह राजगंज में डॉ. सी. वी. रमन की स्मृति में विज्ञान सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के सीनियर बच्चों के लिए क्वीज कांटेस्ट, वाद विवाद एवं विज्ञान से जुड़े हुए अन्य प्रतियोगिताएं रखी गई थी। इस विज्ञान प्रतियोगिता में स्कूल के अनेक बच्चों ने भाग लिया और कार्यक्रम के पश्चात स्कूल के प्रबंधन समिति की ओर से इस विज्ञान प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों अनुप्रिया कुमारी, अमित कुमार, साक्षी कुमारी, खुशी कुमारी, पियूषदीप कुमार, सौम्या तिवारी, राजदीप, प्रियंका एवं सोनल आदि को उपहार स्वरूप मोमेंटो आदि प्रदान किया गया।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक संपन्न

## अवैध खनन रोकने की दिशा में उठाएं सख्त कदम : उपायुक्त

*उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को अवैध खनन, परिवहन, भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया*




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने अवैध पत्थर उत्खनन, अवैध बालू/कोयला/अभ्रक उत्खनन के रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए जिला खनन पदाधिकारी द्वारा की गयी कार्रवाई का ब्यौरा लिया। इस दौरान सीसीएल के पट्टा क्षेत्र, वन क्षेत्रों हो रहे मायका अभ्रक के अवैध उत्खनन व अन्य क्षेत्रों में कोयलें के अवैध उत्खनन व प्रेषण की रोकथाम व अन्य पर विचार विमर्श किया गया। बालू घाटों के संचालन एवं बालू के अवैध भंडारण उठाव एवं परिवहन के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके अलावा उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को अवैध खनन, परिवहन, भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि अवैध खनन करने वाले पर प्राथमिकी दर्ज करें तथा वन क्षेत्र में भी खनन करने वाले लोगों पर भी प्राथमिकी दर्ज कर उचित करवाई करें। साथ ही अवैध रूप से खनिज लदे वाहनों की भी जांच करने का निर्देश दिये। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि अवैध उत्खनन रोकने की दिशा में प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी से समन्वय बनाकर संबंधित विभाग कड़ा रूख अख्तियार करें। उन्होंने कहा कि अवैध खनन रोकने के लिए सख्त कदम उठाएं। जांच-पड़ताल के साथ छापेमारी अभियान चलाएं। इसके अलावा बैठक के दौरान जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि इस वित्तिय वर्ष 2023-24 माह जनवरी में जिला खनन टास्क फोर्स के तहत कुल संलिप्त वाहनों की संख्या 258 है। जिसमें से संलिप्त वाहनों की संख्या 169, दर्ज प्राथमिकी वाहनों की संख्या 122 तथा संलिप्त वाहनों की 89 है। जिनसे कुल 89,42,853 रुपए की राशि की वसूली की गई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में झारखण्ड स्टेट सैंड माइनिंग पॉलिसी 2017 के पश्चात बालूघाटों का संचालन झारखण्ड राज्य खनिज विकास निगम लि0 के द्वारा किया जाना है। जिले में बालुघाटों की सुव्यवस्थित बंदोबस्ती हेतु झारखण्ड स्टेट सैंड माइनिंग पॉलिसी द्वारा टेंडर किया गया है, जिसमें 06 घाट के लिये 06 बीडर का चयन एल आई आधार पर किया गया, जिसपर अग्रेतर कार्रवाई हेतू झारखण्ड स्टेट सैंड माइनिंग पॉलिसीको विवरणी भेजी गई है।

## पुलिस ने स्क्रैप लदी दो टोटो वाहन को धर दबोचा, चालक फरार



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जोरापोखर थाना बीसीसीएल लोदना क्षेत्र के भूलन बरारीबंद रोपवे गोदाम से लोहा व स्क्रैप की चोरी आए दिन धड़ल्ले से हो रही। इसी क्रम में बुधवार को जोरापोखर पुलिस ने डिगवाडीह में चोरी का लौह सामग्री लदी दो टोटो वाहन को धर दबोचा। दोनों टोटो के चालक भागने में सफल रहे। पुलिस मामले कि छानबीन कर रही है। टोटो को छुड़ाने को लोहा तस्कर जुगत में लगे हैं। बताते हैं कि रोपवे एवं बरारी कोलियरी गोदाम से लोहा चोरी करने को कई गिरोह सक्रिय हैं। पिछले तीन माह से दि रात चोरों द्वारा डंके कि चोट पर लोहा कि चोरी कर वाहनों से झारिया फुलारीबग, बानीयहिर, पाथरडीह स्थित लोहा गोदाम में ले जाकर खपाया जा रहा है। इस धंधे में डिगवाडीह के अलावा जोड़ापोखर, जेलगोड़ा के भी लोहा चोर जुड़े हुए हैं।सूत्रों ने बताया कि लोहा तस्करों को बीसीसीएल के कुछ अधिकारियों, सीआईएसएफ व स्थानीय पुलिस का संरक्षण प्राप्त होने के चलते चोर किसी भी समय चोरी कि घटना को अंजाम देने से नहीं हिचकते हैं। इसी क्रम आज थाना प्रभारी राजेश सिन्हा के निर्देश पर सअनि हर्षमनी राम ने चोरी कि लोहा लदी दोनों वाहनों को जब्त किया है। पुलिस कि कार्रवाई से लोहा तस्करों में हड़कंप मच गयी है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धनबाद में आगमन को लेकर आजसू ने की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** धनबाद में प्रधानमंत्री आगमन को लेकर बुधवार को आजसू पार्टी द्वारा परिषदन भवन में बैठक की गई। वही कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के धनबाद आगमन को लेकर एनडीए गठबंधन में उत्साह का माहौल है. कोयलांचल में पीएम के कार्यक्रम को लेकर गिरिडीह में भी तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी कड़ी में बुधवार को आजसू पार्टी की तरफ से परिषदन भवन में एक अहम बैठक हुई. जिलाध्यक्ष गुड्डू यादव की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में पार्टी के केंद्रीय महासचिव अर्जुन बैठा समेत अन्य नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए. बैठक में प्रधानमंत्री के धनबाद आगमन और कार्यक्रम की तैयारी को लेकर चर्चा की गई।

## जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले में बुधवार को झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वावधान में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन सर जैसी वह मुख्यमंत्री बालिका उत्कृष्ट विद्यालय में किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती नीलम आइलिन टोप्पो और प्राचार्य मुन्ना प्रसाद कुशवाहा ने कार्यक्रम का आरंभ दीपक प्रज्वलन करके किया गया । इसके पूर्व जिला शिक्षा पदाधिकारी और कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी श्री मुन्ना प्रसाद कुशवाहा और सभी जूरी मेंबर्स का पुष्पगुच्छ के साथ स्वागत किया गया । इस जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में प्रखंड स्तर पर आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी के चयनित प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें प्रत्येक प्रखंड से तीन प्रतिभागी की टीम शामिल हुई।प्रतियोगिता के मूल विषय तीन थे। पर्यावरण अनुकूल सामग्री स्वास्थ्य और स्वच्छता और सौर ऊर्जा था। इस प्रदर्शनी में बतौर मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सरकार की योजना को महत्वाकांक्षी बताते हुए सभी प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया और कहा कि ऐसे आयोजनों से नए-नए अन्वेष और खोजने को बल मिलता है । प्राचार्य सह नोडल पदाधिकारी मुन्ना प्रसाद कुशवाहा ने कहा की राष्ट्रीय अन्वेषण और नवाचार को गति प्रदान करता हुआ यह विज्ञान प्रदर्शनी उन बाल वैज्ञानिकों के लिए वरदान है जिनके मन में दिमाग में नई -नई चीज आती हैं । ऐसे बाल वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करते हुए विभाग इन्हें एक मंच प्रदान कर रहा है। आज के इस कार्यक्रम में पर्यावरण में प्रथम स्वाति कुमारी उत्क्रमित मध्य विद्यालय मंडलाड़ी बगोदर जबकि द्वितीय राजकीय मध्य विद्यालय शारदा कन्या नमन कुमार शिवम कुमार और तृतीय कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय डुमरी के अंजली कुमारी रही वहीं स्वास्थ्य और स्वच्छता में प्रथम कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गिरिडीह की नंदनी कुमारी और संजना कुमारी रही जबकि दूसरे स्थान पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गिरिडीह की निक्की कुमारी और स्मृति कुमारी रही और तीसरे स्थान पर सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस मॉडल डुमरी के अंकित साव रहे।

## 7 मार्च को आम आदमी पार्टी के बैनर तले बीसीसीएल लोदना एरिया 10 के गेट पर विरोध प्रदर्शन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** झरिया विधानसभा लोदना एरिया 10 अंतर्गत बुढीबांध में पानी की समस्या को लेकर एक बैठक आम आदमी पार्टी का ग्रामीणों के साथ किया गया। बैठक का अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अशोक महतो ने किया तथा संचालन सनोज तिवारी ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया की बीसीसीएल लोदना एरिया 10 को कई बार पत्र देने के बाद भी पानी की समस्या को लेकर वार्ता नहीं होने के कारण दिनांक 7 मार्च को आम आदमी पार्टी के बैनर तले हजारों की संख्या में लोग उपस्थित होकर बीसीसीएल लोदना एरिया 10 के गेट पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महासचिव मदन राम, जिला उपाध्यक्ष समरेंद्र पासवान, जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार, धनबाद प्रखंड अध्यक्ष रॉकी मंडल, डब्लू अंसारी, शेख अनवर अंसारी, शकील, आयशा खातून, भीम बाउरी, गणेश बाउरी, बबलू बाउरी, पाक़ीज़ा खातून, बलदेव पंडित, अहमद खान, सुमन देवी, खलील अंसारी, नरेशा खातून, मानदेव तिवारी, सुदामा यादव, विनोद बाउरी, नारायण मोदी, कदीर अंसारी, निसार अंसारी, आसमा खातून, शाहिद अंसारी, अमित बावरी, शुभम कुमार राय, अभी दुबे आदि लोग उपस्थित थे।

## सुनील सिंह अध्यक्ष तथा राहुल मिश्रा महामंत्री चुने गए



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** कोयलांचल पत्रकार संघ का सांगठनिक चुनाव आज संघ के केंद्रीय कार्यालय शालीमार में संपंन्न हुई। पदाधिकारियो का चुनाव में सर्वसम्मति से चुनाव प्रभारी अंजन सिन्हा तथा चुनाव पर्यवेक्षक जेके सिंह तथा चेतनारायण कुमार की देखरेख में की गई। चुनाव पूर्व पदाधिकारियो के चयन को लेकर संघ के सदस्यों से विचार विमर्श किया गया, जिसकी अध्यक्षता कोयलांचल पत्रकार कल्याण समिति के संस्थापक अध्यक्ष सह संघ के पूर्व अध्यक्ष मुख्तार अहमद तथा संचालन संघ के पूर्व महामंत्री राहुल मिश्रा ने किया। चुनाव में सर्वसम्मति से संरक्षक चंद्र देव मिश्रा, अध्यक्ष सुनील सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य सिंह, महामंत्री राहुल मिश्रा, सचिव अरुण कुमार, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह, सह कोषाध्यक्ष काजल राय तथा अनुशासन समिति के अध्यक्ष सतीश कुमार सिन्हा को निर्वाचित किया गया। इस दौरान निर्णय लिया गया कि आगामी 3 मार्च 2024 को पदाधिकारियो का प्रमाण पत्र वितरण चुनाव प्रभारी तथा पर्यवेक्षक के द्वारा किया जाएगा। वही आगामी 17 मार्च 2024 को चुने गए पदाधिकारियो का सपथ ग्रहण समारोह के साथ होली मिलन समारोह किया जाएगा। मौके पर संघ के सभी सदस्य तथा पदाधिकारी उपस्थित थे।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

## जिले में सड़क सुरक्षा नियमों के अनुपालन व सड़क हादसे में कमी लाने के उद्देश्य से करें कार्य : उपायुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में शहरी परिवहन, यातायात एवं सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओ की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा समिति द्वारा किये जा रहे कार्यो एवं जागरूकता गतिविधियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। साथ ही बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले में सड़क हादसों को कम करने के उद्देश्य से किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के अलावा आईआरएडी एप पर सड़क दुर्घटनाओं में मृत व घायलों से जुड़ी जानकारी को अपडेट रखने का निदेश दिया। आगे उपायुक्त ने जिले में दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से सभी घटनाओं के डेटा को संग्रहित कर एनालेसिस करने का निर्देश दिया। इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त ने शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के उद्देश्य से विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करते हुए उन स्थानों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कार्य करने का निदेश दिया, ताकि ब्लैक स्पॉट की जगह हादसों में कमी लाई जा सके। इसके अलावा बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि* सड़क दुर्घटना पर रोक लगाने हेतु उचित प्रयास करें। यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी लॉ एंड आर्डर का इश्यू न हो। साथ ही स्पेशल ड्राइव चलाएं, भारी वाहनों की नियमित जांच करें और ओवर लोडिंग, रेडियन लाइट व अन्य जरूरी मापदंड नहीं होने की स्थिति में वैसे वाहनों पर फाइन लगाएं। साथ ही सभी हाइवा की भी जांच सुनिश्चित करें। इसके अलावा उन्होंने बताया कि जिले में सूखे पेड़ के ट्रांसिट और काटने हेतु फॉरेस्ट विभाग से को आवेदन दें। साथ ही सभी संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

## स्टेशनों पर इंटरलॉकिंग कार्य को देखते हुए ट्रेनों के संचालन में बदलाव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** लखनऊ मंडल के गोण्डा-बुढ़वल खंड पर तीसरी लाइन निर्माण के मद्देनजर गोण्डा कचहरी एवं करनैलगंज रेलवे स्टेषनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कार्य किये जाने के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन एवं पुनर्निर्धारण/नियंत्रण निम्नवत किया जायेगा -

**निरस्तीकरण -** लखनऊ एवं पाटलीपुत्र से 04 एवं 05 मार्च, 2024 को खुलने वाली गाड़ी सं. 12530/12529 लखनऊ जं.-पाटलीपुत्र-लखनऊ जं. एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

परिवर्तित मार्ग से चलायी जाने वाली ट्रेनें -

ऽ बरौनी से 04 एवं 05 मार्च, 2024 को खुलने वाली 02563 बरौनी-नई दिल्ली स्पेषल परिवर्तित मार्ग छपरा-गाजीपुर सिटी-वाराणसी-बनारस-प्रयागराज-कानपुर सेन्ट्रल के रास्ते चलायी जायेगी।

ऽ नई दिल्ली से 03 एवं 04 मार्च, 2024 को खुलने वाली 02564 नई दिल्ली-बरौनी स्पेषल गाड़ी परिवर्तित मार्ग कानपुर सेन्ट्रल-प्रयागराज-बनारस-वाराणसी-गाजीपुर सिटी-छपरा के रास्ते चलायी जायेगी।

ऽ दरभंगा से 04 एवं 05 मार्च, 2024 को खुलने वाली 02569 दरभंगा-नई दिल्ली स्पेषल गाड़ी परिवर्तित मार्ग छपरा-गाजीपुर सिटी-वाराणसी-बनारस-प्रयागराज-कानपुर सेन्ट्रल के रास्ते चलायी जायेगी।

ऽ नई दिल्ली से 04 एवं 05 मार्च, 2024 को खुलने वाली 02570 नई दिल्ली-दरभंगा स्पेषल परिवर्तित मार्ग कानपुर सेन्ट्रल-प्रयागराज-बनारस-वाराणसी-गाजीपुर सिटी -छपरा के रास्ते चलायी जायेगी।

ऽ सहरसा से 04 मार्च, 2024 को खुलने वाली 12553 सहरसा-नई दिल्ली एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग छपरा-गाजीपुर सिटी-वाराणसी-बनारस-प्रयागराज-कानपुर सेन्ट्रल के रास्ते चलायी जायेगी।

ऽ नई दिल्ली से 04 मार्च, 2024 को खुलने वाली 12554 नई दिल्ली-सहरसा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कानपुर सेन्ट्रल-प्रयागराज-बनारस-वाराणसी-गाजीपुर सिटी-छपरा के रास्ते चलायी जायेगी।

ऽ दरभंगा से 04 एवं 05 मार्च, 2024 को खुलने वाली 12565 दरभंगा-नई दिल्ली एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग छपरा-गाजीपुर सिटी-वाराणसी-बनारस-प्रयागराज-कानपुर सेन्ट्रल के रास्ते चलायी जायेगी।

ऽ मुजफ्फरपुर से 04 मार्च, 2024 को खुलने वाली 12557 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मुजफ्फरपुर-छपरा-गाजीपुर सिटी-वाराणसी-बनारस- प्रयागराज-कानपुर सेन्ट्रल के रास्ते चलायी जायेगी।

## महुदा में थाना प्रभारी ने की शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** धनबाद जिला के महुदा थाना परिसर मे शान्ति समिति की एक बैठक की गयी। इस अवसर पर नव पदस्थापित थाना प्रभारी धिरज कुमार ने उपस्थित सभी सदस्यों से परिचय प्राप्त किया, साथ ही क्षेत्र के बारे मे जानकारी लिया द्व मौके पर महुदा अंचल के पुलिस निरिक्षक अलयूनिस इन्दवार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो, मण्डल अध्यक्ष शैखर सिंह, मुखिया महेश कुमार पटवारी, सुर्यकान्त महतो, पुर्व मुखिया परमेश्वर रवानी, जिप सदस्य प्रतिनिधी गणेश महतो, पुर्व जिप सदस्प अब्दुल जब्बार अन्सारी, पंसस सुभाष चन्द्र महतो, दिलिप महतो, आलम शैख, खालिद शैख, कमल महतो, सिमन्त महतो, पो0 भरत महतो,सन्तोष महतो, चक्रधारी महतो, भुवनेश्वर गोप, अख्तर हुसैन अन्सारी, अलिहुसेन साह, लाल मोहम्मद अन्सारी, करामत अन्मारी, संजय कुमार दास, तुलसी दास, जलाल, विक्की, एनुल अन्सारी, कैलाश रवानी, अब्दुल समद अन्सारी, एसआई दामोदर प्रसाद यादव, चन्दन सिंह, एएसआई धनेश्वर आदि मौजुद थे।

## प्रधानमंत्री आगमन को लेकर तिसरी में भी भाजपाइयों कर रहे हैं तैयारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**तिसरी :** तिसरी प्रखंड के बरनवाल धर्मशाला में भाजपा कार्यकर्ताओं का बैठक किया गया जिसमें चंदौरी मंडल एंव तिसरी मंडल के सामूहिक कार्यकर्ता उपस्थित थे वही चंदौरी मंडल अध्यक्ष रविंद्र पंडीत ने कहा बैठक का मुख्य उद्देश्य यह है कि आगामी 1 मार्च को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का धनबाद में आगमन होने जा रहा है जिससे सभी भाजपा के लोगों उत्साहित हैं और भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जौर सौर से तैयारी किया जा रहा है जिसमे भारतीय जनता पार्टी के द्वारा लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया जाएगा और सभी लोगों से मुलाकात किए जाएंगे और जो पार्टी द्वारा फॉर्मेट मिला है उसे सभी कार्यकर्ता मिलकर वितरण करेंगे इस मौके पर सांसद प्रतिनिधी मनोज यादव थाना सांसद प्रतिनिधी सुनील साव, प्रखंड अध्यक्ष सुनील शर्मा,विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण मोदी, भाजपा नेता उदय साव, गोपी रविदास, कपिल यादव, माला सिंहा, रामचन्द्र, विजय यादव, अजय यादव, संतोष सिंह,पूर्णचंद्र गुप्ता, संदीप शर्मा, डब्लू सिंह सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं मौजूद थे।

### मोदी की गारंटी को देश की जनता का समर्थन : मनोज साय

# घर घर जाकर प्रधानमंत्री के संदेश को पहुंचाए : मानकीलाल

### 4 मार्च को झारखंड सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ होगा धरना प्रदर्शन : रवि गुप्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरसई :** भारतीय जनता पार्टी केरसई मंडल की बैठक नगर भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष मानकीलाल ने कहा कि लाभार्थी संपर्क अभियान के निमित्त सभी कार्यकर्ता बूथों में जाकर डोर टू डोर प्रधानमंत्री का संदेश लोगों तक पहुंचाएंगे, और मोदी सरकार की गारंटी को लोगों को बताने का काम करेंगे भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री जी का मूल मंत्र सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास सबका प्रयास की प्रेरणा से हो रहे कार्यों को बताएंगे। वहीं जिला उपाध्यक्ष सह केरसई मंडल प्रभारी मनोज साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी पर देश को भरोसा है आज देश आत्मनिर्भर और विश्व गुरु बनने की राह पर अग्रसर है चंद्रयान-3 ने चांद पर अपना परचम रहकर भारत की मौजूदगी का



एहसास कराया है वही से रेल सड़क एयरपोर्ट शिक्षण संस्थान में अनेक ऐसे कार्य हुए हैं जिससे मोदी की गारंटी साबित हुई है आज प्रधानमंत्री गरीब कल्याण और योजना के तहत 80 करोड़ से अधिक भारतीयों को मुक्त राशन का वितरण हो रहा है वहीं चार करोड़ से अधिक गरीबों को पक्का घर मिला है इसी तरह अनेक विकास के कार्य हुए हैं जिला उपाध्यक्ष प्रणव कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना के तहत 11 करोड़ से अधिक किसानों को 2.8 लाख करोड रुपए से अधिक की आर्थिक मदद मिल रही है 10 करोड़ से अधिक मुक्त एलपीजी कनेक्शन वितरण किए गए हैं 55 करोड़ लाभार्थियों को ?500000 की स्वास्थ्य सुरक्षा योजना का लाभ दिया गया है 500 वर्षों से अधिक समय तक जिसका इंतजार था श्री राम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण हुआ है इससे लोगों में मोदी जी के प्रति भरोसा बढ़ा है इस बार भारतीय जनता पार्टी 400 सीटों को जीतकर भारत को विश्व गुरु बनाने की राह पर अग्रसर होगी जिला मीडिया प्रभारी सह प्रखंड सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को आवाहन करते हुए कहा की 4 मार्च को प्रखंड परिसर में झारखंड सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ एवं छुस्ष्ट के नियुक्ति घोटाले के विरुद्ध छात्रों के हित में एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया है धरना प्रदर्शन में सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित होकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में शामिल हो और 2024 लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में सरकार को उखाड़ फेंकने का प्रण लें। मौके पर बासेन मुखिया सह मंत्री सत्या देवी मंडल महामंत्री बुलेश्वर प्रसाद मंडल उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल उपाध्यक्ष कैलास मेहर युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष गौतम कुमार ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिनेश कुमार मंत्री सुधीर मांझी शक्तिकेन्द्र संयोजक धीरेन्द प्रसाद देवेश गुप्ता जितेंद्र प्रसाद संकर प्रधान शान्ति देवी सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दो दिवसीय जिला स्तरीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** स्वीप कोषांग सिमडेगा एवं जे एस एल पी एस सिमडेगा के तत्वाधान में मतदान जागरूकता एवं जेंडर जागरूकता अभियान के परिप्रेक्ष्य 28 फरवरी एवं 29 फरवरी को दो दिवसीय जिला स्तरीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में किया जा रहा है। जिसमें प्रत्येक प्रखंड से समूह की दीदी के द्वारा बनाई गई टीमों के बीच फुटबॉल प्रतियोगिता कराई जाएगी। प्रतियोगिता के पहले दिन उपायुक्त महोदय सिमडेगा द्वारा प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए प्रत्येक खिलाड़ी प्रतिभागियों से मुलाकात कर उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मतदाता जागरूकता के साथ-साथ जेंडर जागरूकता भी है क्योंकि आज के दौर में गांव की महिला समूह से जुड़कर सिर्फ बचत ही नहीं कर रही बल्कि आगे आकर मतदान के लिये लोगों को प्रेरित करने के लिये फुटबॉल प्रतियोगिता में बढ़



चढ़ कर हिस्सा ले रहीं है। निश्चित ही इस कदम से मतदान के लिए लोग और समाज जागरूक होंगे। इस मौके पर डीपीएम जेएसएलपीएस सिमडेगा के साथ पूरी टीम भी उपस्थित हुई।आज का पहला मुकाबला बांसजोर और कोलेबीरा, दुसरा मैच जलडेगा और कुरडेग, तीसरा मैच ठेठईटांगर और सिमडेगा, चौथा मैच केसई और बोलबा तथा आखरी मैच पाकरटांड और बानो के बीच हुआ. जिसमें क्रमशः बांसजोर, जलडेगा, ठेठईटांगर, केरसई और बानो टीम ने अपनी जीत दर्ज किये. सेमी फाइनल और फाइनल 29 फरवरी को होगी. जिसमें पहला सेमीफाइनल बानो और बांसजोर तथा दुसरा मैच जलडेगा और ठेठईटांगर के बीच होगा. फाइनल मैच के मुख्य अतिथि सिमडेगा उपायुक्त होंग।

# मतदान करना 18 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं का मौलिक अधिकार है : पूनम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु पंचायतअंतर्गत उत्कर्मित उच्च विद्यालय सीठियो से महिला विकास मंडल सेन्हा एवं जेएसएलपीएस के संयुक्त तत्वावधान में स्वीप कार्यक्रम के तहत उत्क्रमित उच्च विद्यालय सीठियो के प्रांगण से साइकिल रैली निकाल कर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न गाँवों का भ्रमण कर मतदान करने को लेकर जागरुकता अभियान चलाया गया। मौके पर महिला विकास मंडल के पूनम देवी ने कहा की महिला मंडल एव जेएसएलपीएस के माध्यम से विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित कर मत्दाताओ को मतदान करने के लिये जागरूक किया जा रहा है। उसी क्रम में बुधवार को साइकिल रैली के माध्यम से मतदताओं को



मतदान के लिए जागरूक किया गया। साथ ही उन्होंने कहा मतदान करना 18 वर्ष से उपर के सभी योग्य मतदाताओं का मौलिक अधिकार है। सभी काम छोड़ कर सब से पहले अपने नजदीकी बूथ में जाकर मतदान करें और अपने मताधिकार को समझे। उन्होंने बताते हुए कहा की कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मतदाताओ को जागरूक करना है। स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत रंगोली कार्यक्रम भी किया गया है। मौके पर पूनम देवी, प्रियंका देवी, अचरज देवी, मंजू देवी, राजमुनी उरांव, सहजादी खातून, नोसबा खातून, निशा कुमारी, उमंग कुमार अन्य शामिल थे।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया


**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित बेसिक उच्च विद्यालय प्रांगण में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर छात्र छात्राओं के द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिप सदसय द्वारा दीप प्रज्वल्लन कर पररम्भ किया गया। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि जिप सदस्य राधा तिर्की ने छात्र छात्राओं और शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि जीवन मे विज्ञान का महत्व को समझे जिस तरह से देश के महान वैज्ञानिक डॉ. सी बी रमण ने प्रकाश की तरंगों का खोज किया था। उसी तरह आप भी कुछ न कुछ करें साथ ही कहा कि विज्ञान को बढ़ावा देने के लिये पर्यावरण को संरक्षित करना आवश्यक है। अपने घर के अवल बगल में तुलसी, निम



सहित अन्य औषधीय पेड़ पौधा को लगायें जिसे जीवन मे लाभदायक होगा। वही छात्र छात्रओं द्वारा खान पान पोषक तत्व, पर्यावरण संरक्षण, घरेलू कचड़ा प्रबंधन, पंखा सहित ट्रॉली बैग, पवन चक्की, धुंवा का प्रबंधन, वायु प्रदूषण रोकथाम सहित विज्ञान से सम्बंधित अन्य चिंजो के प्रदर्शन किया गया था। जिसे मुख्य अतिथि द्वारा अवलोकन कर सराहना किया गया। वही प्रधानाध्यापिका रेणु मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय की छात्रा शिवानी कुमारी और अनामिका उराँव का चयन राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक के रूप में चयन किया गया था। जो विद्यालय के लिये गौरव की बात है। मौके पर मेराज आलम,चाँदनी शाहदेव, डॉ. बैजयंती उराँव सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएँ व छात्र छात्रा उपस्थित थे।

## वारिस कुरैशी ने लोहरदगा की विभिन्न समस्याओं को लेकर डॉ रामेश्वर उरांव से की मुलाकात



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के माननीय सदस्य श्री वारिस कुरैशी ने वित्त एवं खाद आपूर्ति मंत्री सह लोहरदगा विधायक रामेश्वर उरांव से उनके विधानसभा कक्ष में मुलाकात कर लोहरदगा नगर पार्षद के द्वारा दुकानों का अप्रत्याशित भाड़ा वृद्धिपर बात किया, लोहरदगा नगर पार्षद दुकानदार संघ के लोगों ने मुझसे भाड़ा वृद्धि को लेकर शिकायत किए थे। ज्ञात हो कि पछले साल नगर पार्षद लोहरदगा के द्वारा दुकानों का किराया लगभग 600त (प्रतिशत) बड़ा दिया गया था जो कहीं से तार्किक नही है।ऐसे भी लोहरदगा कि आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है, कई दुकानों में दिन दिन भर ग्राहक नही पहुंचते है, ऐसे में दुकानों का किराया 600 (प्रतिशत) भाड़ा वृद्धि कहीं से न तार्किक है और न ही मानवीय है, दुकानदारों के सामने ये बहुत बड़ी समस्या है, वे दुकान का किराया दे कि अपने परिवार को पाले। इस भाड़ा वृद्धि को अविलंब वापस लेना चाहिए और उचित भाड़ा दुकानों का फिक्स करना चाहिए ताकि लोहरदगा के दुकानदारों को राहत मिले। इस पर डॉ रामेश्वर उरांव जी आश्वस्त किया कि जल्द ही इस संदर्भ में मैं नगर विकास सचिव से बात कर समाधान निकालने कि पुरी कोशिश करूंगा।

## वित्त मंत्री द्वारा पेश बजट संतुलित एवं सराहनीय है : उज्वल शुक्ल



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के मुर्की निवासी उज्वल शुक्ला ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव द्वारा पेश किया गया राज्य का बजट संतुलित और सराहनीय है। वित्त मंत्री ने राज्य को कई बड़ी सौगात दिये है। जिससे राज्य का सर्वांगीण विकास होना तय है। सरकार ने सभी वर्गो को ध्यान में रखते हुए जनकल्याणकारी बजट बनाया है। जो आगामी दिनों में झारखंड को विकास के पथ पर अग्रसर करेगा। साथ ही कहा कि राज्य के गरीबों, वंचितों,शोषितों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों अल्पसंख्यकों, महिला, युवा बुजुर्ग, मजदूर किसानों की गांव की अपेक्षाओं को पूरा करने वाला संतुलित बजट है। सरकार ने राज्य के किसानों का भी ख्याल रखा है। और ऋण माफी को 50 हजार से बढ़ाकर दो लाख किया है। जो किसानों के लिए वरदान साबित होगा। सरकार ने 125 मिनट फ्री बिजली प्रदान करने का ऐलान कर राज्य के नागरिकों को बड़ी राहत दी है। सरकार ने गर्भवती महिलाओं को मातृ किट देने की घोषणा कर महिला विकास व उत्थान के प्रति प्रतिबद्धता साबित किया है। खाद्य सुरक्षा, तकनीकी डिग्री वाले युवाओं को सालाना तीस हजार रुपये इसके अतिरिक्त भी कई सारी योजनाओं की सौगात राज्य सरकार ने दी है जो सराहनीय है।

## झारखंड में बिजली दरो की बढ़ोतरी आम जनता के लिए एक और बोझ : कवंलजीत सिंह




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आजसू पार्टी पूर्व केंद्रीय सचिव कवलजीत सिंह ने विज्ञप्ति जारी कर उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं के लिए बिजली की दरो में 7.66 प्रतिशत टैरिफ बढ़ोतरी की मंजूरी देकर आम जनता के ऊपर एक और बोझ लादने का काम किया है। एक तरफ झारखंड में जनता आम बजट के वक्त सरकार से रियायतों की उम्मीद कर रही थी,वहीं दूसरी ओर सरकार ने बिजली दरों में बढ़ोतरी करके उपभोक्ताओं को एक और चोट दी है। इसी तरह डीजल,पेट्रोल में वैट कम नहीं करके झारखंड सरकार आम जनता की जेब काट रही है अब बिजली की बढी दरों के माध्यम से जनता को दोहरी मार पड़ेगी। आजसू पार्टी सरकार से मांग करती है कि अविलंब बढी हुई बिजली दरो को वापस लिया जाए,ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

# 2 लाख तक के कृषि ऋण अब होंगे माफ : आलोक साहू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य आलोक कुमार साहू ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा 2024- 25 के लिए प्रस्तुत किया गया बजट राज्य के गरीबों, वंचितो, शोषितों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, महिला, युवा बुजुर्ग, मजदूर, किसानों की अपेक्षाओं को पूरा करने वाला संतुलित बजट है। झारखंड सरकार ने राज्य के किसानों का ख्याल रखते हुए ऋण माफी को 50हजार से बढ़कर 2 लाख करने तथा हक्कखाताधारक किसानों को भी इस योजना में शामिल किया गया है। घरेलू उपभोक्ताओं को 100 यूनिट की जगह अब 125 यूनिट निशुल्क बिजली मिलेगी। सर्वजन पेंशन योजना में एसटी, एससी एवं सभी वर्गो के महिलाओं के लिए 50 वर्ष की उम्र सीमा तय किया गया है। डीलर कमीशन की राशि 100 प्रति क्विंटल से बढ़कर 150 प्रति क्विंटल किया गया। 5 लाख नए ग्रीन कार्ड बनाए जाएंगे। निर्वाचित पंचायत जनप्रतिनिधियों का मानदेय



बढ़ाया जाएगा। 2500 आंगनबाड़ी भवन का निर्माण होगा। 19 नए महाविद्यालय खोले जाएंगे जिसमें 15 डिग्री और चार महिला कॉलेज । प्री व पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की राशि में तीन गुना वृद्धि। कामकाजी गर्भवती महिलाओं को 5000 का सहायता। गर्भवती महिलाओं व जच्चा बच्चा के लिए 1500 का मातृ किट दिया जाएगा। लोहरदगा में 113 करोड़ की लागत से शहरी जिला पूर्ति योजना का निर्माण होगा गांव में अखाड़ा का निर्माण होगा एवं वाद्य यंत्र भी दिए जाएंगे। 2024 25 वित्तीय वर्ष में 3.50 लाख अबुवा आवास दिया जाएगा।

## किसानो को सुलभ मार्केट व्यवस्था करानें में फिसड्डी साबित हुई सरकार : जितेंद्र महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री जितेंद्र महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा की झारखंड सरकार इस बजट के माध्यम से झूठ का किसानों का हितेषी बनकर अपनी पीठ थपथपाने पर लगी है परंतु सच्चाई यह है की सरकार किसानो द्वारा उपजाए फसल को सुलभ मार्केट व्यवस्था करानें की दिशा में फिसड्डी साबित हुई। आज झारखंड के किसान चौक चौराहों पर धूल रहित वातावरण में चिलचिलाती धूप में,गंदगी नाला के किनारे,जमीन पर बैठकर सब्जी बेच अपनी आजीविका चलाने पर मजबूर है आए दिन तरह-तरह रोग ग्रस्त होकर बीमारी का शिकार हो रहे हैं।ये सरकार में बिजोलिया हावी है।किसानो द्वारा देखा सपना को चकनाचूर कर गांव-गांव में सब्जी सेड एवं प्रखंड स्तर पर सब्जी कलेक्ट सेंटर बनाने की दिशा में कोई पहल नहीं कर अपने बजट में स्थान नहीं दिया। और तो और यहां के किसान दूसरे प्रदेशों में सुरक्षित



सब्जी भेज सके इसके लिए किसानों को सब्सिडी दर पर वातानुकूल सब्जी भेन कैसे उपलब्ध हो और ब्लॉक स्तर पर वतानुकूल भंडारण की व्यवस्था करने व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया गया इस प्रकार किसानों का यह मूलभूत सुविधा को सरकार जब तक नजरअंदाज करती रहेगी झारखंड के किसानों का समृद्ध विकास और स्वालंबन का सपना कोरा कागज ही रहेगा।

## पीएम मोदी द्वारा शुरू की गई कई योजनाओं की दी गई जानकारी



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ज़िले के कूडू प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजना के जिला अध्यक्ष टिंकू महतो के द्वारा ग्राम जिलिंग में मोदी जी की सैकड़ो योजना की जानकारी दिया गया जैसे विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, घर-घर नल योजना, सुकन्या योजना, पीएम किसान योजना, फसल बीमा योजना, उज्ज्वला योजना, जन धन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, आयुष्मान योजना, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ योजना आदि सैकड़ो योजना की जानकारी दिया और मोदी जी की कैलेंडर ग्रामीणों के बीच सैकड़ो की संख्या में बांटा गया। इस बीच टिंकू महतो ने कहा कि हम सभी को मिलकर फिर एक बार कमल खिलानी है।

## तेज बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि से किसानों को हुआ लाखों का नुकसान

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भंडरा प्रखंड में मंगलवार को तेज बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि से किसानों को लाखों का नुकसान हुआ है। ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों ने सरकार और प्रशासन से सर्वे कराकर मुआवजे की मांग की है। प्रखंड में देर रात से हो रही बारिश और ओलावृष्टि होने से किसानों की फसलों को बुरी तरह बर्बाद हो गई। कुदरत के कहर से सबसे अधिक क्षति अनाज, मटर, गन्ना को हुई है। बताया जा रहा है कि इसके कारण लाखों का नुकसान हुआ है?। प्रखंड के कई इलाके में हुई जबरदस्त ओलावृष्टि ने किसानों को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया। स्थानीय किसानों का मानना है कि कुदरत के कहर से फसलों को नुकसान पहुंचा है। किसानों का कहना है कि खेती का लागत निकालना हो जाएगा मुश्किल हो गया है। अब फसल बर्बाद होने के बाद महंगाई के चलते उनके लिए खेती का लागत निकालना भी मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने मांग की कि प्रभावित इलाके का सर्वे कराकर सरकार और जिला प्रशासन पीड़ित किसानों को तत्काल मुआवजा देने की पहल करे। किसानों ने कृषि विभाग की उच्च अधिकारियों से मांग करते हुए कहा है कि जिस प्रकार मौसम ने पहला सुखे की मार और अब तेज बारिश व ओलावृष्टि से गेहूं और फसलों को हुए नुकसान का आंकलन किया जाएं। इधर उदरंगी पंचायत के मुखिया परमेश्वर महली ने कहा कि बारिश से क्षेत्र में फसलों को हुए नुकसान के लिए किसान अंचल कार्यालय में आवेदन जमा करे।

### सभी अल्पसंख्यक स्कूलों के लिए बनाएं भवन : विधायक भूषण बाड़ा

# विधानसभा में गूंजा खपड़ैल घर में संचालित हो रहे अल्पसंख्यक स्कूलों का मुद्दा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने विधानसभा सत्र के शून्यकाल में सरकार से राज्य के अल्पसंख्यक स्कूलों के लिए भवन निर्माण कराने की जोरदार तरीके से मांग की है। विधायक ने सरकार से कहा कि राज्य सरकार के सकारात्मक सोच से आज वर्षो तक शिक्षिक विहीन हो चुके सभी अल्पसंख्यक स्कूलों में पर्याप्त मात्रा में शिक्षकों की बहाली हुई है। इससे एक बार फिर गरीब बच्चों को कम खर्च पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलना शुरू हो गया है। लेकिन राज्य के कई अल्पसंख्यक स्कूल आज भी खपड़ैल मिट्टी के कच्चा मकान में संचालित हो रहा है। विधायक ने कहा कि कच्चा मकान होने के कारण अल्पसंख्यक स्कूलों में पढ़ने वाले लाखों बच्चों की पढ़ाई काफी प्रभावित हो रही है। साथ ही हमेशा



दुर्घटना की भी सम्भावना बनी रहती है। बरसात के दिनों में खपड़ैल मकान होने से पानी भी टपकते रहता है। इस कारण शिक्षकों एवं बच्चों को कई परेशानी होती है। विधायक ने कहा कि कई बार बच्चे दुर्घटना का भी शिकार हो चुके हैं। विधायक ने बताया कि शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ करने में अल्पसंख्यक स्कूलों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। ऐसे में राज्य के इन अल्पसंख्यक स्कूल के लिए स्कूल भवन निर्माण कराया जाना बहुत जरूरी हो गया है। ताकि इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को पढ़ने में किसी तरह की कोई परेशानी न हो।

# समाज के उत्थान में कारगर सिद्ध होगी भाजपा द्वारा संचालित जनसंपर्क अभियान : लक्ष्मण बड़ाईक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** लाभार्थी जनसंपर्क अभियान के तहत एक बैठक सेवई मंडल के अध्यक्ष, देवकीनन्दन साय की अध्यक्षता में रखी गई। इस दौरान भाजपा अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जनसंपर्क अभियान के तहत केंद्र सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं के बारे में लोगों को बताया जाएगा, साथ ही साथ इसका लाभ भी उन्हें दिया जाएगा। यह अभियान समाज के उत्थान को एक नई दिशा प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभियान प्रभारी दीपक पूरी, जिला महामंत्री, अनूप प्रसाद, जिला कोषाध्यक्ष, मंडल सह प्रभारी राकेश रविकान्त प्रधान, जनजाति मोर्चा अध्यक्ष अवध किशोर लोहगारिया, पुरुषोत्तम माँझी, सज्जन दास, श्याम सूदन प्रधान, कालिंदर साव, श्वपूजन साव, रामदेव माँझी, संदीप भगत, फुलचंद प्रधान, जेतेश्वरी देवी सहित बहुत सारे भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चलते चलते एक नजर

### दो दिवसीय रमजान और ईद बाजार सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : अल कुरान एकेडमी द्वारा दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम सह रमजान और ईद बाजार का आयोजन 9 और 10 मार्च को मिलली काउंसिल मंटू चौक मल्लाह टोली रांची में आयोजित किया जा रहा है । यह बातें प्रेस कॉन्फ्रेंस में आफरीन सबा आयशी, सुपरवाइजर अल कुरान एकेडमी ने कहीं। उन्होंने कहा कि रमजान का पाक महीना आने वाला है,उसके बाद ईद आएगी ।रांची के लोगों के लिए रमजान से पहले रमज़ान की खरीदारी और ईद खरीदारी के लिए यह बाजार लगाया जा रहा है। इसका उद्देश्य है कि रांची के लोग रमजान से पहले रमजान और ईद की तैयारी कर ले और रमजान में पूरी तरह इबादत में रहे। उन्हें बाजार जाने की कम से कम जरूरत पड़े।

### नगर पार्षद के द्वारा दुकानों का भाड़ा बढ़ाए जाने को लेकर मंत्री से मिले वारिस कुरैशी

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य वारिस कुरैशी ने वित्त एवं खाद आपूर्ति मंत्री सह लोहरदगा विधायक रामेश्वर उरांव से उनके विधानसभा कक्ष में मुलाकात कर लोहरदगा नगर पार्षद के द्वारा दुकानों का अप्रत्याशित भाड़ा वृद्धि पर बात किया। लोहरदगा नगर पार्षद दुकानदार संघ के लोगों ने मुझसे भाड़ा वृद्धि को लेकर शिकायत किए थे।ज्ञात हो कि पछले साल नगर पार्षद लोहरदगा के द्वारा दुकानों का किराया लगभग 600 प्रतिशत बढ़ा दिया गया था, जो कहीं से तार्किक नही है। ऐसे भी लोहरदगा कि आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है, कई दुकानों में दिन दिन भर ग्राहक नही पहुंचते है, ऐसे में दुकानों का किराया 600 प्रतिशत भाड़ा वृद्धि कहीं से न तार्किक है और न ही मानवीय है, दुकानदारों के सामने ये बहुत बड़ी समस्या है, वे दुकान का किराया दे कि अपने परिवार को पाले। इस भाड़ा वृद्धि को अविलंब वापस लेना चाहिए और उचित भाड़ा दुकानों का फिक्स करना चाहिए ताकि लोहरदगा के दुकानदारों को राहत मिले। इस पर डॉ रामेश्वर उरांव जी आश्वस्त किया कि जल्द ही इस संदर्भ में मैं नगर विकास सचिव से बात कर समाधान निकालने कि पुरी कोशिश करूंगा।



# सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं : झामुमो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने रांची के मोराबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष 13वें दिन बुधवार को सिमडेगा जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना की अध्यक्षता में उपवास रखा। इस दौरान सिमडेगा जिला समिति के साथ रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम के नेतृत्व में रांची जिला समिति भी शामिल हुई। मौके पर झामुमो सिमडेगा जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना ने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को साजिश के तहत




जेल भेजा गया। जमीन का घोटाला बताकर उनको जेल भेजा गया है। पूरा राज्य और देश जान रहा है कि इसमें हेमंत सोरेन का कहीं कोई नाम नहीं है। अनिल ने कहा कि जिस तरह से हेमन्त सोरेन ने चार वर्षों के कार्यकाल में विकास की एक लंबी लकीर खींची है। इस वजह से भाजपा के पास कोई एजेंडा न रहने के कारण साजिश कर उन्हें फंसाया गया। राज्य की साढ़े तीन करोड़ जनता हेमंत सोरेन के साथ है। बहुत जल्द हेमंत सोरेन हमारे बीच होंगे। राज्य के लोग उनके लिए मंदिर में, गिरजाघर में और मस्जिद में मन्नत मांग रहे हैं। रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि उपवास कार्यक्रम के साथ न्याय यात्रा भी सभी पंचायत, प्रखंडों में चल रही है।उपवास कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिमडेगा जिला से केंद्रीय सदस्य बसंत लोंगा, जिला सचिव सफीक खान, जिला उपाध्यक्ष अनिल तिर्की, ऑस्कर डांग, जिला सचिव डॉ हेमलाल मेहता सहित अन्य मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री से मिले माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ उन्होंने राज्य के कई विकासोन्मुख योजनाओं एवं राजनीतिक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। इस मौके पर बगोदर विधायक विनोद सिंह एवं भाकपा (माले) के राज्य सचिव मनोज भक्त उपस्थित थे।

## जीएन कॉन्वेंट स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा** : स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता में आर्या चौबे प्रथम, पियुष धर दुबे द्वितीय एवं आराध्या कुमारी तृतीय रहीं। वहीं भाषण प्रतियोगिता में आदित्य प्रकाश प्रथम, आर्या पांडेय द्वितीय एवं मुस्कान तिवारी तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत महान वैज्ञानिक डॉ सीवी रमन के चित्र पर द्वारा पुष्प अर्पित कर किया गया।

मौके पर निदेशक एमपी के केशरी ने कहा कि विज्ञान दिवस समस्त विज्ञान प्रेमियों के लिए समर्पित है। विश्व के वैज्ञानिक रंग मंच पर भारत को महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। यह दिवस 28 फरवरी को रमन प्रभाव की खोज के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। उन्हें 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वैज्ञानिक विकास ने मनुष्य के जीवन को कई मायनों में बदल दिया है। विज्ञान ने मनुष्य के दैनिक कार्य कलापों को बेहतर और आसान बना दिया है। विज्ञान हमारे जीवन में बहुत महत्व रखता है। भारत ने विज्ञान के क्षेत्र में अनेकों योगदान दिया है। भारत में कई महान वैज्ञानिकों ने जन्म लिया और अनेकों आविष्कार कर अलग पहचान दिलाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, बीरेन्द्र साह, सुषमा दूबे, रिजवाना शाहिन, सरिता दुबे, निलम कुमारी, सुनीता कुमारी, संतोष प्रसाद, सुष्मिता कुमारी आदि की भूमिका सराहनीय रही। धन्यवाद ज्ञापन खुर्शीद आलम ने किया।

# संदेशखाली मामले को लेकर भाजपा का विरोध प्रदर्शन

**एजेंसी**

**कोलकाता :** कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के बाद कोलकाता में संदेशखाली मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन के लिए जुटने लगे हैं। गांधी मूर्ति के पास सैकड़ो की संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं का जमघट लगा है जो राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। कलकत्ता हाई कोर्ट ने कोलकाता में भाजपा को दो-दिवसीय धरना-प्रदर्शन की मंगलवार को अनुमति दे दी थी। साथ ही यह भी निर्देश दिया कि प्रदर्शनकारियों की संख्या 150 से अधिक नहीं होनी चाहिए। न्यायमूर्ति कौशिक चंदा ने शहर के मैदान क्षेत्र में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने विरोध-प्रदर्शन की अनुमति देते हुए प्रदर्शन के दौरान लाउडस्पीकर का इस्तेमाल न करने का निर्देश दिया। यह कार्यक्रम बुधवार और गुरुवार को सुबह 10 बजे से शाम छह बजे के बीच आयोजित किया जाएगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि वह उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में महिलाओं की यौन उत्पीड़न के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे। कोलकाता पुलिस ने विद्यालयों में चल रही माध्यमिक और उच्च माध्यमिक परीक्षाओं के कारण लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर प्रतिबंध का हवाला देते हुए भाजपा की प्रदेश इकाई को विरोध-प्रदर्शन की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। उन्होंने बताया कि सत्तारूढ़ पार्टी



तृणमूल कांग्रेस के सामने पुलिस की बोली नहीं निकलती लेकिन विपक्ष के अधिकारों को कुचलने के लिए सक्रिय रहते हैं। मजूमदार ने हाई कोर्ट का आभार जताते हुए कहा कि भाजपा की प्रदेश इकाई ने अदालत का रुख करके प्रदर्शन की अनुमति के लिए पुलिस को निर्देश देने का अनुरोध किया था।

# हर रोज विकास की नई गाथा लिख रहा है गढ़वा : मिथिलेश

### * गढ़वा में एक हजार सीट क्षमता वाली हाईटेक लाइब्रेरी का होगा निर्माण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा** : गढ़वा में चार करोड़ रुपए की लागत से एक हजार सीट क्षमता वाली नई हाईटेक लाइब्रेरी का निर्माण होगा। झारखंड सरकार ने इसकी प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसमें कंप्यूटर, लैपटॉप एवं बेहतर इंटरनेट सुविधा युक्त ई-लाइब्रेरी भी होगा। लोग पुस्तकों के साथ-साथ इंटरनेट के माध्यम से भी अध्ययन की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। इसके निर्माण से गढ़वा के विद्यार्थियों एवं अन्य लोगों को भी अध्ययन की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि नया हाईटेक लाइब्रेरी का निर्माण कल्याणपुर में नवनिर्मित समाहरणालय के पीछे किया जाएगा। झारखंड सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर



दी है। शीघ्र ही टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर इसका निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि तीन मंजिला इस लाइब्रेरी भवन के 6725 स्क्वायर फीट का ग्राउंड फ्लोर में रीडिंग हॉल, बुक रैंकिंग तथा 318 सीट क्षमता, फर्स्ट फ्लोर के 5390 स्क्वायर फीट क्षेत्र में 278 सीट क्षमता, स्टडी हॉल, 50 सीटर डिस्कशन हॉल एवं बुक रैंकिंग की सुविधा, 6585 स्क्वायर फीट के सेकेंड फ्लोर में 364 सीट क्षमता, 50 सीटर डिस्कशन हॉल, रीडिंग हॉल, बुक रैंकिंग, बुक बाइंडिंग व डिजिटल लाइब्रेरी होगी। ई-लाइब्रेरी में कंप्यूटर, लैपटॉप एवं बेहतर इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध होगी। सभी फ्लोर में ब्वॉयज एवं गर्ल्स टॉयलेट होंगे। यह लाइब्रेरी पूरी तरह से अत्याधुनिक, सर्व सुविधायुक्त होगा। मंत्री ने कहा कि इस प्रकार के लाइब्रेरी की गढ़वा में अति आवश्यकता थी। वर्षों से लोग इसकी मांग कर रहे थे। इसके निर्माण से विद्यार्थियों सहित अध्ययन का शौक रखने वाले अन्य लोगों को भी काफी सुविधा होगी। इस प्रकार का लाइब्रेरी राज्य के किसी भी दूसरे जिले में नहीं है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा के अब गढ़वा की सूरत पूरी तरह से बदल गई है। गढ़वा हर रोज विकास की नई गाथा लिख रहा है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद गढ़वा लगातार उपेक्षा का दंश झेल रहा था। गढ़वा के माथे पर लगे पिछड़ेपन के कलंक को उन्होंने मिटाने का संकल्प लिया था। वह अब पूरा हो रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच एवं कार्य कुशलता से गढ़वा सहित पूरे राज्य में काफी बेहतर काम हुआ है। अब उनके अधूरे संकल्प को वर्तमान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के नेतृत्व में पूरा किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि राजनीति स्वहित के लिए नहीं जनहित के लिए होना चाहिए। यदि समाज के सभी वर्गों के लोग इमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वाह करें तो उस समाज को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता है। उन्होंने कहा कि गढ़वा की जनता ने मुझे जिस उम्मीद से सेवा की जो जिम्मेवारी सौंपी है उसका मैं ईमानदारी पूर्वक निर्वाह कर रहा हूं। यही कारण है कि आज गढ़वा विकास के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बन चुका है। उन्होंने कहा कि गढ़वा की जनता का इसी तरह से प्यार और आशीर्वाद मिलता रहा तो आने वाले समय में गढ़वा और भी बेहतर बनेगा।

## भाजपा सभी लोगों के लिए करती है काम आशुतोष द्विवेदी

**रांची:** भाजयुमो कला और खेल प्रकोष्ट रांची महानगर की ओर से बुधवार को कांके रोड स्थित एसएस मेमोरियल कॉलेज के समक्ष युवा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस दौरान युवाओं को केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गयी। भाजयुमो कला और खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि भाजपा सभी लोगों के लिए काम करती है। भाजपा ही एकमात्र पार्टी है जो महिला, किसान,गरीब, युवाओं सभी के कल्याण के लिए काम करती है। उन्होंने कहा कि हम सब युवाओं के प्रति भी सरकार किसी भेद भाव के बिना काम कर रही है।हम सभी को फिर से केंद्र में भाजपा सरकार बनाने की जरूरत है ।डबल इंजन की सरकार से राज्य और केंद्र सरकार भी मजबूत होगा। इसलिए मोदी की गारंटी को याद रखते हुए हम सभी लोगों को फिर से भाजपा की सरकार लाने की जरूरत है।

# गुजरात तट की नौसेना और एनसीबी ने पकड़ा 3,300 किलो ड्रग

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारतीय नौसेना, गुजरात आतंकवाद रोधी दस्ते और स्वापक नियंत्रण ब्यूरो ने एक संयुक्त अभियान में गुजरात तट के पास अरब सागर में एक नौका से 3,300 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया और इस संबंध में पांच विदेशियों को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों का कहना है कि अब तक की किसी भी कार्रवाई में जब्त किये गये मादक पदार्थ की यह सबसे बड़ी खेप है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इस संयुक्त कार्यवाई को ऐतिहासिक सफलता और देश को मादक पदार्थ मुक्त बनाने की दिशा में केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया है। अधिकारियों ने बताया कि जब्त किये गये मादक पदार्थों में 3,089 किलोग्राम चरस, 158 किलोग्राम



'मेथामेफटामाइन' और 25 किलोग्राम 'मॉर्फिन' शामिल हैं।नौसेना ने सोशल मीडिया मंच पर पोस्ट में कहा,किसी भी कार्रवाई में जब्त किए गये मादक की पदार्थ की यह अब तक की सबसे बड़ी खेप है।

एनसीबी के साथ मिलकर भारतीय नौसेना के मिशन के तहत तैनात निगरानी तंत्र के सम्मलित प्रयासों से यह संभव हुआ। दिल्ली में एनसीबी ने कहा कि एजेंसियों के संयुक्त दल ने एक और अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया और देश में अब तक की सबसे अधिक विदेशी जब्ती (मात्रा के लिहाज से) की। नौका से गिरफ्तार किए गए पांचों लोगों के या तो ईरानी या पाकिस्तानी नागरिक होने का संदेह है। एनसीबी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उनके पास से नागरिकता का कोई दस्तावेज बरामद नहीं हुआ है। अधिकारी ने प्रतिबंधित सामग्री की कीमत नहीं बताई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में एक किलो चरस की कीमत सात करोड़ रुपये है। गुजरात आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि राज्य तट के पास समुद्र में अभियान के दौरान एक नौका से बड़ी मात्रा में चरस (हशीश) सहित कई तरह के मादक पदार्थ जब्त किये गये।

# अखिलेश यादव जहां से लड़ेंगे चुनाव उनके खिलाफ वहीं से लड़ेंगे : सांसद निरहुआ



**एजेंसी**

**आजमगढ़ :** जिले में एक निजी कार्यक्रम में बुधवार को पहुंचे भाजपा सांसद दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' ने एक बार फिर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि अगर अखिलेश यादव आजमगढ़ से चुनाव नहीं लड़े तो वे जहां से चुनाव लड़ेंगे मैं वहीं से उनके खिलाफ चुनाव लड़ूंगा। नगर के रोडवेज स्थित एक निजी पैथोलॉजी सेंटर का उद्घाटन करने के बाद भाजपा सांसद दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' ने कहा कि आजमगढ़ जिले में एक साल में जितना काम हुआ है, उतना कार्य बीते सरकारों के जनप्रतिनिधियों ने कभी नहीं किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में देश में जितना कार्य हुआ है, उसको देखते हुए जो हमारा आजमगढ़ है अब वो यह तय कर चुका है कि वह सरकार के साथ ही अब रहने वाला है। इस बार भी आजमगढ़ में भाजपा जीतेगी। सांसद निरहुआ ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में एक बार फिर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनने जा रहे हैं और आजमगढ़ जनता सरकार के साथ रहेगी। आजमगढ़ एयरपोर्ट का जल्द ही उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों होगा। समाजवादी पार्टी के विधायकों द्वारा पाला बदलने को लेकर सांसद ने कहा कि यह सारी लड़ाई विचारधारा की है। हमें लगता है कि सपा में जो भी लोग काम कर रहे थे, वह एक चीज महसूस कर रहे थे कि अगर इस पार्टी में रहना तो राम मंदिर के खिलाफ बोलना पड़ेगा। राम के खिलाफ, वैक्सीन के खिलाफ, यहां तक देश की उपलब्धियों के खिलाफ भी बोलना होगा। उनका मनाना है कि प्रधानमंत्री मोदी का विरोध करते-करते देश का विरोध करना सपा के मेनिफेस्टो में हो चुका है, जो लोग भी यह चीज समझ रहे हैं वह लोग पार्टी को छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो भी लोग देश को, जनता को मजबूत बनाना चाहते हैं इसलिए वे लोग भाजपा के साथ रहेंगे। वे सपा में नहीं रह पाएंगे क्योंकि जिस पार्टी में रहने के बाद अपने ही धर्म और भगवान का विरोध उन्हें करना पड़ेगा।

## उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया में महाअभियान 29 को

**रांची :** राज्य में संचालित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में नामांकन के लिए तीन मार्च से 10 मार्च तक आवेदन जमा किया जायेगा। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में बच्चों के नामांकन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 29 फरवरी को प्रदेश स्तर पर #AdmissionToSOE हैशटैग के साथ सोशल मीडिया महाअभियान चलाया जायेगा। इस महाअभियान को सफल बनाने के लिए गुरुवार को सुबह 11 बजे से 12 बजे तक सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म (फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स (पूर्व में ट्विटर), कू आदि) का इस्तेमाल कर हैशटैग #AdmissionToSOE और @JepcJharkhand को टैग व रीट्वीट किया जायेगा। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए अभिभावक ऑनलाइन भी आवेदन कर सकते हैं।

# हिमाचल प्रदेश : सियासी खींचतान के बीच सुक्खू सरकार का बजट ध्वनिमत से हुआ पास

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** हिमाचल प्रदेश में सियासी खींचतान के बीच सुक्खू सरकार ने बजट पास कराकर विश्वास मत हासिल कर लिया. इसके बाद हिमाचल प्रदेश विधानसभा अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई है. जब बजट पास हुआ, तक सदन में विपक्षी दल बीजेपी के सभी विधायक गैर हाजिर रहे. बीजेपी के 15 विधायकों को निष्कासित किया गया है, जिसके बाद 10 विधायकों ने सदन से वॉकआउट कर दिया था.इस बीच कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने हिमाचल प्रदेश सरकार पर आए संकट के बीच बुधवार को हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा और कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को पार्टी विधायकों से बात करके समाधान निकालने के लिए शिमला भेजा है. हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा की एक सीट पर हुए मतदान में कांग्रेस के छह विधायकों द्वारा क्रॉस वोटिंग किये जाने



के बाद भाजपा ने सीट पर जीत हासिल की थी और उसके बाद से राज्य में राजनीतिक संकट पैदा हो गया है. कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने बुधवार को आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी लोगों के अधिकार को कुचलना चाहती है और बहुमत को चुनौती दे रही है.उन्होंने दावा किया कि भाजपा हिमाचल प्रदेश को राजनीतिक आपदा में धकेलना चाहती है. प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया,लोकतंत्र में आम जनता को अपनी पसंद की सरकार चुनने का अधिकार है. हिमाचल की जनता ने अपने इसी अधिकार का इस्तेमाल किया और स्पष्ट बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनाई.

लेकिन भाजपा धनबल, एजेंसियों की ताकत और केंद्र की सत्ता का दुरुपयोग करके हिमाचल वासियों के इस अधिकार को कुचलना चाहती है.हिमाचल में विधानसभा की 68 सीटों में से कांग्रेस के पास 40 और भाजपा के पास 25 सीटें हैं. बाकी तीन सीट पर निर्दलीयों का कब्जा है. इस बीच हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को कहा कि उन्होंने पद से इस्तीफा नहीं दिया है. 15 विधायकों के निष्कासित होने के बाद सदन की संख्या 53 रह गई है और बहुमत का आंकड़ा 27 रह गया है. ऐसे में कांग्रेस को विश्वास मत को आसानी से पारित कर लेना चाहिए, क्योंकि उसके पास अभी भी 34 विधायक(क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों को छोड़कर) हैं.